kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

❒ वर्ष-14 ❒ अंक-351 ❒ रविवार, 25 जनवरी 2026 ❒ नगर संस्करण ❒ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❒ मूल्य- ₹ 3.00 ❒ पृष्ठ-12



बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर जी को उनकी जयंती पर सादर नमन। समाज के शोषित, वंचित और कमजोर वर्गों का उत्थान हमेशा उनकी राजनीति के केंद्र में रहा। नरेन्द्र मोदी

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष चार दिन की यात्रा पर आईं 11
पंजाबः फतेहगढ़ साहिब के पास रेलवे ट्रैक पर धमाका 12

## संक्षेप

### आईएएस कृष्णा करुणेश को नोएडा अथॉरिटी का नया सीईओ बनाया गया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नोएडा अथॉरिटी के नए मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का अतिरिक्त प्रभार आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को सौंपा गया है। 2011 बैच के आईएएस अधिकारी करुणेश इस समय अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (एसीईओ) के पद पर कार्यरत हैं। नोएडा के सेक्टर 150 में सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवराज मेहता की हादसे में हुई मौत के बाद पूरे शहर में सड़क सुरक्षा और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर सवाल उठ रहे थे। शासन ने मामले में नोएडा अथॉरिटी के सीईओ लोकेश एम को हटाते हुए जांच के लिए एसआईटी गठित की थी। अब शासन ने शनिवार को नोएडा अथॉरिटी के सीईओ के खाली चल रहे पद पर आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश को नियुक्त किया है। उल्लेखनीय है कि मूलरुप से बिहार के निवासी आईएएस अधिकारी कृष्णा करुणेश गोरखपुर के जिलाधिकारी के अलावा गाजियाबाद के सीडीओ और हापुड़ व बलरामपुर जिले में भी जिलाधिकारी रह चुके हैं।

### यूपी रेरा ने आवंटियों को वापस दिलाए 2040 करोड़

**लखनऊ।** यूपी रेरा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। रेरा की प्रभावी कार्रवाई और आपसी सुलह की नीति के चलते अब तक 11,300 मामलों में कुल ?5,920 करोड़ मूल्य की संपत्तियों से जुड़े विवादों का समाधान किया गया है। इसमें से ?2,040 करोड़ की राशि सीधे आवंटियों को भुगतान कराई जा चुकी है। यूपी रेरा ने प्रमोटरों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए रिकवरी सर्टिफिकेट के माध्यम से आवंटियों का पैसा वापस दिलाया है। रेरा की ओर से जारी 6,018 आरसी के माध्यम से 1,505 करोड़ की धनराशि जिला प्रशासन के सहयोग से वसूल की गई और सीधे आवंटियों के खातों में भेजी गई। 1,734 मामलों में आरसी जारी होने के बाद प्रमोटरों ने डर से या आपसी सहमति से 535 करोड़ का भुगतान किया। कुल 7,752 मामलों में आवंटियों को 2,040 करोड़ की नगदी वापस मिली है। यूपी रेरा के अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने कहा, कि हमारा मुख्य उद्देश्य होम बायर्स को समयबद्ध न्याय दिलाना है। हमने जहां जरूरत पड़ी वहां सख्त कानूनी दृष्टिकोण अपनाते हुए रिकवरी कराई। जहां संभावना थी वहां आपसी समझौते को बढ़ावा दिया ताकि आवंटियों को लंबी कानूनी प्रक्रिया और मानसिक परेशानी से बचाया जा सके। कन्सिलिएशन फोरम (सुलह मंच) यह रेरा का एक प्रभावी मंच है जहां निष्पक्ष कन्सिलिएटर की मौजूदगी में दोनों पक्ष बात करते हैं।

### धर्म में राजनीति का बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं: मायावती

**लखनऊ।** माघ मेला में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की ओर इशारा करते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने कहा कि धर्म,पर्व आदि में राजनीतिक लोगों को बढ़ता हस्तक्षेप सही नहीं है और इसे लेकर आमजन में दुख और चिंता लाजिमी है।

## बंगलादेश टी-20 विश्वकप से बाहर, उनकी जगह खेलेगा स्कॉटलैंड : आईसीसी

एजेंसी

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शनिवार को बंगलादेश के अड़ियल रवैये पर सख्त रुख अख्तियार करते हुए सात फरवरी से भारत और श्रीलंका की मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप में उसकी जगह स्कॉटलैंड को ग्रुप सी में शामिल करने की आधिकारिक घोषणा कर दी।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के मुख्य कार्यकारी संजोग गुप्ता ने बोर्ड को औपचारिक रूप से पत्र लिखा कि बंगलादेश की मांगें बोर्ड की पॉलिसी के हिसाब से नहीं है। बोर्ड के सभी सदस्यों को लिखे गए इस पत्र में गुप्ता ने बताया कि बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) आईसीसी बोर्ड के फैसले का पालन नहीं कर रहा था और इस बड़े इवेंट के लिए बंगलादेश की जगह किसी दूसरे देश, इस मामले में स्कॉटलैंड को बुलाने के अलावा कोई और रास्ता नहीं था। इस पत्र की कॉपी बीसीबी के अध्यक्ष अमीनुल इस्लाम को भी भेजी गई है, जो आईसीसी बोर्ड के सदस्य हैं। उन्होंने क्रिकेट स्कॉटलैंड को भी लिखा और उन्हें भारत और श्रीलंका में होने वाली चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए औपचारिक न्योता भेजा। क्रिकबज ने क्रिकेट स्कॉटलैंड की मुख्य कार्यकारी ट्रुडी लिंडब्लेड से संपर्क किया। उनकी ओर से कोई तुरंत जवाब नहीं मिला, लेकिन वेबसाइट को पता चला है कि शनिवार सुबह दुबई और एडिनबर्ग के बीच हॉटलाइन शुरू हो गई थीं। क्रिकेट की वर्ल्ड गवर्निंग बॉडी ने बंगलादेश को भारत में खेलने के ● शेष पेज 11 पर

## नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



❒ कभी मायावती के भरोसेमंद, फिर कांग्रेस का बड़ा चेहरा

❒ अब चंद्रशेखर आज़ाद की पार्टी में जाने की अटकलें तेज

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राजनीति में विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में लंबे समय तक अहम भूमिका निभाने वाले और बाद में कांग्रेस में शामिल हुए वरिष्ठ नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी ने अब कांग्रेस से भी इस्तीफा दे दिया है। उनके इस फैसले ने प्रदेश की सियासत में नई चर्चाओं को जन्म दे दिया है और विपक्षी दलों की रणनीतियों पर भी असर पड़ने की संभावना जताई जा रही है।

नसीमुद्दीन सिद्दीकी को कभी बसपा सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री मायावती का बेहद करीबी माना जाता था। बसपा सरकारों के दौरान संगठन और सरकार दोनों में उनकी मजबूत पकड़ थी। मुस्लिम समाज में प्रभाव रखने वाले नेताओं में उनकी गिनती होती रही है। बसपा से अलग होने के बाद कांग्रेस ने उन्हें बड़े राजनीतिक चेहरे के रूप में पेश किया था। उस समय पार्टी को उम्मीद थी कि सिद्दीकी के आने से न सिर्फ मुस्लिम वोट बैंक में मजबूती मिलेगी, बल्कि संगठनात्मक स्तर पर भी ऊर्ज़ा आएगी।

हालांकि, समय बीतने के साथ कांग्रेस में उनकी सक्रियता और प्रभाव को लेकर सवाल उठते रहे। अब उनके इस्तीफ़े ने यह संकेत दिया है कि कांग्रेस के साथ उनका राजनीतिक सफर लंबा नहीं चल पाया। सिद्दीकी ने अपने फैसले को व्यक्तिगत कारणों से जुड़ा बताया है, लेकिन राजनीतिक गलियारों में इसे सिर्फ निजी निर्णय मानने को लेकर संदेह भी जताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, नसीमुद्दीन सिद्दीकी की नज़दीकियां चंद्रशेखर आज़ाद 'रावण' से बढ़ी हैं और चर्चा है कि वे उनकी पार्टी आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) में शामिल हो सकते हैं। हालांकि इस ● शेष पेज 11 पर

### यूपी दिवस समारोह में केंद्रीय गृहमंत्री ने फूंका चुनावी बिगुल

## 2027 में फिर कमल खिलाएं: शाह

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



❒ देश में मोदी और प्रदेश में योगी ने दिया विकास का सर्वश्रेष्ठ मॉडल

❒ सरदार बल्लभ बाई पटेल औद्योगिक क्षेत्र योजना व ओडीओसी का किया शुभारंभ

लखनऊ। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शनिवार को यूपी में चुनावी बिगुल फूंक दिया। उन्होंने कहा कि 2014 से उत्तर प्रदेश ने लगातार भाजपा का साथ दिया है। अगला साल चुनावी वर्ष है। उन्होंने विपक्षी दलों को घेरते हुए कहा कि परिवारवादी पार्टियां सपा, कांग्रेस और बसपा प्रदेश का कल्याण नहीं कर सकतीं। यह काम केवल भाजपा ही कर सकती है। उन्होंने आह्वान किया कि प्रदेश के विकास के लिए 2027 में फिर एक बार यूपी में पूर्ण बहुमत के साथ भाजपा सरकार बनाएं।

केंद्रीय गृहमंत्री ने शनिवार को लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर यूपी दिवस समारोह में कहा कि ऊपर नरेंद्र मोदी और नीचे योगी आदित्यनाथ ने विकास का सर्वश्रेष्ठ मॉडल प्रस्तुत किया है। प्रधानमंत्री ने प्रदेश में सड़कों का जाल बिछाया। यहां के डिफेंस कॉरीडोर में ब्रह्मोस मिसाइल बनीं। वहीं योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश भ्रष्टाचार मुक्त हुआ है। गरीब के लिए योजनाएं आईं। गांवों में भी 20-22 घंटे बिजली दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में यूपी का हर मतदाता जाति-पंथ से ऊपर उठकर, वंशवादी दलों को नकारकर प्रदेश में भाजपा का कमल खिलाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अमित शाह ने विभिन्न क्षेत्रों में लीक से हटकर काम करके वाली पांच शख्सियतों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित किया। इनमें विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला, फिजिक्सवाला के फाउंडर अलख पांडेय, कृषि वैज्ञानिक ● शेष पेज 11 पर

### यूपी ने सदैव अपने सामर्थ्य से देश को दी नई दिशाः मोदी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश पढ़ा। पीएम ने लिखा कि मैं काशी का सांसद हूं और यूपी के लोगों ने मुझे चुनकर भेजा है। ऐसे में उत्तर प्रदेश से मेरा खास रिश्ता है। उन्होंने ● शेष पेज 11 पर

### यूपी की ताकत बनेगा ओडीओसीः मुख्यमंत्री

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना यूपी की ताकत बनेगी। स्थानीय व्यंजनों को इससे वैश्विक पहचान मिलेगी। मुख्यमंत्री ने यह बातें शनिवार को राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर इसके शुभारंभ पर कहीं। उन्होंने इससे पहले केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी प्रदेशवासियों को उत्तर प्रदेश दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री का संदेश पढ़कर सुनाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गृह एवं सहकारिता मंत्री के कर कमलों से एक जनपद-एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना लागू की गई है। इससे 75 जिलों की 75 प्रकार की भोजन सामग्री अब यूपी की नई ताकत बनेगी। अच्छा हाईजीन युक्त भोजन, खाद्य सामग्री, श्रीअन्न से बनी सामग्री लोगों को प्राप्त होंगे। स्थानीय उत्पादों को जियो टैग कर सकें और फिर उसे वैश्विक पहचान दिला सकें। उसकी पैकेजिंग, ब्रांडिंग, डिजाइनिंग करने के साथ देश व वैश्विक मांग के अनुरूप उस प्रोडक्ट का एक्सपोर्ट कर सकें, यह अवसर यूपी में अब हर व्यंजन के लिए प्राप्त होगा। आत्मनिर्भर भारत में 'ओडीओपी' का योगदान मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्र प्रेरणा स्थल के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों और हर राज्य में यूपी दिवस का आयोजन हो रहा है। देश, प्रदेश व ● शेष पेज 11 पर

## उच्च न्यायालय 'प्राथमिक प्रहरी' : सीजेआई

एजेंसी

❒ उन्हें कानून के शासन में अधिक सक्रिय होना चाहिए



मुंबई। भारत के प्रधान न्यायाधीश मणिरत्ना सूर्यकांत ने शनिवार को कहा कि उच्च न्यायालयों को कानून के शासन में व्यवस्थागत विफलताओं के खिलाफ अधिक सतर्क और सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायपालिका की सबसे बड़ी प्राथमिकता संविधान और क़ानून के शासन को सुनिश्चित करना है, और उच्च न्यायालय इसी व्यवस्था के प्राथमिक प्रहरी हैं।

सीजेआई सूर्यकांत ने न्याय में देरी पर चिंता जताते हुए कहा कि देरी केवल न्याय से इनकार नहीं, बल्कि न्याय का विनाश है। उन्होंने कहा कि समय पर न्याय दिलाना न केवल संवैधानिक कर्तव्य है, बल्कि नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिये सर्वोपरि आवश्यकता है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्च न्यायालयों को सिर्फ अपील सुनने वाले संस्थानों के रूप में नहीं, बल्कि न्याय व्यवस्था में व्यवस्थागत समस्याओं को पहचानने एवं सुधारात्मक कदम उठाने वाले सक्रिय प्रहरी के रूप में काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह अदालतों की जिम्मेदारी है कि वे सार्वजनिक नीतियों और प्रशासनिक निर्णयों की समीक्षा करते समय भी कानून के शासन के मूल सिद्धांतों की रक्षा सुनिश्चित करें। सूर्यकांत ने मध्यस्थता और सुलह तंत्र को भी मजबूत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में तेजी लाने और मामलों का समय पर निपटान सुनिश्चित करने के लिये मध्यस्थता और सुलह के वैकल्पिक तंत्र को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता है। इससे न केवल न्यायालयों पर बोझ कम होगा, बल्कि पक्षकारों को भी शीघ्र और ● शेष पेज 11 पर

## कनाडा को खा जायेगा चीन : ट्रंप

एजेंसी



वॉशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ग्रीनलैंड पर 'गोल्डन डोम' बनाने का प्रस्ताव ठुकराने के लिये कनाडा की आलोचना करते हुए कहा है कि चीन उनके देश को 'खा सकता' है। श्री ट्रंप ने शनिवार को ट्रुथ सोशल पर साझा किये गये एक पोस्ट में कहा, ''कनाडा ग्रीनलैंड पर गोल्डन डोम बनाने का विरोध कर रहा है, हालांकि यह कनाडा की रक्षा करेगा। इसके बजाय, उन्होंने चीन के साथ व्यापार करने का फैसला किया है जो उन्हें पहले ही साल में खा जायेगा। श्री ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है जब अमेरिका और कनाडा के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) में अपने भाषण में कहा था कि 'नियम-आधारित व्यवस्था' लुप्त होती जा रही है। उन्होंने यहां चीन के साथ सात अरब डॉलर के एक व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किये थे, जिसमें चीन की इलेक्ट्रिक गाड़ियों पर टैरिफ हटाना भी शामिल था। इस बीच, श्री ट्रंप ने दावोस में अपने भाषण के दौरान कहा था, कनाडा अमेरिका की वजह से ज़िंदा है। यह याद रखना, मार्क, अगली बार जब तुम बयान ● शेष पेज 11 पर

## युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त रहना जरूरी: राजनाथ

एजेंसी





नयी दिल्ली। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि अनिश्चितता के दौर से गुजर रही दुनिया में देश के युवाओं का शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त रहना तथा हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने युवाओं से ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देशभर में आयोजित मॉक ड्रिल्स में जन-जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले साहसी और समर्पित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेटों से प्रेरणा लेने का भी आह्वान किया।

श्री सिंह ने शनिवार को यहां दिल्ली छावनी में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर में कैडेटों को संबोधित करते हुए एनसीसी को देश की 'दूसरी रक्षा पंक्ति' बताया, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अपनी भूमिका असाधारण रूप से निभाई जब पूरा देश इस अभियान के दौरान अपनी सशस्त्र सेनाओं के साथ खड़ा था। उन्होंने कहा, ''भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकवादियों के ठिकानों को नष्ट किया, जो पहलगाम में हुए दुर्भाग्यपूर्ण और कायराना आतंकी हमले का करारा जवाब था। हमारे सैनिकों ने साहस और संयम के साथ कार्रवाई की। हमने केवल उन्हीं को निशाना बनाया जिन्होंने हमें चोट पहुंचाई, किसी और को नहीं। यह इसलिए संभव हो पाया क्योंकि हमारे सैनिक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से मजबूत हैं। रक्षा मंत्री ने युवाओं की तुलना महाभारत के अभिमन्यु से की जो किसी भी प्रकार के चक्रव्यूह में प्रवेश करना और उससे विजयी होकर बाहर निकलना जानते हैं। उन्होंने युवाओं से सरकार के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, ''हम ऐसे समय में प्रवेश कर चुके हैं जहां युवाओं से अपेक्षाएं बढ़ गई हैं। वे राष्ट्र की अमूल्य संपत्ति हैं और देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। श्री सिंह ने एनसीसी को युवाओं को सशक्त बनाने का एक उत्कृष्ट माध्यम बताया जो बदले में राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान देते हैं। उन्होंने कहा, ''आज की दुनिया आराम बेच रही है। वीडियो गेम, फूड डिलीवरी और इस तरह की कई चीजें मानव जीवन में सुविधा लाने के लिए हैं। परेड, ड्रिल और शिविरों के माध्यम से एनसीसी आपको उस आरामदायक दायरे से बाहर निकालती है और मानसिक रूप से मजबूत बनाती ● शेष पेज 11 पर

### मोदी ने रोजगार मेले में 61,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किये

## युवाशक्ति के लिए निरंतर प्रयास कर रही है सरकार: मोदी

एजेंसी



नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को दुनिया के सबसे युवा देशों में से एक बताते हुए कहा है कि सरकार देश की युवाशक्ति के लिए देश-दुनिया में नए-नए अवसर पैदा करने की दिशा में निरंतर प्रयास कर रही है। श्री मोदी ने शनिवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से 18वें रोजगार मेले को संबोधित किया और 61 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र सौंपे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत लोगों के जीवन में नई खुशियां लेकर आई और साथ ही नागरिकों को उनके संवैधानिक कर्तव्यों से भी जोड़ा है। उन्होंने 23 जनवरी को पराक्रम दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का उल्लेख करते हुए कहा कि आज का दिन इसलिए भी विशेष है क्योंकि इसी दिन संविधान ने 'जन गण मन' को राष्ट्रगान और 'वंदे मातरम' को राष्ट्रगीत के रूप में अपनाया था। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण दिन पर 61 हजार से अधिक युवा सरकारी सेवाओं के लिए नियुक्ति पत्र प्राप्त कर जीवन का नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।

श्री मोदी ने इन नियुक्ति पत्रों को राष्ट्र निर्माण का निमंत्रण और विकसित भारत के निर्माण में तेजी लाने का संकल्प बताया। उन्होंने कहा कि अनेक युवा राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करेंगे, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को सशक्त बनाएंगे, वित्तीय सेवाओं और ऊर्ज़ा सुरक्षा को सुदृढ़ करेंगे और सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना और उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर प्रदान करना सरकार की प्राथमिकता रही है। उन्होंने कहा कि सरकारी भर्तियों को मिशन मोड में लाने के लिए रोजगार मेला शुरू किया गया था, जो वर्षों से एक संस्था बन चुका है। इस पहल के माध्यम से लाखों युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति पत्र प्राप्त हुए हैं। श्री मोदी ने कहा, ''भारत आज विश्व के सबसे युवा देशों में से एक है, और सरकार घरेलू और वैश्विक स्तर पर युवाओं के लिए नए अवसर पैदा करने के लिए लगातार प्रयासरत है।'' उन्होंने बताया कि सरकार कई देशों के साथ व्यापार और आवागमन संबंधी समझौते कर रही है, जिससे युवा भारतीयों के लिए अनगिनत नए अवसर खुल रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल के समय में भारत ने आधुनिक अवसंरचना में अभूतपूर्व निवेश किया है, जिससे निर्माण संबंधी क्षेत्रों में रोजगार में वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि भारत का स्टार्टअप इकोसिस्टम तेजी से विस्तार कर रहा है, जिसमें लगभग दो लाख पंजीकृत स्टार्टअप इक्कीस लाख से अधिक युवाओं को रोजगार दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया ने एक नई अर्थव्यवस्था को जन्म दिया है और भारत एनिमेशन, डिजिटल मीडिया तथा कई अन्य क्षेत्रों में वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की रचनात्मक अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है, जिससे युवाओं को नए अवसर मिल रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि भारत पर बढ़ता वैश्विक विश्वास युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसने एक दशक में अपनी जीडीपी दोगुनी कर ली है और आज सौ से अधिक देश प्रत्यक्ष विदेशी निवेश के माध्यम से भारत में निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले के दशक की तुलना में भारत को ढाई गुना से अधिक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त हुआ है और अधिक विदेशी निवेश का अर्थ है भारत के युवाओं के लिए अधिक रोजगार के अवसर। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत एक प्रमुख विनिर्माण ● शेष पेज 11 पर



# विकसित भारत, जी राम जी कानून पर आधारित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का अनुप्रिया पटेल ने किया उद्घाटन

❒ सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



प्रयागराज। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने मेजा तहसील स्थित पंडित कृपाशंकर तिवारी महाविद्यालय में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। यह प्रदर्शनी 'विकसित भारत-जी राम जी कानून', 'सेवा, सुशासन एवं समृद्धि' तथा 'गणतंत्र/संविधान' विषयों पर आधारित है।इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार ने मनरेगा में व्याप्त कमियों और भ्रष्टाचार को दूर करने के उद्देश्य से 'विकसित भारत जी राम जी कानून' लागू किया है, जिसके अंतर्गत 100 दिनों के स्थान पर 125 दिनों के रोजगार की गारंटी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि यह कानून पारदर्शिता, जनभागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में वास्तविक विकास को सुनिश्चित करता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार पिछले साढ़े ग्यारह वर्षों से सेवा, सुशासन और समृद्धि के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और वर्ष 2030 तक 7.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य निर्धारित है। उन्होंने सड़क, रेलवे, मेट्रो, एयरपोर्ट और ग्रामीण बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में हुए अभूतपूर्व विकास का उल्लेख किया।स्वास्थ्य क्षेत्र पर बोलते हुए केंद्रीय मंत्री ने आयुष्मान भारत योजना और प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों को ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से गरीब और जरूरतमंद लोगों को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, भारतीय स्वतंत्रता संग्राम तथा संविधान के निर्माण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करेगी। उन्होंने स्थानीय लोगों से बड़ी संख्या में प्रदर्शनी देखने की अपील की।यह प्रदर्शनी 24 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक चलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, छात्र-छात्राएं तथा प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण के लिये दीर्घकालीन प्रशिक्षण सत्र का आयोजन

प्रयागराज। मधुमक्खी पालन अनुपूरक कृषि उद्यम के रूप में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। मधुमक्खियों द्वारा शहद उत्पादन के साथ-साथ फसलों में पर-परागण की प्रक्रिया से पौधों की जीवंतता एवं उत्पादन क्षमता में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। वर्तमान समय में कृषि के साथ ऐसे अनुपूरक उद्यम अपनाने की आवश्यकता है, जिनमें भूमि की अधिक आवश्यकता न हो। इसी उद्देश्य से उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा वैज्ञानिक पद्धति से मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण केन्द्र, प्रयागराज में दीर्घकालीन प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है।उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत तीन माह (45 दिवसीय) का प्रशिक्षण सत्र दिनांक 01 फरवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक राजकीय मौन पालन प्रशिक्षण केन्द्र, कम्पनीबाग, प्रयागराज में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क होगा। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने वाले प्रशिक्षार्थियों को रहने एवं भोजन की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुरुष एवं महिलाएं दोनों भाग ले सकते हैं। आवेदन के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इच्छुक अभ्यर्थी अधीक्षक, राजकीय उद्यान कार्यालय से संपर्क कर निर्धारित प्रारूप पर 01 फरवरी 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

# दिव्यांगजन अधिकार, संवाद और अवसरों पर केंद्रित द्विदिवसीय कार्यशाला का समापन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज। नेहरू ग्राम भारती (मानित विश्वविद्यालय), जमुनीपुर, प्रयागराज के विशेष शिक्षा संकाय द्वारा दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के प्रायोजन में आयोजित द्विदिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का गरिमामय समापन हुआ।

कार्यशाला के दूसरे एवं अंतिम दिन दिव्यांगजनों के विधिक अधिकार, सामाजिक न्याय, सरकारी योजनाओं, रोजगार, कौशल विकास एवं समग्र सशक्तिकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन एवं सार्थक विमर्श किया गया। समापन सत्र का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों, आरक्षण व्यवस्था एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की व्यावहारिक जानकारी प्रदान करना रहा। साथ ही चिकित्सीय, शैक्षणिक, विधिक, प्रशासनिक एवं सामाजिक विशेषज्ञों के मध्य संवाद को सुदृढ़ कर समाज में समावेशी दृष्टिकोण को मजबूत आधार देना भी इस कार्यशाला की प्रमुख उपलब्धि रही। कार्यशाला में दिव्यांगजन हेतु रोजगार, स्वरोजगार एवं कौशल विकास के अवसरों पर विशेष बल दिया गया।कुलसचिव श्याम सुंदर मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ. निहार रंजन मिश्रा ने दिव्यांगता की समझ, प्रकार, कारण एवं शीघ्र पहचान पर प्रकाश डाला। डॉ. स्वप्निल त्रिपाठी ने विधिक सहायता एवं शिकायत निवारण प्रणाली की जानकारी दी। राकेश कुमार ने मानसिक स्वास्थ्य एवं परामर्श की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. वंदना मिश्रा ने किया।समापन सत्र के मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) हिमांशु शेखर झा, राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, उत्तर प्रदेश ने दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. रोहित रमेश ने इसे राष्ट्रीय शिक्षा नीतिऽ2020 के अनुरूप एक सार्थक पहल बताया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. दीपक त्रिपाठी ने किया।

## प्रयागराज में धरने पर बैठे फर्जी शंकराचार्य की बढ़ती आलोचना, प्रशासन को मिल रहा जनसमर्थन

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** जिले में धरना दे रहे कथित फर्जी शंकराचार्य को लेकर लगातार विवाद गहराता जा रहा है। आम जनमानस के बीच उनकी छवि को गंभीर नुकसान पहुंचा है और चारों ओर उनकी तीखी आलोचना हो रही है। लोगों का कहना है कि धार्मिक पद की मर्यादा को ठेस पहुंचाने वाले ऐसे व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सोशल मीडिया से लेकर सार्वजनिक चर्चाओं तक, नागरिक खुलकर अपनी नाराजगी व्यक्त कर रहे हैं। वहीं, प्रयागराज प्रशासन द्वारा की गई कार्रवाई को जनता का व्यापक समर्थन मिल रहा है। लोगों का मानना है कि प्रशासन ने कानून व्यवस्था और सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए सही और समय पर कदम उठाया है। इस पूरे मामले में जनता प्रशासन के साथ मजबूती से खड़ी नजर आ रही है।

## विध्यांचल रोहित क्रिकेट क्लब का आयोजन रहा शानदार



**कोरांव प्रयागराज , कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** ऊंचडीह टीम विजेता बनी, उपविजेता रही। मुख्य अतिथि मुकेश कोल, विशिष्ट अतिथि हृदय त्रिपाठी, दीपक मिश्रा, अवधेश मौर्य, शिव प्रकाश द्विवेदी, देवी शंकर मिश्र, चिरौंजी कोल, सतीश, सचिदानंद द्विवेदी, अवनीश पाठक जी ने समारोह में शिरकत की ।

## शंकरगढ़ में एसआईआर का संकटः अधिकारी नदारद, जनता बेहाल

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शंकरगढ़ ब्लॉक क्षेत्र में SIR (विशेष पहचान/सत्यापन) प्रक्रिया को लेकर हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। ब्लॉक कार्यालय और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रतिदिन सैकड़ों लोग अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंच रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी नदारद हैं। इससे आमजन में भारी आक्रोश और निराशा देखने को मिल रही है।स्थिति यह है कि खंड विकास अधिकारी और खंड शिक्षा अधिकारी दोनों की कुर्सियां खाली पड़ी हैं। लोग सुबह से लाइन लगाकर बैठे रहते हैं, लेकिन सुनवाई नहीं होती। कई बुजुर्ग महिलाएं और पुरुष घंटों धूप में खड़े रहने को मजबूर हैं। आरोप है कि कुछ कर्मचारी नोटिस लेकर इधर-उधर भागते नजर आते हैं, लेकिन किसी की समस्या का ठोस समाधान नहीं किया जा रहा।ब्लॉक के मीटिंग हाल में एक अधिकारी द्वारा सुनवाई की गई, लेकिन लोगों का कहना है कि उनका व्यवहार बेहद असंवेदनशील और अपमानजनक था। फरियादियों की बात न तो ध्यान से सुनी गई और न ही कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। इससे लोगों की परेशानी और बढ़ गई।स्थानीय लोगों का सवाल है कि क्या प्रशासन को शंकरगढ़ की जनता की पीड़ा दिखाई नहीं दे रही? क्या जिम्मेदार अधिकारियों को अपने दायित्वों का कोई एहसास नहीं है? जब इस संबंध में अधिकारियों से संपर्क करने का प्रयास किया गया तो किसी ने भी बात करने से परहेज किया।अब बड़ा सवाल यह है कि क्या शंकरगढ़ ब्लॉक के लोगों को SIR से जुड़ी समस्याओं से निजात मिलेगी या उन्हें यूं ही दफ्तरों के चक्कर काटने पड़ेंगे। जनता जवाब चाहती है और प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग कर रही है।

## नागपुर पुलिस लॉकअप में युवक की संदिग्ध मौत, शव पहुंचते ही गांव में फूटा आक्रोश

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता ।** उतरांव थाना क्षेत्र के मदारीपुर गांव निवासी नागेंद्र भारती (21) की महाराष्ट्र के नागपुर स्थित जरीपटका थाने के पुलिस लॉकअप में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। नागेंद्र के खिलाफ एक किशोरी के अपहरण का मुकदमा दर्ज था। बताया गया कि नागपुर पुलिस उसे गांव से पकड़कर अपने साथ ले गई थी।मौत के बाद पोस्टमार्टम के उपरांत जब रविवार सुबह नागेंद्र का शव गांव पहुंचा, तो परिजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सैकड़ों ग्रामीण शव को लेकर उतरांव थाने पहुंच गए और जमकर नारेबाजी व विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। देखते ही देखते प्रदर्शन उग्र हो गया।ग्रामीणों का आरोप है कि नागेंद्र की मौत सामान्य नहीं बल्कि संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है, जिसकी निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराई जानी चाहिए। प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग है कि इस मामले में किशोरी, उसके पिता और भाई के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तत्काल गिरफ्तारी की जाए।आक्रोश के दौरान कुछ समय के लिए प्रयागराज-फूलपुर-सैदाबाद मार्ग को भी जाम कर दिया गया, जिससे यातायात प्रभावित रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े रहे।ग्रामीणों के समर्थन में हंडिया विधानसभा क्षेत्र के सपा विधायक हाकिम लाल बिंद भी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। उनका कहना था कि जब तक मामले की निष्पक्ष जांच नहीं होती और दोषियों पर कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रित करने में जुटी है, वहीं पूरे इलाके में तनाव का माहौल बना हुआ है।

## सोलर लाइट ट्रैप अपनायें किसान भाई, अपनी फसलों को हानिकारक कीटों से बचायें

**रायबरेली, कैनविज टाइम्स संवादाता।** जिला कृषि रक्षा अधिकारी अखिलेश पांडे ने बताया है कि फसलों में लगने वाले विभिन्न प्रकार के हानिकारक कीटों से बचाव के लिये सोलर लाइट ट्रैप एक अत्यन्त उपयोगी विधा है। कृषि विभाग द्वारा जनपद को 1900 यूनिट सोलर लाइट ट्रैप कृषको को 75% अनुदान पर वितरित करने हेतु आपूर्ति की गयी है। सोलर लाइट ट्रैप की प्रति यूनिट कीमत रू0 635.00 है जिसमें से 75% की धनराशि रू0 432.00 डी0बी0टी0 के द्वारा कृषकों के बैंक खातें में अनुदान के रूप में वापस आयेगी। सोलर लाइट ट्रैप में एक खास प्रकार की लाइट होती है इसे दिन में सोलर प्लेट के जरिये चार्ज कर रात में खेतों में जलाया जाता हैं। इसे फसलों की ऊँचाई से 2 फिट ऊपर लगाया जाता है। लाइट ट्रैप के चेम्बर में तेल मिलाकर पानी भरा जाता है जिसमें कीडे रात में रोशनी से आकर्षित होकर चेम्बर में गिरकर मर जाते हैं। लाइट ट्रैप का प्रयोग सायं 07 बजे से रात 10 बजे तक किया जाता है। लाइट ट्रैप की नियमित सफाई करते रहना चाहिए ताकि अधिकतम परिणाम प्राप्त किया जा सकें। सोलर लाइट ट्रैप जनपद की विकास खण्ड स्थित कृषि रक्षा इकाइयों पर उपलब्ध है। कृषक भाइयों से अपील की जाती है कि इस योजना का जल्द से जल्द लाभ लें जिससे उनकी फसलों को हानिकारक कीटों से निजात मिल सके।

## मतदाता सूची में नाम जोड़ने का तीसरा चरण शुरू



**कोरांव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** एसआईआर को लेकर तीसरे चरण की सुनवाई चल रही है, जहां अनमैपिंग वाले मतदाताओं का मैपिंग किया जा रहा है। सुनवाई सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक। वन क्षेत्राधिकारी कार्यालय देवघाट में चली । सहायक निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह सुनवाई किये। बूथ संख्या 385 और 389 की सुनवाई की , जो 21 जनवरी से 3 फरवरी तक चलेगी। इस मौके पर उप क्षेत्रीय वन अधिकारी मथुरा यादव , मानवेन्द्र सिंह वन दरोगा जगपति कुशवाहा वन रक्षक ,और अन्य स्टाफ सहयोग किया इस सुनवाई में लगभग 80 लोगों की सुनवाई हुई ।

# महर्षि अंजनेश आश्रम के शिविर में हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

**कैनविज टाइम्स सवाददाता**




प्रयागराज । माघ मेला प्रयागराज में लगे महर्षि अंजनेश आश्रम के शिविर में महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद के नेतृत्व में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसकी जानकारी महर्षि अंजनेश आश्रम के मीडिया प्रभारी सह व्यवस्थापक एवं स्वामी विवेकानंद सेवा संघ के अध्यक्ष रजनीश कुमार वर्मा ने बताया कि इस भंडारे में भारी संख्या में साधु संत एवं भक्त शामिल हुए।भंडारे में शामिल मुख्य साधु संतों ने अपने आशीर्वाद वचन में कहा कि अब युवा सनातन के प्रति ज्यादा जागरूक हो रहे हैं ये बहुत खुशी की बात है,नए वर्ष में युवा वर्ग पिकनिक स्थल पर कम ,धार्मिक स्थल पर ज्यादा दिखें,इससे समझा जा सकता है कि युवा पीढ़ी धर्म और आस्था के प्रति जागरूक हो रहे हैं,इसमें थोड़ा और बल देने की आवश्यकता है।महामंडलेश्वर स्वामी रणजीतेशानंद ने अपने संबोधन में माघ मेला में सरकार के किए कार्यों की काफी सराहना किया,उन्होंने कहा कि इस बार माघ मेला में काफी साफ सफाई और प्रशासनिक व्यवस्था दुरुस्त देखने को मिला,जिसका परिणाम है कि इस बार कहीं भी कोई अप्रिय घटना सुनने को नहीं मिला,जो काफी सराहनीय है।इस भंडारा कार्यक्रम में शाक्त अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय सचिव अनंतानंद ,रूद्राणी मां,स्वामी संजयानंद , धनञ्जया नंद, स्वामी मुद्रिका ,सुरेशानंद ,महावीर दास, सीताराम दास,जगदीश दास,शिव लाल,बाबू लाल,गोपाल ,अनिल श्रीवास्तव प्रोपर्टी,मनोज कुमार श्रीवास्तव,अनुज सिंह,सुधीर कुमार श्रीवास्तव,अरुण कुमार नेता,सुजीत गोंड,सुदर्शन, सुधांशु,बिरसेन इत्यादि लोगों के साथ आश्रम के अनेकों संत एवं भक्त शामिल रहे।

# उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ। गुजरात के लोक भवन में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें उत्तर प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने प्रतिभाग किया। एक भारत -श्रेष्ठ भारत की भावना को साकार करते हुए इस आयोजन में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय का भी स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की सांस्कृतिक झलक और आपसी सौहार्द का सुंदर दृश्य देखने को मिला।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर विकास एवं ऊर्ज़ा मंत्री ए. के. शर्मा ने उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए प्रदेश की विकास यात्रा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज उत्तर प्रदेश सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की एक नई इबारत लिख रहा है। प्रदेश सरकार के सतत प्रयासों के परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज हर क्षेत्र में प्रगति के नए आयाम स्थापित कर रहा है।मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृति, पर्यटन, शिक्षा,ऊर्ज़ा, स्वास्थ्य, निवेश, उद्योग और सुशासन के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रहा है। राज्य में बेहतर बुनियादी ढांचे का विकास, निवेश के लिए अनुकूल वातावरण और पारदर्शी शासन व्यवस्था ने उत्तर प्रदेश को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा कर दिया है। आज उत्तर प्रदेश केवल राष्ट्रीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि वैश्विक मंच पर भी अपनी सशक्त पहचान बना रहा है।अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने प्रदेश सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि अपराध और गुंडागर्दी के खिलाफ सख्त कार्रवाई से प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत हुई है। स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और सुधार के माध्यम से आमजन को बेहतर सेवाएं मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि कभी ल्नबीमारू राज्यङ्क के रूप में पहचाने जाने वाले उत्तर प्रदेश ने आज उस छवि को पूरी तरह पीछे छोड़ दिया है।मंत्री श्री शर्मा ने अन्नदाता किसानों के कल्याण को सरकार की प्राथमिकता बताते हुए कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के संकल्प के साथ सरकार निरंतर कार्य कर रही है। यह परिवर्तन प्रदेश की जनता के सहयोग, विश्वास और सहभागिता से संभव हुआ है, जिसने शासन को नई ऊर्ज़ा और दिशा दी है। इस अवसर पर गुजरात के राज्यपाल श्री आचार्य देवव्रत जी ने भी उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं और प्रदेश की प्रगति की सराहना की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सहित असम, त्रिपुरा, मणिपुर और मेघालय के अनेक गणमान्य प्रतिनिधि, अधिकारी एवं आमजन उपस्थित रहे।

# प्रयागराज में 'विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत' थीम पर उत्तर प्रदेश दिवस-2026 का भव्य आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज । उत्तर प्रदेश दिवस-2026 के अवसर पर माघ मेला सेक्टर-3 स्थित गंगा पंडाल में ''विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत'' थीम पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री नंद गोपाल गुप्ता 'नंदी' ने मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा एवं मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह की उपस्थिति में दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई योजनाओं व उपलब्धियों की प्रदर्शनी का मंत्री जी ने अवलोकन किया। कार्यक्रम में लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं ने स्वागत गीत, लोकनृत्य व 'विकसित भारतम्' थीम पर आकर्षक प्रस्तुतियाँ दीं।मंत्री ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों, स्वयं सहायता समूहों, युवा उद्यमियों, दिव्यांग बच्चों एवं कला-संस्कृति क्षेत्र की विभूतियों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि 24 करोड़ प्रदेशवासियों की खुशहाली, तरक्की और समृद्धि डबल इंजन सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश तेजी से वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और कानून-व्यवस्था में प्रदेश रोल मॉडल बनकर उभरा है।कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया।

# सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में आयोजित भव्य रोजगार मेले में शामिल हुई केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

प्रयागराज । केंद्रीय राज्यमंत्री स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार अनुप्रिया पटेल शनिवार को ग्रुप केंद्र, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), फाफामऊ में आयोजित भव्य रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उनके कर-कमलों द्वारा चयनित नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मंत्री ने सभी चयनित अभ्यर्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। नियुक्ति पत्र प्राप्त करते समय अभ्यर्थियों एवं उनके परिजनों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला।इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी किया गया। मंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि प्रयागराज में आयोजित 18वें रोजगार मेले में सम्मिलित होकर उन्हें अत्यंत प्रसन्नता हुई। उन्होंने बताया कि नवनियुक्त अभ्यर्थी गृह, स्वास्थ्य, वित्तीय सेवा, उच्च शिक्षा सहित सीआरपीएफ, बीएसएफ, एसएसबी, आईटीबीपी और सीआईएसएफ जैसे केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में अपनी सेवाएं देंगे।उन्होंने कहा कि देशभर के 45 स्थानों पर आयोजित 18वें रोजगार मेले के माध्यम से प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल रूप से 61,000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। मंत्री ने कहा कि युवाओं को आत्मनिर्भर बनाना और उन्हें रोजगार उपलब्ध कराना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों से ईमानदारी, अनुशासन और राष्ट्र सेवा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों के निर्वहन का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि देश का युवा ही विकसित भारत अ2047 की सबसे बड़ी ताकत है।

# आस्था के माघ मेले में प्रवाहित हो रही धर्म अध्यात्म और राष्ट्रवाद की त्रिवेणी

❒ मेला क्षेत्र में आरएसएस का संकल्प बन रहा है मंच

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




प्रयागराज । प्रयागराज में संगम किनारे लगे माघ मेले में धर्म और अध्यात्म के साथ समाज और राष्ट्र को मजबूत करने के लिये अभियान चल रहा है, जो माघ मेले में सामाजिक और सांस्कृतिक समस्याओं के समाधान को मंच दे रहा है। मेला क्षेत्र के सेक्टर 1 में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की तरफ से लगाई विशेष प्रदर्शनी के माध्यम से संघ अपनी 100 साल की यात्रा को प्रदर्शित कर रहा है। संघ 27 सितंबर, 1925 को स्थापित आरएसएस 2025-26 को अपनी शताब्दी वर्ष के रूप में मना रहा है उसी संकल्प की एक झलक यहां बड़ी संख्या में आने वाली युवा पीढ़ी को मिल रही है।

**व्यक्ति से राष्ट्र निर्माण की यात्रा का साक्षी है मंच**

संगम के किनारे स्थापित यह प्रदर्शनी प्रतिदिन बड़ी संख्या में तीर्थयात्रियों और आगंतुकों को आकर्षित कर रही है। परेड ग्राउंड के चार हाल में फैली यह प्रदर्शनी लाइव प्रदर्शनों और क्यूरेटेड पैनलों के माध्यम से आरएसएस के विभिन्न चरणों को दर्शाती है, जो संगठन के विकास का एक दृश्यात्मक और संरचित विवरण प्रस्तुत करती है। प्रवेश द्वार पर भारत माता की एक सजी हुई प्रतिमा आगंतुकों का स्वागत करती है, जो प्रदर्शनी के लिए एक प्रतीकात्मक माहौल तैयार करती है। प्रत्येक हॉल में ऐसे पोस्टर और दृश्य का विवरण है जो पिछले एक शताब्दी में आरएसएस की विचारधारा, संगठनात्मक विकास और गतिविधियों का वर्णन करते हैं। प्रदर्शनी के योजना प्रभारी ( नगर कार्यवाह ,कल्याणी नगर दक्षिण भाग ) का कहना है कि व्यक्ति से राष्ट्र का निर्माण होता है और हम 1925 में संघ की स्थापना से व्यक्ति निर्माण के कार्य में लगे हुए हैं। व्यक्ति से समाज और समाज से राष्ट्र का निर्माण होता है इसलिए इसकी पहली इकाई व्यक्ति को ही पूरी समावेशिता के साथ निर्माण का प्रयास यहां कर रहे हैं। इस संकल्प के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले सभी 6 संघ के सर संघचालक का जीवन परिचय और उनकी उपलब्धियों को भी हमने इस प्रदर्शनी में चित्रों के माध्यम से दर्शाया है।

**संघ के उतार चढ़ाव और संकल्प का दर्पण है यह मंच**

इस मंच में संघ की संपूर्ण जीवन यात्रा को दर्शाया गया है । मंच प्रभारी सचित टंडन बताते हैं कि अपनी इस शतकीय यात्रा में संघ ने कई उतार चढ़ाव देखे। संघ गैर राजनीतिक संगठन है जिसने देश में अलग अलग समय आई प्राकृतिक आपदाओं के समय संघ ने समाज में लोगों की मदद की। वर्ष 1965 और 1971 के युद्ध में सहयोग देकर अपना कर्तव्य पूरा किया। वर्ष 1948, साल 1975 और 1992 में कांग्रेस सरकार ने संघ पर प्रतिबंध लगाया था जिसे बाद में हटा लिया गया। इसे भी इस प्रदर्शनी में दिखाया गया है। यहां संघ की परम्परा के साथ उनके उद्देश्यों को पंच परिवर्तन के रूप में दर्शाया गया है।

## सरकारी कार्यालयों के अधिकारियो/कर्मचारियों को दिलाई गई मतदाता शपथ

**रायबरेली।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सिद्धार्थ ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रत्येक वर्ष की 25 जनवरी को पूरे देश में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी 2026 को जनपद स्तर पर राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जायेगा।उन्होंने बताया कि 25 जनवरी 2026 को साप्ताहिक अवकाश है। साप्ताहिक अवकाश की स्थिति में संबंधित शासकीय कार्यालय बदं रहेंगे।

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु सिंगल पैकेट पद्धति से **ई–निविदा प्रणाली** द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **16.02.2026** को **15:00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस **निविदा के मैनुवल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें,** यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **निविदा फार्म का मूल्य जमा नहीं करना है** तथा निविदाकर्ता को धरोहर राशि का भुगतान केवल **IREPS** पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि द्वारा करेगा। **डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपॉजिट रसीद एवं एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| निविदा सूचना संख्या | 00112026 दिनांक 24.01.2026 | | |
| कार्य का नाम | वरि. मण्डल इंजीनियर–तृतीय/ उ.रे./ लख. के कार्य क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के ट्रैक रखाव का कार्य। | | |
| अनुमानित लागत | ₹ 5,98,69,666.11 | धरोहर राशि | ₹ 4,49,400.00 |
| कार्य की समापन अवधि | क्र.सं. 01 के लिए | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह (12) माह। | |
| निविदा डालने का प्रारंभ | क्र.सं. 01 के लिए | 02.02.2026 | |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | क्र.सं. 01 के लिए | 16.02.2026 at 15:00 बजे | |
| वेबसाईट | www.ireps.gov.in | | |

**नोटः 1.** तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे सम्बन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नही किये जायेंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। (प्रधान कार्यालय उ.रे. नयी दिल्ली का पत्र सं0 **74-W/O/Pt.XXV/WA/Loose दिनाँक 07.04.2015.**

274/2026

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# यूपी ने बनाया रिकॉर्ड : 26 हजार से अधिक गांवों में पहुंचा हर घर जल

## उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित है

❒ प्रदेश म प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका हैं अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से हर घर जल




**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश ने जल जीवन मिशन के तहत एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए ग्रामीण पेयजल व्यवस्था में ऐतिहासिक सफलता हासिल की है। प्रदेश में अब तक 26,564 गांवों को ग्राम पंचायत की ओर से हर घर जल प्रमाणित किया जा चुका है।

जल जीवन मिशन के तहत प्रदेश में गांव-गांव तक पाइप पेयजल योजना को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। वर्तमान में 97 हजार से अधिक गांवों में पाइप पेयजल योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर नल से पानी पहुंचाने का लक्ष्य तेजी से साकार हो रहा है। सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता प्रदेश सरकार ने पेयजल योजनाओं को दीर्घकालिक और किफायती बनाने के लिए सौर ऊर्जा आधारित मॉडल को प्राथमिकता दी है। आज उत्तर प्रदेश की 80 प्रतिशत ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं ग्रीन एनर्जी पर आधारित हैं। इसके तहत अब तक 33 हजार से ज्यादा ग्रामीण पाइप पेयजल योजनाएं सौर ऊर्जा आधारित बनाई जा चुकी हैं, जिससे बिजली खर्च में कमी आई है। सोलर आधारित पेयजल योजनाओं से हर साल करीब 13 लाख मीट्रिक टन कार्बन डाई ऑक्साइड के उत्सर्जन में कमी आ रही है।केंद्रीय सचिव ने स्वचालन प्रणाली का किया गहन अवलोकनकेंद्र सरकार से आए सचिव अशोक कुमार मीना ने शनिवार को विकास खण्ड-गोसाईगंज के चांद सराय ग्रामीण पेयजलापूर्ति योजना का स्थलीय निरीक्षण किया। सचिव ने योजना की गुणवत्ता, तकनीकी दक्षता, अत्यन्त स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित परिसर तथा सम्पूर्ण परियोजना के संचालन को उत्कृष्ट एवं आदर्श बताया। उन्होंने योजना के अन्तर्गत निर्मित ट्यूबवेल, पंप हाउस, ओवरहेड टैंक, 6 किमी से लंबी वितरण प्रणाली, 486 फंक्शनल हाउसहोल्ड टैप कनेक्शन (एफएचटीसी), 17.50 किलोवाट क्षमता का सोलर प्लांट, डीजी सेट तथा क्लोरिनेशन एवं स्वचालन प्रणाली का गहन अवलोकन किया, जिसके बाद परिसर में पौधरोपण भी किया गया। सचिव ने एफएचटीसी से लाभान्वित महिलाओं, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, ग्राम प्रधान तथा पंप ऑपरेटर से बातचीत की। इस योजना की कुल लागत 260.95 लाख रुपए है।महिलाओं-बच्चों को पानी ढोने से मिल रही मुक्तिजल जीवन मिशन के यह बड़ी कामयाबी प्रदेश के ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य सुधार और महिला सशक्तिकरण से भी जुड़ी है। घर-घर नल से पानी पहुंचने से महिलाओं और बच्चों को पानी लाने की कठिनाई से मुक्ति मिली है, वहीं स्वच्छ पानी उपलब्ध होने से जलजनित बीमारियों में भी कमी दर्ज की जा रही है।

# जिला पंचायत चुनाव में सेवाभाव की गूंज नवीन मिश्रा बने ग्रामीणों की पहली पसंद



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

निगोहां, लखनऊ। त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर जिला पंचायत सदस्य पद के वार्ड संख्या 20 के भावी प्रत्याशी क्षेत्र में सक्रिय हैं और जनसंपर्क तेज हो गया है। इसी क्रम में भावी जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी नवीन मिश्रा अपनी विशिष्ट पहचान और सेवाभावी कार्यों के कारण क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बने हुए हैं।ग्रामीण क्षेत्रों में नवीन मिश्रा को जनता का भरपूर स्नेह और विश्वास मिल रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे केवल चुनावी समय में नहीं, बल्कि हर समय समाजहित के कार्यों में आगे रहते हैं। जरूरतमंदों की सहायता से लेकर बेजुबान पशुओं की सेवा तक, उनकी सक्रियता ने उन्हें आमजन के बीच अलग पहचान दिलाई है।ग्रामीणों के अनुसार नवीन मिश्रा हर वर्ग के लोगों के सुख-दुख में सहभागी बनते हैं, यही कारण है कि पंचायत चुनावों में उन्हें एक मजबूत और भरोसेमंद दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। चुनावी माहौल में उनकी बढ़ती लोकप्रियता क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# आज ही डालें हरित भविष्य की नींव

❒ ग्रीन बिल्डिंग्स सम्मेलन में डॉ. राजेश्वर सिंह का आह्वानट्रांसफॉर्मिंग यूपी थ्रू ग्रीन बिल्डिंग्स सम्मेलन का आयोजन



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने शनिवार को होटल ग्रैंड जेबीआर, गोमती नगर में लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित ह्लट्रांसफॉर्मिंग रियल एस्टेट इन उत्तर प्रदेश थ्रू ग्रीन बिल्डिंग्सह्न विषयक सम्मेलन में सहभागिता की।अपने संबोधन की शुरुआत करते हुए डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि ग्रीन एनर्जी अब विकल्प नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पर्यावरणीय संकट पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज वायु प्रदूषण, गिरता भूजल स्तर और बढ़ता इक्र भविष्य के लिए गंभीर चेतावनी हैं। उन्होंने बताया कि विश्व स्तर पर प्रतिवर्ष 70 लाख से अधिक लोगों की असमय मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण होती है, जिनमें से लगभग 24 लाख भारत में हैं। उन्होंने अर्थ ओवरशूट डे का उदाहरण देते हुए कहा कि 1972 में यह दिन 26 दिसंबर था, जबकि अब यह अगस्त के पहले सप्ताह तक आ चुका है—जो यह दर्शाता है कि मानवता प्रकृति की क्षमता से कहीं अधिक उपभोग कर रही है।ग्रीन बिल्डिंग्स पर बल देते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि यह केवल तकनीकी समाधान नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने कहा, ह्लहर नागरिक को यह गर्व होना चाहिए कि उसका घर, उसकी सोसायटी, उसका बाज़ार और उसका शहर ग्रीन है।ह्न उन्होंने बताया कि ग्रीन बिल्डिंग्स से 30-40 प्रतिशत ऊर्जा तथा 20-30 प्रतिशत जल की बचत संभव है। जब देश की लगभग 70 प्रतिशत इमारतें अभी बननी शेष हैं, तब यह सही समय है कि ग्रीन कंस्ट्रक्शन को मुख्यधारा बनाया जाए। उन्होंने सरकार से अधिक कर छूट, कम ब्याज दर पर ऋण, ह्लट में बढ़ोतरी और संपत्ति कर में रियायत जैसे प्रोत्साहनों को और मजबूत करने का आग्रह किया।सम्मेलन को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने भी संबोधित लिया, इस दौरान सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, खय्ख्र ए.के. माथुर, अमित श्रीवास्तव (चेयरमैन, इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल ऽ लखनऊ चैप्टर), जय कुमार गुप्ता (जनरल मैनेजर, ट्रक्रक्रठक्र), अशोक कुमार, राज वर्मा, आर्किटेक्ट एस.के. सारस्वत, प्रवीन कुमार द्विवेदी सहित अनेक विशेषज्ञ, नीति-निर्माता और गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर गरीबो को बांटे कंबल



लखनऊ। सुशान्त गोल्फ सिटी स्थित दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर पर शनिवार को उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस के मौके पर मंदिर अध्यक्ष अंसुल निगम द्वारा कंबल वितरण का आयोजन किया गया।इस मौके पर मुख्य अतिथि राहुल राज रस्तोगी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी अवध क्षेत्र पूर्व जिला अध्यक्ष श्री कृष्णा लोधी, ब्लॉक प्रमुख गोसाईगंज विनय वर्मा डिंपल, नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल मिश्रा, भाजपा नेता वीरेंद्र रावत, शंभू नाथ पांडेय , राजकुमार वर्मा, समाजसेवी अरुण प्रताप सिंह एवं समाज सेविका गुंजन सिंह नवनीत तिवारी प्रिंस मौजूद रहे। कार्यक्रम संचालक मुन्नू निगम ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों की मौजूदगी में करीब तीन सौ गरीबो को कंबल वितरण किया गया। लोगो ने इस नेक काम की खूब सराहना की।

# स्व. श्याम लाल पुजारी के पुण्यतिथि पर दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । प्रसिद्ध समाजसेवी एवं उत्तर प्रदेश कंग्रेस के पूर्व महामंत्री पद पर रहे स्व. श्याम लाल पुजारी की चतुर्थी पुण्यतिथि पर लोगों ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर लोगो ने स्व. श्याम लाल को एक जनसेवक, मृदुभाषी और गरीबो का सच्चा हितैषी बताया। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताये मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया।

हर वर्ष की तरह स्व. श्याम लाल पुजारी जी की चतुर्थी पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में इस वर्ष भी दिनांक 24 जनवरी, 2026, दिन शनिवार को वाल्मीकिपुरी, इरादत नगर डालीगंज, लखनऊ में महर्षि वाल्मीकि निर्धन कन्या विवाह समिति द्वारा हवन व भण्डारा का आयोजन के साथ गरीब परिवारों के पढ़ने वाले बच्चों को स्कूल बैग वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष पुजारी राजेश वाल्मीकि ने कहा उन्होंने आजीवन जनता के बीच मे अपना समय निस्वार्थ सेवा में बिताया और लोगो की समस्याओं को सुलझाने में अपनी शक्ति लगा दी। उन्होंने राष्ट्रवादी श्रमजीवी दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप मे भी अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा सें निभाया व सकारात्मक बदलाव हेतु तमाम समाजिक आंदोलन किये। स्व. श्याम लाल जी सदैव जाति-पाति सें उठकर समाज को उन्नति दिशा दिखाने का निर्णय लिया और सभी को जीने का समान अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष करते रहे। मौके पर शहर के सम्मानित लोगो के साथ समिति के पदाधिकारियों में गोपाल वाल्मीकि, बृजेश चौधरी, रामकुमार वाल्मीकि, अजय बागड़ी, राजू प्रधान, विशाल वाल्मीकि, विजय वाल्मीकि, शत्रुहन वाल्मीकि, मंगल वाल्मीकि, राम नरेन्द्र, महेश वाल्मीकि आदि उपस्थित थे।

# अलीगंज क्षेत्र में दो दिन बाधित रहेगी पेयजल आपूर्ति, नागरिकों से जल भंडारण की अपील

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

लखनऊ । अलीगंज क्षेत्र के नागरिकों को आगामी दो दिनों तक पेयजल आपूर्ति में अस्थायी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। नगर निगम के जोन-3 के अंतर्गत सेक्टर-बी अलीगंज में नवनिर्मित शिरोपरि जलाशय (ओवरहेड टैंक) के अंतः संयोजन (इंटरकनेक्शन) का कार्य दिनांक 27 जनवरी 2026 एवं 28 जनवरी 2026 को प्रस्तावित है।

इस तकनीकी कार्य के कारण जोन-3 के अंतर्गत आने वाले अलीगंज क्षेत्र की पेयजल आपूर्ति प्रभावित रहेगी। जलकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार यह कार्य भविष्य में क्षेत्रवासियों को बेहतर, सुचारू और अधिक दबाव के साथ स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से किया जा रहा है। शिरोपरि जलाशय के अंतः संयोजन के बाद जल वितरण प्रणाली अधिक प्रभावी होगी तथा जलापूर्ति से जुड़ी समस्याओं में स्थायी सुधार आने की संभावना है। हालांकि, कार्य के दौरान अस्थायी रूप से जलापूर्ति रोकी जाना तकनीकी दृष्टि से आवश्यक है।निगम प्रशासन द्वारा सम्मानित नागरिकों से अपील की गई है कि वे किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए पूर्व से ही पर्याप्त मात्रा में पेयजल का भंडारण कर लें। विशेष रूप से बुजुर्गों, बच्चों, बीमार व्यक्तियों एवं आवश्यक सेवाओं से जुड़े परिवारों को अतिरिक्त सावधानी बरतने का अनुरोध किया गया है। वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में नगर निगम द्वारा पेयजल टैंकरों से जलापूर्ति की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। जिन नागरिकों को आपात स्थिति में जल टैंकर की आवश्यकता होगी, वे संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर सकते हैं। इसके लिए अरूण कुमार सिंह (पी.एस.एस.) मोबाइल नंबर 8177054122 तथा अशुतोष कुमार (अवर अभियंता) मोबाइल नंबर 7052243530 पर संपर्क किया जा सकता है।

# नगर निमग ने जोन-7 में प्रतिबंधित पॉलीथीन और गंदगी के खिलाफ चलाया विशेष अभियान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखनऊ । नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर शनिवार को जोन-07 क्षेत्र में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रतिबंधित पॉलीथीन तथा गंदगी के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। यह अभियान जोनल सेनेटरी अधिकारी अजीत कुमार राय के नेतृत्व में विनायकपुरम सेक्टर-11, टेढ़ीपुलिया चौराहा, आदिल नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में संचालित किया गया। अभियान के दौरान नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा दुकानों, ठेलों, प्रतिष्ठानों और सार्वजनिक स्थलों पर गहन निरीक्षण किया गया। इस अभियान में सफाई एवं खाद्य निरीक्षक श्री रूपेन्द्र भास्कर, बृजेश प्रजापति, संचिता मिश्रा तथा नगर निगम की 296 टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही। टीम ने प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक, पॉलीथीन के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलाने के मामलों पर सख्त कार्रवाई की। निरीक्षण के दौरान जिन प्रतिष्ठानों पर प्रतिबंधित पॉलीथीन एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पाया गया, उनमें प्रमुख रूप से लखनऊ डेरी, अरीबा जनरल स्टोर, देशी शराब का ठेका, चाय वाला डॉट इन तथा अशरफ बिरयानी शामिल हैं। इन दुकानों के भीतर प्रतिबंधित प्लास्टिक सामग्री पाए जाने पर मौके पर ही पॉलीथीन एवं प्लास्टिक जब्त की गई तथा संबंधित दुकानदारों पर नियमानुसार जुर्माना लगाया गया। अभियान के अंतर्गत प्रतिबंधित पॉलीथीन/प्लास्टिक के उपयोग पर 9,000, गंदगी फैलाने पर 10,000 का जुर्माना अधिरोपित किया गया। इस प्रकार कुल 19,000 का आर्थिक दंड वसूला गया। इसके साथ ही लगभग 2.5 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलीथीन जब्त की गई, जिसे नियमानुसार निस्तारित करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई।

# गोसाईंगंज स्टैंड अप अगेंस्ट स्ट्रीट हैरेसमेंट विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**




लखनऊ । गोसाईं गंज स्टैंड अप अगेंस्ट स्ट्रीट हैरेसमेंट विषय पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बालिका दिवस के अवसर पर जीडी गोयनका हेल्थ केयर एकेडमी में एस ओ एस चिल्ड्रंस विलेज इंडिया की सहभागिता से ब्रेकथ्रू ट्रस्ट की ओर से आहिमामऊ में आयोजित किया गया था।

एकेडमी में छात्रों के लिए स्टैंड अप अगेंस्ट स्ट्रीट हैरेसमेंट विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता सत्र आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं में सार्वजनिक स्थानों पर होने वाले उत्पीड़न के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। उत्पीड़न के विरोध में सुरक्षित और प्रभावी तरीकों, को विशेषकर 5डी पद्धति, से आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित करना भी इसमें शामिल रहा।कार्यक्रम का संचालन ब्रेकथ्रू ट्रस्ट की ओर से प्रशिक्षक परवेज़ अहमद ने किया।सत्र के दौरान प्रतिभागियों को स्ट्रीट हैरेसमेंट की पहचान, इसके सामाजिक प्रभाव, पीड़ितों की सहायता के तरीके तथा सुरक्षित हस्तक्षेप के उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि किसी भी प्रकार के यौन उत्पीड़न या हिंसा को नजरअंदाज न करते हुए, संवेदनशीलता, समझदारी और जिम्मेदारी के साथ उचित प्रतिक्रिया दी जाए। विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी करते हुए प्रश्न पूछे और अपने विचार साझा किए। सत्र संवादात्मक, शिक्षाप्रद और प्रभावशाली बना। प्रशिक्षण के उपरांत केक काटकर बालिका दिवस भी मनाया गया।कार्यक्रम एस ओ एस चिल्ड्रंस विलेज इंडिया की सहभागिता से सफलतापूर्वक आयोजित किया गया।कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि वे दूसरों को स्ट्रीट हैरेसमेंट के विरुद्ध आवाज़ उठाने के लिए प्रेरित करेंगे।इस अवसर पर परवेज़ अहमद (प्रशिक्षक), हिना मुनीरडॉ. पंकज वर्मा,श्रीमती प्रज्ञा रस्तोगी,शालू अग्रहरी, अंशु यादव,संदीप कुमार सिंह,आयुष शुक्ला और आशीष सोनकर मौजूद रहे।

## भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट संपन्न, रानू प्रधान उन्नाव विजेता



**निगोहां, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** दखिना टोल टैक्स के समीप आयोजित भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट का शनिवार को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ भव्य समापन हुआ। फाइनल मुकाबले में रानू प्रधान उन्नाव ने बाबा बारूदी लखनऊ को हराकर खिताब अपने नाम किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबा बारूदी लखनऊ ने 101 रनों का लक्ष्य दिया, जिसे रानू प्रधान उन्नाव की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए मात्र 9 ओवरों में हासिल कर लिया। फाइनल मैच में हजारों दर्शक मौजूद रहे। हर चौके-छक्के पर तालियों और नारों से मैदान गूंज उठा। इस अवसर पर श्री राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष दुर्गेश सिंह दीपू, निगोहा मंडल अध्यक्ष ललित सिंह, अभय दीक्षित, पूर्व प्रधान ज्ञानेंद्र सिंह, वरिष्ठ पत्रकार पंडित उमेश शर्मा, संदीप द्विवेदी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। समापन अवसर पर अनमोल तिवारी द्वारा दर्शकों के लिए तहरी भोज का आयोजन किया गया। पुरस्कार वितरण में विजेता टीम को 5100 रुपये नकद व पल्सर मोटरसाइकिल, उपविजेता को टीवीएस स्पोर्ट मोटरसाइकिल व 2100 रुपये नकद दिए गए। मैन ऑफ द सीरीज को 5100 रुपये नकद दिए गए। दर्शकों के लिए कैच पकड़ने पर 500 रुपये का इनाम रखा गया, जिसमें तीन दर्शकों को कुल 1500 रुपये आयोजक अनमोल तिवारी द्वारा नकद प्रदान किए गए । भोले बाबा क्रिकेट टूर्नामेंट ने ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## पूर्व राज्यमंत्री ने क्षेत्र का दौरा कर शोक संतृप्त परिवारों का बंधाया ढांढस



**बंथरा, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सरोजनीनगर विधानसभा की पूर्व विधायक व राज्य मंत्री स्वाती सिंह ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र में हुई हालिया घटनाओं पर शोक व्यक्त किया है। पूर्व मंत्री द्वारा शोक संतृप्त परिजनों से मिलकर उनको सांत्वना देते हुए हर संभव मदद का विश्वास दिलाया गया। श्रीमती सिंह द्वारा बंथरा में मृतक सचिन गुप्ता, लतीफ नगर में अर्पित त्रिवेदी, सहिजनपुर में काजल रावत, राजेंद्र रावत सहित सैदपुर पुरही ग्राम सभा के प्रधान मुरली धर दीक्षित के बाबा उमाशंकर दीक्षित का बीते दिनों हुए असामयिक निधन पर मिलकर शोक संवेदनाएं व्यक्त की गई। पुरही गांव के ही संतोष रावत को भी पूर्व मंत्री ने मदद का भरोसा जताया, जिनके पुत्र की बीते दिनों सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। स्वाती सिंह ने परिजनों व मौजूद ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा के नियमों, उचित खान पान सहित स्वास्थ को लेकर विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी। इस दौरान पूर्व मंत्री के साथ भाजपा कार्यकर्ता बृजेंद्र सिंह बब्बू, बंथरा पूर्व प्रधान संजय सिंह चौहान, मनीष द्विवेदी आशु शुक्ला सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक बजे निकलेगी तिरंगा यात्रा

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददात।** गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राजधानी लखनऊ की सड़कों पर देशभक्ति का भव्य नज़ारा देखने को मिलेगा। दोपहर 1 बजे शहर में एक विशाल तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें बड़ी संख्या में लोग हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर राष्ट्रप्रेम और एकता का संदेश देंगे।यह तिरंगा यात्रा सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र स्थित ख्वाकखेल मैदान, ब्व/ चौकी, हसनपुर खेवली (अंसल इध्क्र) से प्रारंभ होकर सुल्तानपुर रोड, ब्ब्य्ख्र तिराहा होते हुए पटेल पार्क, गोसाईगंज तक जाएगी।यात्रा के आयोजक एवं समाजसेवी सूरज प्रधान ने बताया कि इस भव्य आयोजन की तैयारियां बीते दो माह से लगातार की जा रही थीं। उन्होंने कहा कि तिरंगा यात्रा में क्षेत्र के सैकड़ों नागरिकों के साथ-साथ युवा, महिलाएं, समाजसेवी एवं गणमान्य लोग सहभागिता करेंगे।तिरंगा यात्रा के दौरान प्रतिभागी हाथों में राष्ट्रीय ध्वज लेकर भारत माता की जय और वंदे मातरम् के गगनभेदी नारों से पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में रंग देंगे। यात्रा का मुख्य उद्देश्य लोगों में राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक मजबूत करना तथा राष्ट्रीय एकता का संदेश जन-जन तक पहुंचाना है।आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम को शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## शिकायतों के बाद भी पीड़ित की नहीं हो रही सुनवाई

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** प्रार्थना पत्र देते देते परेशान हो गया पीड़ित लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। अब शिकायत कर्ता पूरी तरह से निराश हो गया है। उसने मान लिया कि अब उसका काम नहीं होगा क्योंकि कर्मचारी सरकार के लिए काम करते है, पब्लिक के लिए नहीं।यह बात शनिवार के दिन गोसाईगंज कोतवाली परिसर में इसी क्षेत्र के गांव नकटामऊ निवासी राम मिलन यादव की ओर कही गई।राम मिलन के अनुसार प्रापर्टी द्वारा उनकी भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। उन्होंने नाले पर पुलिया भी बना लिया और अवैध कब्जा भी किया है। इस मामले ग्राम प्रधान पर भी रुपए लेकर प्रापर्टी डीलरो के पक्ष में काम करने की बात सामने आई है।इस बात की शिकायत उप जिला अधिकारी, अधिशाषी अभियंता सिंचाई विभाग और पुलिस से की गई। शिकायत कर्ता के अनुसार उसे सिर्फ़ आश्वाशन मिलते रहे लेकिन कोई काम नहीं हुआ। राम मिलन के अनुसार वह फिर से अपनी शिकायत समाधान दिवस में करना चाहता था लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया।

## शाह मोहम्मदपुर अपैया में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य शुभारंभ



**नगराम, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** क्षेत्र के शाह मोहम्मदपुर अपैया गांव में आज से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का भव्य एवं धार्मिक आयोजन प्रारंभ हो रहा है। इस पावन अवसर पर सुप्रसिद्ध कथा वाचक श्रीकृष्णा नन्द मृदुल जी महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण रसपान कराएंगे। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का सजीव वर्णन सुंदर एवं मनमोहक झांकियों के माध्यम से किया जाएगा, जिससे भक्तिमय वातावरण और भी अलौकिक हो उठेगा। आयोजकों के अनुसार, कथा में क्षेत्र सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। सात दिनों तक चलने वाली इस श्रीमद्भागवत कथा में प्रतिदिन भक्ति, ज्ञान और वैराग्य से ओत-प्रोत प्रसंग सुनाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक शांति और पुण्य लाभ प्राप्त होगा। यह सम्पूर्ण कथा लाइव प्रसारण किया जाएगा । गांव में कथा को लेकर विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल बना हुआ है।

## स्टार फील्ड होटल को सील किए जाने का भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने किया विरोध

**लखनऊ,कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शनिवार् को नगर निगम द्वारा नहर रोड स्थित स्टारफील्ड होटल को सील किए जाने की कार्यवाही चल रही थी जिसकी सूचना मिलते ही भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश पदाधिकारी तत्काल वहां पहुंच गये और कार्यवाही का विरोध किया, किंतु संगठन के पदाधिकारियों के पहुँचने से पूर्व ही नगर निगम की टीम द्वारा होटल को सील कर दिया गया था। संगठन का कहना है कि कार्रवाई की प्रक्रिया में पारदर्शिता के अभाव, अनावश्यक जल्दबाज़ी तथा व्यापारी के साथ किए गए अन्याय को लेकर कड़ा विरोध दर्ज कराया गया। संगठन के तीखे विरोध और सवालों का सामना करते हुए नगर निगम की टीम जल्दबाज़ी में मौके से वापस लौट गई। भारतीय जन उद्योग व्यापार मंडल ने व्यापारी साथी दिनेश तिवारी को आश्वस्त किया कि संगठन उनके साथ पूरी मजबूती से खड़ा है और किसी भी व्यापारी का शोषण किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।इसी क्रम में संगठन ने निर्णय लिया है कि आगामी मंगलवार को संगठन का एक प्रतिनिधिमंडल नगर आयुक्त एवं महापौर से भेंट कर इस पूरे प्रकरण के न्यायसंगत एवं स्थायी समाधान हेतु ठोस वार्ता करेगा।

## विधायक ने सड़क चौड़ीकरण कार्य का किया औचक निरीक्षण,दिए सख्त निर्देश



**बीकेटी, लखनऊ।** विधानसभा क्षेत्र के कुम्हरावां से सुवंशीपुर महिंगवा सड़क चौड़ीकरण कार्य का बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने शनिवार को औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर ध्यान व कार्य में तेजी लाने तथा मानकों का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए।विधायक ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से क्षेत्र के लोगों को जाम की समस्या से राहत मिलेगी और यातायात व्यवस्था सुचारु होगी।उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने विधायक को समस्याओं से अवगत कराया,जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।वही इस मौक़े पर विधायक ने जानकारी देते हुए बताया कि यादव चौराहा से धातिंगरा तक सड़क चौड़ीकरण की भी स्वीकृति मिल गई है ,जल्द ही इस सड़क का भी शिलान्यास किया जाएगा।निरीक्षण के मौक़े पर पूर्व प्रधान बब्लू तिवारी,राहुल कृष्ण यादव इंदारा प्रधान प्रतिनिधि अमित गुप्ता एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# नैमिषारण्य में धूमधाम से मनाई गई जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती

❒ मुख्य अतिथि अति पिछड़ा वर्ग राजनैतिक चेतना मंच उत्तर प्रदेश के संयोजक देवेंद्र ठाकुर उपस्थित रहे

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

नैमिषारण्य, सीतापुर। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102 वीं जन्म जयंती स्थानीय जननायक कर्पूरी ठाकुर पार्क कादीनगर में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई।

जयंती समारोह के मुख्य अतिथि अति पिछड़ा वर्ग राजनैतिक चेतना मंच उत्तर प्रदेश के संयोजक देवेंद्र ठाकुर एडवोकेट ने कर्पूरी के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर भारतीय राजनीति और सामाजिक न्याय के इतिहास में एक ऐसे व्यक्तित्व के रूप में स्मरण किए जाते हैं जिन्होंने सत्ता को साधन नहीं बल्कि मानव सेवा के लिए साध्य माना। कर्पूरी ठाकुर जी का जन्म 24 जनवरी सन 1924 को बिहार के समस्तीपुर जिले में एक साधारण गरीब नाई परिवार में हुआ था ।उन्होंने विद्यार्थी जीवन में सामाजिक एवं राष्ट्रीय चेतना से लगाव रखते हुए एक शिक्षक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी , बिहार राज्य के शिक्षा मंत्री ,सांसद ,उपमुख्यमंत्री ,दो बार मुख्यमंत्री के पद पर सेवाएं दी ।उनका शासन काल किसी भव्यता या तड़क-भड़क के लिए नहीं बल्कि नीतिगत साहस एवं सामाजिक सुधारो के लिए जाना जाता है । कर्पूरी ने ही सबसे पहले पिछड़े ,अति पिछड़े, महिलाओं एवं सामान्य वर्ग तथा वंचित समाज को आरक्षण प्रदान किया जिसे कर्पूरी ठाकुर फार्मूला के नाम से जाना जाता है। उनकी सरलता, सादगी, ईमानदारी, कर्तव्य निष्ठा और समाज सेवा में अप्रतिम योगदान हेतु भारत सरकार ने 2024 में उन्हें भारत रत्न की उपाधि से अलंकृत किया ।आज हम सभी अति पिछड़े वर्ग के लोग भी उ प्र के मुख्यमंत्री मा योगी आदित्यनाथ जी से मांग करते हैं कि वह भी सामाजिक न्याय की दिशा में कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश में भी कर्पूरी ठाकुर फार्मूला लागू कर अति पिछड़ावर्ग को न्याय देने का काम करें ।आने वाले पंचायत के चुनाव में अति पिछड़ों को पृथक आरक्षण देकर राजनैतिक हिस्सेदारी देने का काम करें ।इस अवसर पर सियरामनंद, सरोजनी, स्वामी विमलानंद जी,सुनैना ,सुनील ,कपिल ,पिंकी, पूजा, पलक, जूली ,अश्विनी, शैलेंद्र, रंजीत, आलोक, चंद्रशेखर, ने अपने विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर सैकड़ो लोग उपस्थित रहे । समरसता भोज का आयोजन किया गया तथा समाज में जाति-पांति व्यवस्था को खत्म किए जाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में सरोजनी सियाराम बाबूराम नंद इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों की प्रस्तुति को बहुत ही सराहना मिली। मुख्य अतिथि अपने भव्य स्वागत एवं अपेक्षित लोगों की संख्या देखकर गदगद दिखे।




# साहित्यकार संदीप मिश्र 'सरस' का हुआ राष्ट्रकवि वंशीधर शुक्ल सम्मान

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

❒ यह सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय बिहार के डॉक्टर अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी, नेपाल के साहित्यकार डॉक्टर हरि तिमिशीना, साहित्यभूषण सत्यधर शुक्ल की उपस्थिति में प्रदान किया गया

बिसवां (सीतापुर):- वसंत पंचमी के पावन अवसर पर पंडित वंशीधर शुक्ल स्मृति संस्थान द्वारा मन्योरा लखीमपुर में अवधी सम्राट, वरेण्य साहित्यकार वंशीधर शुक्ल के जन्मोत्सव पर आयोजित अवधी महोत्सव, सारस्वत सम्मान समारोह एवं वृहद कवि सम्मेलन में बिसवां सीतापुर के साहित्यकार संदीप मिश्र सरस को उनकी हिन्दी अवधी साहित्य को समर्पित साधना के लिए ''राष्ट्रकवि वंशीधर शुक्ल सम्मान'' प्रदान किया गया।

यह सम्मान उक्त समारोह के मुख्य अतिथि, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय बिहार के डॉक्टर अमरेंद्र नाथ त्रिपाठी, नेपाल के साहित्यकार डॉक्टर हरि तिमिशीना, साहित्यभूषण सत्यधर शुक्ल की उपस्थिति में प्रदान किया गया। इस अवसर पर संस्थान के विनीत शुक्ल, गौरव शुक्ल, वैभव शुक्ल, डॉ विक्रममणि त्रिपाठी, संजीव व्योम, डॉ मृदुला शुक्ला,श्रीकांत सिंह, कार्तिकेय शुक्ल, भगवती प्रसाद मिश्र, सुशील दीक्षित विचित्र, सतीश शुक्ल, अनुराग अतुल, अभिनव दीक्षित अंशज, अभिषेक शाश्वत, कुलदीप समर आदि की उपस्थिति महत्वपूर्ण रही।उल्लेखनीय है कि 'साहित्य सृजन संस्थान' के संस्थापक/अध्यक्ष संदीप 'सरस', साहित्य की विभिन्न विधाओं में अपने लेखन से निरंतर सक्रिय अवदान देते रहे हैं और साहित्यिक पत्रकारिता के क्रम में अपने चर्चित कॉलम 'विमर्श', 'संवाद', 'बेबाक', 'कलमकार', 'रचनाकार', 'सृजन के सारथी', आदि के माध्यम से तमाम प्रतिष्ठित साहित्यकारों, नवोदित प्रतिभाओं से संवाद करते रहते हैं। उनकी पुस्तक 'कुछ ग़ज़लें कुछ गीत हमारे' बेहद सराही गयी और कई महत्वपूर्ण पुस्तकें प्रकाशन के क्रम में हैं। देश की तमाम प्रतिष्ठित पत्रिकाओं में उनकी रचनाएं प्रकाशित होती रहती है। न्यूज18, आकाशवाणी व दूरदर्शन लखनऊ से उनके काव्य पाठ का प्रसारण होता रहता है। विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा सैकड़ो महत्वपूर्ण सम्मान उन्हें प्राप्त हो चुके हैं।वे बिसवां क्षेत्र की बौद्धिक समृद्धता के लिए साहित्य सृजन संस्थान द्वारा बिसवां में सृजन पुस्तकालय की स्थापना करके साहित्यिक, शैक्षिक, सामाजिक सरोकारों के लिए समर्पित रहते हैं।उनके लेखन में एक और राष्ट्रवादी चेतना के समसामयिक स्वर हैं वहीं दूसरी ओर घर आंगन के रिश्तो की आत्मीयता और सभ्यता संस्कृति की संवेदना से जुड़ा प्रभावी सृजन है। वे अपनी रचनाधर्मिता में जन सरोकारों से सीधा संवाद करते हैं और रचनाओं में ग्राम्य संस्कृति, पर्यावरण, जन जागरूकता के संदर्भों की चेतना सदैव जीवंत रहती है। उनकी इस उपलब्धि पर बिसवां, सीतापुर के तमाम कवि/साहित्यकारों, शिक्षाविदों, पत्रकारों, बुद्धिजीवी वर्ग और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर माखूपुर में प्रवेशोत्सव व विद्यारम्भ संस्कार का उत्सव

❒ सरस्वती शिशु मंदिर केवल किताबी ज्ञान नहीं देता, बल्कि चरित्र निर्माण करता है

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



खैराबाद, सीतापुर। नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थान सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में आज का दिन स्वर्णाक्षरों में दर्ज हो गया। विद्यालय में न केवल 80 नए नवांकुरों का शैक्षणिक स्वागत किया, बल्कि उन्हें भारतीय संस्कृति की महान विरासत से भी रूबरू कराया। भक्ति और अनुशासन की अद्‌भुत शोभा यात्रा कार्यक्रम का आरंभ अत्यंत भव्य रहा। माँ शारदे की सुसज्जित झांकी के पीछे जब विद्यालय परिवार व छोटे - छोटे बच्चो की रूप सज्जा के साथ निकला, तो पूरा नगर थम सा गया। यह शोभा यात्रा विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर बडा मन्दिर माखूपुर। रास्ते भर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर नन्हे विद्यार्थियों का अभिनंदन किया।हवन-पूजन और अक्षरारंभः एक नई शुरुआत,कलश यात्रा की से वापसी के उपरांत विद्यालय में आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हुआ। आचार्य श्री प्रेम बाबू जी के सानिध्य में संपन्न हुए पावन हवन में आहुति देकर बच्चों ने अपने विद्यार्थी जीवन का संकल्प लिया। इसके पश्चात 'पोथी पूजन' और 'अअक्षारंभ' कार्यक्रम हुआ, जहाँ बच्चों ने अपनी स्लेट पर जीवन का पहला अक्षर उकेरा, डिजिटल युग की ओर बढ़ते कदमशिक्षा के साथ आधुनिकता का तालमेल बिठाते हुए, समरसता भोज के आयोजन में सभी भैया बहिन व अभिभावक प्रसाद ग्रहण किया।अभिभावकों का विश्वास और प्रबंधन की कुशलता है ।प्रधानाचार्य श्रीमान सचिन कुमार अवस्थी व समस्त आचार्य परिवार के कुशल मार्गदर्शन में आज रिकॉर्ड 30 छात्रों का अरुण कक्षा में सशुल्क पंजीकरण हुआ, जो विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता पर क्षेत्र के अभिभावकों की मुहर है।इस अवसर पर उपस्थित प्रबुद्ध अभिभावक श्रीमान कमलदीप जी ने अपने संबोधन में कहाः''सरस्वती शिशु मंदिर केवल किताबी ज्ञान नहीं देता, बल्कि चरित्र निर्माण करता है। आज के इस आयोजन ने सिद्ध कर दिया कि यहाँ संस्कार और आधुनिक शिक्षा (इदप्द्वफ्द्वष्भ दद्यथपप, ख्धभद्वफ्द्य द्यद्वथन्द्वद्वद्वद्द) साथ-साथ चलते है द्यकुल संस्कारः 80 छात्र-छात्राओं का विद्यारंभ,नया प्रवेशः अरुण कक्षा में 30 छात्रों का सशुल्क पंजीकरण,अच्छी संख्या मे अभिभावक उपस्थित रहे जिसमे लगभग 65-70 मातायें बहिनें उपस्थित रहकर कार्यक्रम प्रभावी बनाया,सत्र 2026-27 की पूर्ण तैयारी के साथ कदम बढाया।

## एसपी ने नवीन बहुउद्देशीय परियोजना सभागार का किया शुभारम्भ




शाहजहांपुर। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने रिजर्व पुलिस लाइन परिसर में निर्मित नवीन बहुउद्देशीय परियोजना सभागार का विधिवत शुभारम्भ किया। साथ ही नवीन सभागार का निरीक्षण कर उपलब्ध कराई गई व्यवस्थाओं एवं संसाधनों का अवलोकन कर इसे पुलिस विभाग की कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया। एसपी ने कहा कि यह सभागार आधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जो भविष्य में विभागीय कार्यों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, अपराध नियंत्रण संबंधी गोष्ठियों एवं विभिन्न पुलिसिंग गतिविधियों में अत्यधिक उपयोगी सिद्ध होगा। कार्यक्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेन्द्र कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण भंवरे दीक्षा अरूण, क्षेत्राधिकारी लाइन, क्षेत्राधिकारी कार्यालय, क्षेत्राधिकारी नगर तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को बांटे स्वीकृत पत्र व चेक

❒ डीएम ने दिलाई मतदान करने व बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह में किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन से हुई। इस दौरान राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने प्रेक्षागृह परिसर में लगाई गई विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन फीता काटकर किया। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्र प्रेरणा स्थल, बसंत कुंज लखनऊ से विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश संकल्प के साथ आयोजित उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का सजीव प्रसारण भी देखा गया और डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने उपस्थित जनसमूह को राष्ट्रीय मतदाता दिवस एवं बाल विवाह मुक्त भारत की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में विभिन्न स्कूल और कालेजों के छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक व देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों को गृह प्रवेश की चाबी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण स्वीकृति पत्र तथा शिक्षा, खेल, मत्स्य एवं खादी ग्रामोद्योग सहित विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र एवं चेक वितरित किए गए।इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया ने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का सबसे तेजी से विकसित होने वाला राज्य बन चुका है। 2017 के बाद प्रदेश में कानून व्यवस्था, बिजली, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, रक्षा, एक्सप्रेसवे और एयर कनेक्टिविटी के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सरकारी योजनाओं का आम जनता को सीधा लाभ मिल रहा है। एमएलसी डॉ सुधीर गुप्ता ने सभी से प्रदेश को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने का आह्वान किया। महापौर अर्चना वर्मा ने विशेष मतदाता परीक्षण कार्यक्रम में नागरिकों से जिम्मेदारीपूर्वक भाग लेने का आह्वान किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ममता यादव, सहकारी बैंक अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डॉ. विपिन कुमार मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अपराजिता सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश कुमार मिश्र, एसपी सिटी देवेंद्र कुमार, परियोजना निदेशक अवधेशराम, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# एडीएम ने किया स्थलीय निरीक्षण, 30 जनवरी तक गढ़ी रोड निर्माण पूरा करने के निर्देश

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जनता को आवागमन में राहत दिलाने के उद्देश्य से गढ़ी रोड के निर्माण कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। अपर जिलाधिकारी (एडीएम) नरेंद्र कुमार सिंह ने गढ़ी रोड का स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायज़ा लिया और संबंधित अधिकारियों को 30 जनवरी तक हर हाल में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान एडीएम के साथ लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता (एक्सईएन पीडी) भी मौजूद रहे। एडीएम ने सड़क की गुणवत्ता, चौड़ाई, समतलीकरण, किनारों की मजबूती और जल निकासी व्यवस्था की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।एडीएम नरेंद्र कुमार सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य में तेजी लाई जाए और समय सीमा के भीतर सड़क को आम जनता के लिए खोलने की पूरी तैयारी की जाए। उन्होंने कहा कि गढ़ी रोड क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों तथा राहगीरों को बड़ी राहत मिलेगी।निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देश दिए कि पर्याप्त संसाधन और श्रमिक लगाकर कार्य को युद्धस्तर पर पूरा किया जाए। साथ ही निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने और किसी भी असुविधा को न्यूनतम रखने के निर्देश भी दिए गए।प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि 30 जनवरी तक गढ़ी रोड का निर्माण कार्य पूरा कर इसे जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जिससे आवागमन सुगम होगा और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी।

# एसपी संकल्प शर्मा ने किया फुल ड्रेस रिहर्सल का निरीक्षण

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम को लेकर लखीमपुर खीरी में तैयारियां जोरों पर हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने पुलिस लाइन्स खीरी में आयोजित रैतिक परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल का गहन निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायज़ा लिया।निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने परेड, मार्च-पास्ट, यूपी-112, स्वान दल (डॉग स्क्वॉड), फायर सर्विस तथा स्कूली बच्चों द्वारा की जा रही रिहर्सल का अवलोकन किया। उन्होंने सभी टुकड़ियों की ड्रिल, अनुशासन और तालमेल पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।एसपी संकल्प शर्मा ने अधिकारियों व जवानों को निर्देशित किया कि गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पूरी तरह अनुशासित, गरिमामय और आकर्षक हो, जिससे आमजन में देशभक्ति की भावना का संचार हो। उन्होंने कहा कि प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी भूमिका का पूर्ण अभ्यास होना चाहिए और समयबद्धता के साथ कार्यक्रम का संचालन किया जाए।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, परेड ग्राउंड की साफ-सफाई, यातायात प्रबंधन तथा आपात सेवाओं की तत्परता पर भी चर्चा की गई। पुलिस अधीक्षक ने यूपी-112, फायर सर्विस और स्वान दल की कार्यकुशलता की सराहना करते हुए बेहतर समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। फुल ड्रेस रिहर्सल के सफल आयोजन से यह स्पष्ट हो गया कि लखीमपुर खीरी में गणतंत्र दिवस समारोह को भव्य, सुरक्षित और यादगार बनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं।

## शातिर अभियुक्त गिरफ्तार, चोरी हुआ लैपटॉप व 10,300 नगदी बरामद

**सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा जनपद में चोरी नकबजनी छिनैती, जैसी घटनाओं में संलिप्त अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों के अनुपालन के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह के निकट पर्यवेक्षक व क्षेत्राधिकारी कपूर कुमार के नेतृत्व में थाना रामपुर कला पुलिस टीम द्वारा आदर्श यादव पुत्र रामेंद्र यादव? निवासी ग्राम पकरिया थाना रामपुर कला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से एक अदद लैपटॉप एचपी व नगदी 10,300 रुपए बरामद हुए हैं। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी के साथ रैकी करके मौका देकर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। दिनांक 7/8/1.2026 को रात्रि में ग्राम जोधपुर पकरिया स्थित नहर के पास घर से 19/11/2025की रात्रि में सरवाजलालपुर गांव के किनारे स्थित एक मकान में चोरी की थी ।बरामद माल इन्हीं से संबंधित है घटना के संबंध में थाना रामपुर कला पर मु0अ0सं0 008/26धारा 305 (थ) 331(4)बी एन एस व मु0अ0स0 347/25धारा 305 (ए) 331(4) बी एन एस पंजीकृत हैं।?बरामदगी के आधार पर उपरोक्त अभियोग में धारा 317(2) बीएन एस की बढ़ोतरी करते हुए अभियुक्त का चलन माननीय न्यायालय किया गया है। पुलिस टीम वरिष्ठ उप निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह, उपनिरीक्षक दिनेश कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल राजकमल मौर्य, व कांस्टेबल अमित यादव मौजूद रहे।

## मदरसा शिक्षकों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** शाहीन कैंब्रिज अकैडमी ग्रुप के तत्वावधान में नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज, जेडएच गर्ल्स इंटर कॉलेज सहित विभिन्न मदरसों से जुड़े शिक्षकों के लिए कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया और नीट, जेईई, सीयूईटी, प्रतियोगी परीक्षाओं के साथ-साथ स्किल आधारित कोर्स, प्रोफ़ेशनल डिग्री एवं डिजिटल एजुकेशन के महत्व पर विशेष चर्चा की गई। इस दौरान फैजान अशरफ और जमाल अख्तर ने बदलते शैक्षिक परिवेश, प्रतियोगी परीक्षाओं, उच्च शिक्षा के अवसरों तथा कैरियर के विविध विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। कहा कि आज के दौर में शिक्षकों की जिम्मेदारी केवल पाठ्यक्रम पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि छात्रों की रुचि, क्षमता और प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सही दिशा देना भी बहुत जरूरी है। कैरियर काउंसलिंग के माध्यम से शिक्षक छात्रों को लक्ष्य निर्धारण, समय प्रबंधन और सही मार्गदर्शन प्रदान कर सकते हैं। वहीं, अकैडमी प्रबंधन ने बताया कि शाहीन अकैडमी ग्रुप निरंतर शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार और मार्गदर्शन से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता रहा है, ताकि छात्र-छात्राओं के साथ-साथ शिक्षक भी नवीन शैक्षिक जानकारियों से अपडेट रहें। कार्यक्रम में प्रिंसिपल डॉ. शाइस्ता नसीम, निगार फातिमा, मुजम्मिल हसन खान, मोहम्मद जाहिद, जहूर, अब्दुल कादिर, कामरान हुसैन, मोईन खान, शारिक अली खान, साजिद अली खान, सैयद शारिक अली, इमरान खान, अतीक आदि मौजूद रहे।

# तिलहर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने राजेश्वर सिंह



**कैनविज टाइम्स संवाददाता**

तिलहर,शाहजहांपुर। शनिवार को तिलहर बार एसोसिएशन का चुनाव सम्पन्न हुआ। जिसमें राजेश्वर सिंह यादव विजयी घोषित हुए हैं। राजेश्वर सिंह यादव की जीत पर उनके समर्थकों ने फूलमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनायें दीं।

शनिवार को एल्डर्स कमेटी बार एसोसिएशन तिलहर के अध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता और बार एसोसिएशन के सदस्य श्रीश चंद्र मिश्रा, नजर हुसैन, सुरेश चन्द्र गुप्ता, सुभाष चंद्र पांडेय, सर्वेश कुमार गंगवार की देखरेख में बार एसोसिएशन तिलहर के चुनाव में अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष, महासचिव और कोषाध्यक्ष आदि पदों का चुनाव सम्पन्न हुआ। यह चुनाव बार एसोसिएशन सभागार में प्रातः 10 बजे से 03 बजे तक चला। मतदान में कुल 274 मतों में 263 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके बाद मतगणना के लिए सभी पदों के अलग- अलग मतपत्रों को छांटने की प्रक्रिया शुरू हुई। जिसमें अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राजेश्वर सिंह यादव को 150 मत प्राप्त हुए। जबकि जितेन्द्र प्रताप सिंह को 113 मत प्राप्त हुए। बार एसोसिएशन का अध्यक्ष बनने पर राजेश्वर सिंह यादव एडवोकेट के समर्थकों ने उन्हें फूलमाला पहनाकर बधाई व शुभकामनायें दीं।

# खीरी में धूमधाम से मना यूपी दिवस, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

**कैनविज टाइम्स संवाददाता**



लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में शनिवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के ओपन ऑडिटोरियम में यूपी दिवस का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया गया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों, सरकारी योजनाओं के लाभ वितरण और विकास संदेशों के बीच पूरा ऑडिटोरियम उत्साह और तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। कार्यक्रम का सफल आयोजन जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के कुशल नेतृत्व में मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार व जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम द्वारा किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष राजेश कुमार वर्मा रहे। उन्होंने विधायक योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और सीडीओ अभिषेक कुमार के साथ फीता काटकर, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर यूपी दिवस का विधिवत शुभारंभ किया।कार्यक्रम की शुरुआत जीजीआईसी की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना और स्वागत गीत से हुई। इसके बाद लोकनृत्य, गीत और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला चली, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इसी क्रम में राजधानी लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय यूपी दिवस समारोह की लाइव स्ट्रीमिंग भी दिखाई गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के उद्बोधन को सुनकर उपस्थित जनसमूह ने तालियों के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत किया।मुख्य अतिथि राजेश वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की प्रगति में अहम भूमिका निभा रहा है और निरंतर समृद्धि की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में प्रदेश ने विकास की नई गाथा लिखी है। आज उत्तर प्रदेश आध्यात्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रूप से देश का अग्रणी राज्य बनकर उभरा है। कानून व्यवस्था बेहतर होने से निवेशकों का भरोसा बढ़ा है और बड़े पैमाने पर पूंजी निवेश हो रहा है। उन्होंने जनपदवासियों को यूपी दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह गौरव की बात है कि हम उत्तर प्रदेश के नागरिक हैं।जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने यूपी दिवस की बधाई देते हुए कहा कि यह आयोजन केवल उत्सव नहीं, बल्कि प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को समझने का अवसर है। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि वे सरकारी योजनाओं की जानकारी लें और उनका अधिकतम लाभ उठाएं।

## सपा नेताओं ने माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर मनाई कर्पूरी ठाकुर की जयंती

**शाहजहांपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता।**



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी नेता स्वर्गीय कर्पूरी ठाकुर की जयंती बिजलीपुरा स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर मनाई गई। इस मौके पर पार्टी के सभी नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए और उनको याद किया। इस दौरान सपा के जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में एक गोष्ठी आयोजित की गई और कर्पूरी ठाकुर के योगदान पर चर्चा की गई।सपा जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि 24 जनवरी 1924 को समस्तीपुर के पितौंझिया (अब कर्पूरीग्राम) में जन्में कर्पूरी ठाकुर बिहार में एक बार उपमुख्यमंत्री, दो बार मुख्यमंत्री और दशकों तक विधायक और विरोधी दल के नेता रहे। वर्ष 1952 की पहली विधानसभा में चुनाव जीतने के बाद वे बिहार विधानसभा का चुनाव कभी नहीं हारे। पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि युवाओं को रोजगार देने के प्रति उनकी प्रतिबद्धता इतनी थी कि उन्होंने एक कैम्प आयोजित कर 09 हजार से ज्यादा इंजीनियरों और डॉक्टरों को एक साथ नौकरी दे दी थी। इस मौके पर सपा के जिला महासचिव रंणजय सिंह यादव, सपा के प्रदेश सचिव विजय सिंह, रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप, सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा के महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, सपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव वर्मा, अवधेश पाल, सत्येंद्र यादव, लखन प्रताप सिंह, संतोष कुमार पाल, हफीज अंसारी, मोनू कुरैशी, अजीम खान, सुनील यादव, राकेश शुक्ला एडवोकेट, मोहसिन खान, शब्बन अंसारी समेत अन्य लोग शामिल रहे।

## एनएसएस शिविर में नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम किया गस्या आयोजित

बदायूँ। बिसौली के सिद्ध बाबा इंटर कॉलेज, शरह बरौलिया की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा ग्राम शरह बघोली में चल रहे सात दिवसीय विशेष शिविर के दूसरे दिन नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने जागरूकता रैली निकाली और घर-घर जाकर ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। रैली के माध्यम से ग्रामीणों को यह संदेश दिया गया कि नशा जीवन, परिवार और समाज को बर्बादी की ओर ले जाता है। मुख्य अतिथि मनोज गंगवार, वरिष्ठ प्रवक्ता त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज, ने कहा कि युवा शक्ति यदि नशे की गिरफ्त में चली गई तो राष्ट्र का भविष्य अंधकार मय हो जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य राजकुमार शर्मा ने युवाओं से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेल और सकारात्मक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में त्रिवेणी सहाय इंटर कॉलेज के शिक्षक और स्वयं सेवक-सेविकाएं सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। संचालन कार्यक्रम अधिकारी अनुमोल शर्मा ने किया।

# सम्भल एक समर्थ जनपद : बिरजू महाराज

**आज रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का किया गया आयोजन**

**24 जनवरी से 26 जनवरी तक रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर कार्यक्रम का किया जाएगा आयोजन**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सम्भल ( बहजोई ) । आज रोडवेज बस स्टैंड बहजोई पर उत्तर प्रदेश दिवस 2026 का आयोजन विकसित उत्तर प्रदेश विकसित भारत थीम के अन्तर्गत किया गया। मुख्य अतिथि बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ की उपाध्यक्ष डॉ मिथलेश तिवारी जी रहीं। विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक गुन्नौर श्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव जी तथा भाजपा के पूर्व अध्यक्ष श्री ओमवीर सिंह खडगवंशी रहे। सर्व प्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा फीता काटकर एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट एवं अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा द्वारा मुख्य अतिथि का जनपद की नयी परम्परा पंचोपचार के द्वारा स्वागत किया तथा विशिष्ट एवं अन्य अतिथियों का एक पुष्प एवं एक पुस्तक देकर स्वागत किया।कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय आटा कि छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना की तथा बालिकाओं द्वारा स्वागत गान किया।मुख्य अतिथि डॉ मिथलेश तिवारी द्वारा परिसर में लगे जनपद सरस मेले में विभिन्न विभागों द्वारा शासन की योजनाओं से संबंधित तथा स्वयं सहायता समूहों की दीदियों द्वारा बनाये गये उत्पादों, ओडीओपी तथा मिशन शक्ति से संबंधित आदि स्टालों का अवलोकन किया। प्राथमिक विद्यालय चंदौसी नगर के अध्यापक राशिद द्वारा कवि सौरभकांत शर्मा द्वारा रचित सम्भल गान को गाया। तथा उड़ान आर्टिस्ट ग्रुप की बालिकाओं द्वारा ब्रज क्षेत्र का नृत्य प्रस्तुत किया। तथा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की छात्रा द्वारा यूपी वाले भैया पर अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अन्तर्गत भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खडगवंशी द्वारा अपने संबोधन में कहा कि हमारे उत्तर प्रदेश में धार्मिक, अध्यात्मिक तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं हैं यहाँ प्रयाग, काशी तथा मथुरा एवं वृंदावन भी है उत्तर प्रदेश की धरती पर ही भगवान श्री राम एवं श्री कृष्ण जी ने भी जन्म लिया आज उत्तर प्रदेश मा. मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में एक विकसित उत्तर प्रदेश की ओर बढ़ रहा है।

मुख्य अतिथि द्वारा अपने संबोधन में कहा कि सम्भल जनपद एक समर्थ जनपद है। यहाँ शोध की बहुत संभावनाएं जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि मेरा एक सुझाव है कि सम्भल जनपद में एक विश्वविद्यालय की स्थापना हो तथा जनपद सम्भल में नाट्य, डांस एकेडमी भी हो उन्होंने जिलाधिकारी की उनके नेतृत्व में हो रहे विकास के लिए सराहना की। उन्होंने लखनऊ घराना के कथक नृतक बिरजू महाराज जी के विषय में भी बताया। । जिला विकास अधिकारी राम आशीष द्वारा कार्यक्रम में आये सभी का धन्यवाद दिया। कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि द्वारा 10 ट्राईसाईकिल वितरित कीं तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत समूहों की दीदियों को प्रशस्ति पत्र दिये गये तथा विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अन्तर्गत टूल किट का वितरण किया तथा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के 4 लाभार्थियों को पांच- पांच लाख का प्रतीकात्मक चेक वितरित किये तथा उद्यान विभाग के द्वारा 3 किसानों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की ओर से उत्तर प्रदेश पर्व हमारी संस्कृति हमारी पहचान के अन्तर्गत जनपद एवं मण्डल तथा राज्य स्तर पर विजित हुए कलाकार बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## एसओजी टीम पर हमला करने वाले तीन बैटरी चोर गिरफ्तार

बरेली । बिथरी चैनपुर क्षेत्र में डंपरों से चोरी हुई बैटरियों के मामले की जांच में जुटी एसओजी पर गुरुवार रात हुए हमले के बाद पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में शुक्रवार देर रात को पुलिस ने 45 चोरी की बैटरियों के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है, जो बैटरियां लेकर जिले से बाहर फरार होने की कोशिश कर रहे थे। एसएसपी अनुराग आर्या ने शनिवार को बताया कि कुछ दिन पहले बिथरी चैनपुर इलाके में एक निर्माण साइट पर खड़े पांच डंपरों से महंगी बैटरियां चोरी हुई थी। एसओजी को जांच के दौरान पता चला कि आरोपित संगठित तरीके से बैटरियों की चोरी कर उन्हें बाहर बेचने का काम कर रहे थे। शुक्रवार रात पुलिस को पुख्ता सूचना मिली कि चोरी की बैटरियां एक वाहन में लादकर बाहर ले जाई जा रही हैं। इस पर एसओजी और स्थानीय पुलिस ने बेनीपुर नहर जाने वाले रास्ते पर घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया।

## जिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव पर पन्द्रह नवजात बालिकाओं की माताएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस एवं उत्तर प्रदेश दिवस पर जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय गौरीगंज में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान पन्द्रह नवजात बालिकाओं की माताओं को बेबी किट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य लिंगानुपात में सुधार, बालिकाओं को शिक्षित व सशक्त बनाना, महिलाओं के विरुद्ध प्रचलित कुरीतियों जैसे घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या एवं बाल विवाह को रोकना है, साथ ही समाज में सकारात्मक सोच विकसित करना है। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मिशन शक्ति, वन स्टॉप सेंटर, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना से संबंधित पम्पलेट वितरित कर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। इसके अतिरिक्त उपस्थित जनमानस को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई।अन्तर्राष्ट्रीय राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव द्वारा हरी झंडी दिखाकर बालिका जागरूकता रैली को रवाना किया गया। यह रैली मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से प्रारम्भ होकर गौरीगंज नगर में भ्रमण करते हुये सम्पन्न हुई। रैली के माध्यम से विभागीय योजनाओं का प्रचार प्रसार किया गया तथा पीसीपीएनडीटी एक्ट (कन्या भ्रूण हत्या निषेध) के सम्बंध में आम जनमानस को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सकगण, जिला बाल संरक्षण इकाई, चाइल्ड हेल्पलाइन, वन स्टॉप सेंटर अमेठी, हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन योजना सहित संबंधित विभागों की टीमें उपस्थित रही।

## उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पर औरैया में विकास का उत्सव, लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगात

औरैया। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर ककोर स्थित विकास भवन प्रांगण में शनिवार को कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिले की प्रभारी मंत्री और महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन एवं फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। अपने संबोधन में राज्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाएं समाज के हर वर्ग को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रभावी भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने बेटियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सशक्तिकरण पर सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, स्टॉलों का निरीक्षण, ट्रैक्टर की चाबी वितरण, कन्या जन्मोत्सव, गोद भराई एवं अन्नप्राशन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। भारी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारी, लाभार्थी एवं नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत पांच लाभार्थियों को कुल 25 लाख रुपये, दैवीय आपदा से प्रभावित पांच पीड़ितों को 20 लाख रुपये की सहायता दी गई। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 76 समूहों को आरएफ मद में 22.80 लाख तथा 172 समूहों को सीआईएफ के अंतर्गत 2.58 करोड़ रुपये के चेक वितरित किए गए।

## देसी व्यंजनों को ग्लोबल पहचान दिलाएगी योगी सरकार

गोरखपुर। एक जनपद, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के जरिये जिलों के विशिष्ट उत्पादों तथा शिल्प को राष्ट्रीय और वैश्विक ख्याति दिलाने के बाद उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार अब जिलों के देसी व्यंजनों को ग्लोबल पहचान दिलाने जा रही है। इसका माध्यम बनेगा एक जनपद, एक व्यंजन (ओडीओसी) योजना। ओडीओसी में मंडलवार क्लस्टर तय कर व्यंजनों को शामिल किया गया है। गोरखपुर मंडल के क्लस्टर में लिट्टी चोखा मुख्य व्यंजन होगा। जबकि इसके साथ बुढ़ऊ चाचा की बर्फी, लहसुन वाले छोले समोसे, खोया आधारित मिठाई राम कचौरी, गुड़, मीठा समोसा, मालपुआ, दही चूड़ा, गुड़ की जलेबी, केला चिप्स, पेड़ा और लाल खोरमा को भी मंडल के अलग-अलग जिलों की व्यंजन सूची में स्थान दिया गया है। वर्ष 2018 में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ओडीओपी योजना शुरू की थी। इस योजना ने जिलों तक सिमटे रहे स्थानीय उत्पादों और विशिष्ट शिल्प को ग्लोबल पहचान दिलाने के साथ कारोबार और इसके जरिये रोजगार को नई ऊंचाई दी है। अब इस वर्ष के उत्तर प्रदेश दिवस पर लांच ओडीओसी योजना के माध्यम से जिलों के खास जायकों को व्यापक पहचान और बाजार दिलाने की तैयारी है। ओडीओसी (एक जिला एक व्यंजन) योजना से सरकार हर जिले के विशिष्ट व्यंजन को बड़े फलक पर पहचान दिलाएगी। साथ ही गुणवत्ता, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में भी व्यंजन के व्यापार से जुड़े कारोबारियों की मदद करेगी। इन व्यंजनों को जीआई (भौगोलिक संकेतक) टैग भी दिलाया जाएगा और पर्यटन विभाग के सहयोग से प्रमुख पर्यटन स्थलों पर ओडीओसी में शामिल व्यंजनों के स्टॉल्स भी लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन ने बताया कि गोरखपुर मंडल के व्यंजन क्लस्टर में लिट्टी चोखा को शामिल किया गया है। गोरखपुर सहित पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिलों में देसी जायके के रूप में लिट्टी चोखा काफी मशहूर है।

## योगी सरकार का लक्ष्य प्रदेश की अर्थव्यवस्था वन ट्रिलियन डॉलर पहुंचाना : अनिल कुमार

बिजनौर । प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल ने शनिवार को उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर बिजनौर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य लक्ष्य वर्ष 2030 तक प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी बनाना है। इसके लिए शासन द्वारा गंभीरता पूर्वक सार्थक प्रयास किया जा रहे हैं। इंदिरा बल भवन में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के बाद मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि आज उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश के रूप में देश की अर्थव्यवस्था का एक मजबूत स्तंभ बन चुका है। लगातार विकास के हर क्षेत्र में अपने नए-नए आयाम तय कर रहा है। उन्होंने उपस्थित जनसमूह का आह्वान करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए हर व्यक्ति अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा एवं गंभीरता पूर्वक निर्वहन करे ताकि उत्तर प्रदेश देश ही में नहीं बल्कि विश्व स्तर पर अपने विकास और अपनी प्रतिभा के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हो। इस अवसर पर विधायक नहटौर ओम कुमार, मुख्य विकास अधिकारी रण विजय सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

## 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर डीएम ने दिलाई शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। शनिवार को राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर शनिवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अवनीश राय ने की।शुरुआत मां सरस्वती के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुई। जिलाधिकारी ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाताओं द्वारा ली जाने वाली शपथ दिलाई और मतदाता जागरूकता प्रभात फ़ेरी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही सिगनेचर कर हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ भी किया गया। समारोह में बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को शॉल, फूलमाला और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। वहीं, स्वीप कार्यक्रम के तहत बीएलओ सुपरवाइज़र को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।जिलाधिकारी ने कहा कि सभी नागरिक लोकतंत्र में अपनी आस्था रखते हुए निर्वाचन की गरिमा बनाए रखें और निर्भीक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे। बदायूँ में राष्ट्रीय मतदाता दिवसः जिलाधिकारी अवनीश राय ने कलेक्ट्रेट सभागार में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई, मतदाता जागरूकता प्रभात फ़ेरी को रवाना किया और सिगनेचर कर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का सम्मान भी किया गया।

## उत्तर प्रदेश सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रदेश: दया शंकर सिंह

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में शनिवार को तुलसीसदन हादीहाल में तीन दिन तक चलने वाले विकसित उत्तर प्रदेश-विकसित भारत की थीम पर ''उत्तर प्रदेश दिवस समारोह का शुभारम्भ राज्यमंत्री परिवहन जनपद के प्रभारी दयाशंकर सिंह ने किया। शुभारम्भ अवसर पर प्रभारी मंत्री ने लोगों को सम्बोधित करते हुये कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थापना 24 जनवरी 1950 को आज ही के दिन हुई थी, पहले इस प्रदेश को संयुक्त प्रान्त के नाम से जाना जाता था, आजादी के बाद से इसे उत्तर प्रदेश के नाम जाना गया। देश के कई प्रान्तों के लोग उत्तर प्रदेश में निवास करते हैं। जनपद में एक जनपद एक उत्पाद में आंवला पूरे देश व दुनिया में प्रसिद्ध है। उप्र हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में अटल इलेक्ट्रनिक बसें चल रही है जो आरामदायक, खूबसूरत व प्रदूषण मुक्त है। विधायक सदर राजेन्द्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में देश व प्रदेश विकास के पथ पर अग्रसर है, अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों को संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो रहा है। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी ने कहा कि आज का दिन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन हम अपने प्रदेश की स्थापना की वर्षगांठ मना रहे हैं। उत्तर प्रदेश ऐतिहासिक, पौराणिक एवं पुरातात्विक दृष्टि से अत्यंत समृद्ध प्रदेश है।

सिंधु घाटी सभ्यता, जिसे सरस्वती सभ्यता भी कहा जाता है, से लेकर वैदिक काल, मौर्य वंश, गुप्त वंश, महाराज हर्षवर्धन के शासनकाल, मुगल एवं ब्रिटिश काल तक का गौरवशाली इतिहास इस भूमि से जुड़ा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव ने कहा कि उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन चुका है, उप्र की सरकार में शहरों और गांवों का विकास हो रहा है। उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर श्रीराम मंदिर के निर्माण में एक करोड़ का दान करने वाले सियाराम को सम्मानित किया गया। आयुष्मान योजना के पांच लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड का प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के पांच लाभार्थियों व पीएम स्वनिधि योजना के छह लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के पांच लाभार्थियों प्रमाण पत्र, गोवंश कन्ट्रोल रूम के उत्कृष्ट तीन कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, कृषि विभाग के कृषकों कर्मचारियों, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के पांच लाभार्थियों प्रमाण पत्र, पंचायती राज विभाग के दो अच्छे कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों खुर्शीद अहमद व रेनू सिंह, दो सफाई कर्मी व दो पंचायत सहायक प्रशस्ति पत्र, बाल विकास एवं पुष्टाहार के कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की समूह की महिलाओं को 67 करोड़ 89 लाख 90 हजार का डेमो चेक व उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों को प्रमाण पत्र, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सात पीआरडी जवानों को प्रशस्ति पत्र, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के पांच लाभार्थियों को टूलकिट और तीन उत्कृष्ट उद्यमियों को प्रमाण पत्र, आरसेटी के 25 अभ्यर्थियों को मशरूम का प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु प्रमाण पत्र, माटीकला टूलकिट्स योजना के पांच लाभार्थियों को इलेक्ट्रानिक चाक मशीन व एक लाभार्थी को पगमिल मशीन का वितरण, चिकित्सा विभाग के चिकित्सक/स्टाफ को प्रशस्ति पत्र दिया गया।

## राजकीय महिला महाविद्यालय में जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताएँ संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय, बरेली में शनिवार को जनपद स्तरीय सड़क सुरक्षा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्य एवं नोडल अधिकारी प्रोफ़ेसर दीपा अग्रवाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।प्रतियोगिता में महात्मा ज्योतिबा फूले रोहिल खंड विश्वविद्यालय की टीम ने प्रथम स्थान, राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय बरेली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके पश्चात आयोजित भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय फरीदपुर की कविता सागर प्रथम, खंडेलवाल कॉलेज के अभय सिंह द्वितीय तथा रोहिलखंड विश्वविद्यालय की प्रगति तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं रील/वीडियो प्रतियोगिता में बरेली कॉलेज के रोहन यादव ने प्रथम स्थान, वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी राजकीय महिला महाविद्यालय की मंजू ने द्वितीय तथा रोहिलखंड विश्वविद्यालय के मोहम्मद इनाम खान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन प्रोफ़ेसर नवनीत कौर आहूजा, प्रोफ़ेसर रविंद्र बंसल एवं सेवानिवृत्त संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. अनीता त्यागी द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी प्रोफ़ेसर सुधीर चौहान ने विजेता छात्र-छात्राओं के नामों की घोषणा की। संपूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या के संरक्षण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हिन्दू सम्मेलन आयोजन

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। सम्मेलन आयोजन समिति श्रीराम बस्ती और अम्बेडकर बस्ती के तत्वावधान में आयोजित होने वाले हिंदू सम्मेलन के निमंत्रण हेतु जनजागरण फ़ेरी का आयोजन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी के नेतृत्व में अंकित जैन जी का गोदाम से पदयात्रा निकाल कर खुर्ज़ा गेट, अजन्ता टाकीज, कैथल गेट, ब्रह्म बाजार, फड़याई बाजार, नमक मण्डी, घंटाघर, लाठी बाजार बालाजी मेडिकल मोड़, जवाहर रोड़, बड़ा महादेव, खुर्ज़ा गेट होते हुए मोहल्ला लोधियान तक पहुँचकर हिन्दू जनमानस से सम्मेलन में आने का आग्रह किया। इस दौरान समिति अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रवाल गोगी, अंकित जैन, गिरीश रतन, शुभम अग्रवाल, कौशल किशोर, मंतेश वार्ष्णेय, दिनेश चीनी, पिंकल वार्ष्णेय, अरविन्द वार्ष्णेय, आयुष गोयल, अंकुर अग्रवाल, सभासद अनुराग गर्ग, सभासद तरुण नीरज, श्याम कुमार, विवेक चौधरी, आदित्य दुबे, राजकुमार ठाकरे, सभासद निशान्त शर्मा, सभासद नवकान्त शर्मा, भगवती प्रसाद, राजेश पाल, राजू अंजान, सभासद मोहित दिवाकर, शीनू गुप्ता, कृष्णा शर्मा, शीला सागर, पवन अग्रवाल, मनोज दिवाकर, दीपेश वार्ष्णेय, शिखर अग्रवाल, आचार्य नरेन्द्र शर्मा, अजय अग्रवाल, ज्ञान प्रकाश शर्मा आदि रहे।

## एस एम कॉलेज में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया

संभल कैनविज टाइम्स संवाददाता। आज एस एम कॉलेज, चंदौसी में उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य डॉ एन के शर्मा एवं रानी रामकली सांस्कृतिक क्लब के संयोजक डॉ आर ए एस यादव ने मां सरस्वती एवं रानी रामकली जी के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर छात्र – छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉ एन के शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश दिवस का आयोजन पूरे राज्य में समारोह पूर्वक किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश भारत की गौरवमयी विरासतों , अनूठी संस्कृतियों एवं इतिहास के संगम की भूमि है। इस दिवस के आयोजन का उद्देश्य राज्य की समृद्ध संस्कृति, शिल्प एवं धरोहर का उत्सव मनाना तथा इसकी विकास यात्रा और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शित करना है। बी एड विभाग की प्रभारी डॉ स्तुति विशिष्ट ने कहा कि इस वर्ष समारोह की थीम '' विकसित भारत , विकसित उत्तर प्रदेश'' है। इस अवसर पर छात्रा इतिशा गौड़ एवं मंजरी गुप्ता ने काव्य पाठ किया। छात्र केशव एवं कृष्णा की जोड़ी ने गायन एवं वादन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के अंत में डॉ आर ए एस यादव ने धन्यवाद ज्ञापन किया एवं संचालन स्कंद, असि. प्रोफ़ेसर ने किया। इस अवसर पर डॉ विशेष कुमार पांडेय, डॉ नेहा, डॉ ज्योति, डॉ कादंबरी मिश्रा उपस्थित रहीं।

## लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी पर सरस्वती पूजन व द्वितीय इंट्रेंस एग्ज़ाम सम्पन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। लॉर्ड कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, बदायूँ में शुक्रवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर विद्या की अधिष्ठात्री देवी माँ सरस्वती का विधिवत पूजन–अर्चन किया गया। इसी शुभ अवसर पर आगामी शैक्षिक सत्र के लिए द्वितीय इंट्रेंस एग्ज़ाम का सफल आयोजन भी किया गया। इंट्रेंस परीक्षा में लगभग 230 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा का आयोजन पूर्णतः शांत, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न हुआ, जिससे अभिभावकों में संतोष एवं विश्वास का भाव देखने को मिला। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि इंट्रेंस एग्ज़ाम का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षिक क्षमता का आकलन कर उन्हें गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा प्रदान करना है। इस अवसर पर विद्यार्थियों को निःशुल्क एडमिशन फीस की सुविधा भी दी गई, जिसे अभिभावकों ने सराहा। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा रंगारंगसांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही अभिभावकों के लिए मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसमें उन्होंने बढ़–चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का समापन उल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक श्री वेदव्रत त्रिवेदी, सह– संस्थापक श्री तेजस्व त्रिवेदी, निदेशिका श्रीमती छवि शर्मा व श्रीमती रीता शर्मा, शैक्षिक निदेशक श्री देवव्रत त्रिवेदी तथा प्रधानाचार्य श्री दीपक त्यागी सहित विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

## गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में उत्तर प्रदेश दिवस पर संगोष्ठी

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) एवं रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ल्लविकसित भारत 2047 में उत्तर प्रदेश का योगदानङ्क विषय पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ।कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफ़ेसर सरला चक्रवर्ती ने किया। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक विकास में हमेशा महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने युवाओं से कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की प्राप्ति में उनकी सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक रहना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अवनीशा वर्मा ने उत्तर प्रदेश दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राज्य संस्कृति, शिक्षा, कृषि और औद्योगिक विकास में देश को दिशा देने वाला रहा है। छात्राओं ने संगोष्ठी में अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर सभी शिक्षकगण और छात्राओं ने ईमानदारी, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ मतदान करने की शपथ भी ली। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अवनीशा वर्मा द्वारा किया गया। एनएसएस स्वयंसेवकों, रेंजर्स, शिक्षकगण एवं छात्राओं की सक्रिय भागीदारी से कार्यक्रम सफलता पूर्वक संपन्न हुआ।

## एशियन सिख गेम्स में बदायूँ के अजय पाल सिंह करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बदायूँ जनपद के अंतर राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त ताइक्वान्डो खिलाड़ी अजय पाल सिंह का चयन द्वितीय एशियन सिख गेम्स के लिए हुआ है। 30S31 जनवरी 2026 को तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में होने वाली प्रतियोगिता में अजय पाल सिंह सीनियर वर्ग पूमसे टीम स्पर्धा में भारत की ओर से प्रतिभाग करेंगे। वर्तमान मे अजय पाल सिंह एपीएस इंटरनेशनल स्कूल, उझानी (बदायूँ) में ताइक्वान्डो कोच हैं। जिले में खुशी की लहर, खेल जगत में बढ़ा बदायूँ का मान।

## विद्यालय में बसंतोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न

बदायूँ कैनविज टाइम्स संवाददाता। बसंत पंचमी उत्सव शुक्रवार को शिवदेवी शिशु मंदिर में हवन–यज्ञ व माँ सरस्वती पूजन के साथ हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ। विद्यारम्भ संस्कार, नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती और वीर हकीकत राय बलिदान दिवस भी श्रद्धापूर्वक मनाए गए। तीन से पाँच वर्ष के बच्चों ने ? लेखन से शिक्षा का श्रीगणेश किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने समां बांधा, अंत में प्रसाद वितरण।

## बिकरू कंड पर पांच साल बाद विकास दुबे की पत्नी बोली, खुशी दुबे परिवार को कर रही बदनाम

कानपुर। उत्तर प्रदेश में कानपुर के बिकरू कंड पर बनी फिल्म और मुख्य साजिशकर्ता गैंगस्टर मृतक विकास दुबे पर खुशी दुबे द्वारा लगाये जा रहे आरोपों को लेकर शनिवार को विकास दुबे की पत्नी ऋचा दुबे पांच साल बाद मीडिया के सामने आई। उन्होंने कचहरी स्थित एक गेस्ट हाउस में पत्रकार वार्ता की।

ऋचा दुबे ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि खुशी दुबे लगातार उनके पति विकास दुबे और उनके पूरे परिवार को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। इसी वजह से वह मीडिया के सामने आकर अपना पक्ष रखने को मजबूर हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि खुशी दुबे खुद को जिस नाम से प्रचारित कर रही है, वह सही नहीं है। उसका असली नाम या तो खुशी तिवारी है या फिर खुशी ठाकुर।

ऋचा का दावा है कि खुशी की तीन शादियां हो चुकी हैं। खुशी के पहले पति के बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है, दूसरा पति अतुल ठाकुर था। तीसरी शादी उसने अमर तिवारी से की थी। उन्होंने खुशी द्वारा लगाए गए इस आरोप को भी सिरे से खारिज किया कि विकास दुबे उसे जबरन उठाकर लाए थे। ऋचा ने कहा कि खुशी को ठाकुर परिवार से बचाकर लाया गया था और बाद में उसने अपनी मर्जी से अमर तिवारी से शादी की थी। इस मामले में वह विकास दुबे को बदनाम कर रही है।

बिकरू कंड को लेकर ऋचा दुबे ने कहा कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं थी और जो कुछ भी हुआ, वह गलत था। उन्होंने कहा कि यदि विकास दुबे आज जीवित होते तो सच्चाई खुद सामने आ जाती। ऋचा ने यह भी आरोप लगाया कि वह आज भी मानसिक और सामाजिक प्रताड़ना झेल रही हैं। आज भी उन्हें लोग अपराधी की पत्नी की तरह ही देखते और व्यवहार करते हैं, जबकि वह निर्दोष है।

बिकरू कंड पर बनी फिल्म को लेकर ऋचा दुबे ने कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि फिल्म में विकास दुबे को लेकर कई झूठे और भ्रामक तथ्य दिखाए गए हैं। इसी के खिलाफ उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका भी दाखिल की है।

## वाराणसी में देह व्यापार का खुलासा, तीन युवतियां समेत पांच लोग पकड़े गए

वाराणसी। वाराणसी के कुंज विहार कॉलोनी में एसओजी टू एवं कैंट थाना पुलिस ने दबिश देकर एक मकान में चल रहे अनैतिक देह व्यापार का खुलासा किया।

कैंट थाना प्रभारी शिवाकांत मिश्रा ने शनिवार को बताया कि अज्ञात नंबर से पुलिस को मिली सूचना के आधार पर एक मकान में छापेमारी की गई, जहां मौके पर व्यापार होता हुआ पाया गया है। मौके से तीन युवतियां, एक महिला और एक व्यक्ति जो ग्राहक प्रतीत हो रहा है, उसे हिरासत में लिया गया है। कैंट थाने ले जाकर सभी से पूछताछ की जा रही है। मौके पर आपत्तिजनक सामग्री भी बरामद की गई है।

# पुलिस लाइन मैदान में हुई गणतंत्र दिवस परेड की ग्रैंड रिहर्सल, एसपी ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन गोण्डा में गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाली ग्रैंड रिहर्सल परेड की सलामी ली गयी,तत्पश्चात पुलिस अधी क्षक द्वारा ग्रैंड रिहर्सल परेड का निरीक्षण किया गया। ग्रैंड रिहर्सल परेड के दौरान प्रथम परेड कमाण्डर सहायक पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिका री कर्नलगंज अभिषेक दावाच्याँ ( आईपीएस ) द्वितीय परेड कमाण्डर प्रदीप कुमार (प्रशिक्षु आईपीएस )तृतीय परेड कमाण्डर उपनिरीक्षक हृदयानन्द रावत तथा उद्घोषक हेड कांस्टेबल हृदय नारायण दीक्षित कांस्टेबल आनन्द भट्ट महिला कांस्टेबल संगीता दीक्षित सहित सम्पूर्ण परेड ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिसलाइन के वरिष्ठ अधिकारियों से गणतन्त्र दिवस के परेड की तैयारियों पर च र्चा करते हुए परेड को और अधिक सुव्यवस्थि त एवं सुसज्जित बनाने के लिए सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। 77 वाँ गणत न्त्र दिवस समारोह 2026 की रैतिक पुलिस परे ड में कुल आठ टोली जिसके अन्तर्गत सशस्त्र पुलिस, नागरिक पुलिस,पुलिस कार्यालय, आरटी सी,महिला पुलिस, पीएसी व एनसीसी व सात वाहन दस्ते जिसमें मोटर साइकिल दस्ता, पुलि स वायरलेस, डायल यूपी 112, फिल्ड यूनिट, डॉग स्क्वॉड, फायर सर्विस के द्वारा अपने अप ने क्षेत्र में प्राप्त जिम्मेदारियों का अद्भुत आकर्ष क प्रदर्शन किया जायेगा।इसके अतिरिक्त 30 वीं वाहिनी गोण्डा के प्रशिक्षित बैण्ड वादकों द्वारा समस्त परेड के दौरान मनमोहक प्रदर्शन किया जायेगा।77 वाँ गणतन्त्र दिवस समारोह 2026 के रैतिक पुलिस परेड में मुख्य अतिथि मंडलायुक्त देवीपाटन शशिभूषण लाल सुशील परेड का मान प्रणाम ग्रहण करेंगे।

# मुफ्त योजनाएं पस्त, गोण्डा मेडिकल कॉलेज में लाखों की मशीनें फांक रहीं धूल

गोंडा मेडिकल कॉलेज में अल्ट्रासाउंड




कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब मरीजों को निःशुल्क इलाज मिल सके, इसे लेकर कई योजनाएं चलाई जा रही हैं हालांकि इन योजना ओं का लाभ मरीजों को नहीं मिल पा रहा है। चिकित्सकों के अभाव में लाखों की मशीनें धूल फांक रही हैं और मरीजों को निजी अस्पतालों की ओर रुख करना पड़ रहा है।गोण्डा मेडिकल कॉलेज में इसकी बानगी देखने को मिल रही है यहां लाखों रुपए की अल्ट्रासाउंड मशीन और

सीटी स्कैन मशीनें तो हैं लेकिन आए दिन खरा ब रहती है यही नहीं न कोई रेडियोलॉ जिस्ट तै नात नहीं है जिसकी वजह से मरीजों की जांच मेडिकल कॉलेज में नहीं हो पा रही हैं और मरी जों को मजबूरन अन्य प्राइवेट अस्पतालों का रुख करना पड़ रहा है। न तो भर्ती मरीजों को सुविधा मिल रही है इसके साथ ही एक समस्या यह भी है कि रेडियोलॉजिस्ट न होने के कारण जो मेडिकल कॉलेज में मरीज भर्ती हैं, उन्हें भी सुविधा नहीं मिल रही है।डॉक्टर मरीज को नि जी अल्ट्रासाउंड सेंटर पर भेज रहे हैं।

### देवीपाटन मंडल का बड़ा मेडिकल कॉलेज

गोंडा मेडिकल कॉलेज से संबद्ध बाबू ईश्वर शर ण जिला चिकित्सालय की बात करें तो यहां हर रोज बड़ी संख्या में मरीज अपना उपचार कराने के लिए आते हैं
रेडियोलॉजिस्ट न होने के कार ण मरीजों को अल्ट्रासाउंड सहित सहित अन्य प्रकार की जांच कराने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है जिसके बाद वह बाहर निजी अल्ट्रासाउंड सेंटर में करवाते हैं,जहां उन्हें मोटी फीस देनी पड़ती है वहीं, मेडिकल कॉलेज के
प्राचार्य का कहना है कि शासन को रेडियोलॉ जिस्ट प्रोफ़ेसर की नियुक्ति के लिए पत्र लिख दिया गया है ताकि जल्द से जल्द मेडिकल कॉलेज में यह सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी।

# ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि ने हाई मास्क लाइट और इण्टरलाकिंग सड़क का किया लोकार्पण



कैनविज टाइम्स संवाददाता

तिलोई अमेठी । विकास क्षेत्र तिलोई की ग्राम पंचायत गड़ेहरी के गांव पूरे गौरी सिंह स्थित प्राचीनतम काली मंदिर प्रांगण में ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि ने क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा लगाई गई हाई मास्क लाइट एवं इण्टरलाकिंग सड़क का वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ लोकार्पण कर आम जनमानस को समर्पित किया और मां काली के दरवार में दर्शन पूजन किया।ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर अंगवस्त्र भेंट किया गया। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास मेरी पहली प्राथमिकता है मैं विकास कार्य में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेता हूं और ग्रामीणांचल की सड़कों को मुख्य मार्गो को सर्वाधिक जोड़ने का काम किया गया है इससे आम जनमानस को काफी राहत और सुगमता प्रदान हुई है। ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कहा कि क्षेत्र पंचायत निधि द्वारा तिलोई विकास क्षेत्र के प्रमुख कस्बों,चौराहों,धार्मिक स्थलों के साथ ही पशु आश्रय स्थलों में हाई मास्क लाइट लगवाई गई है। काली मंदिर कमेटी के प्रबंधक आशीष मिश्रा सुभाष मिश्रा ने अतिथियों को अंगवस्त्र पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि संतोष तिवारी उर्फ राजू तिवारी, रघुराज प्रताप सिंह, संजय मिश्रा, पंकज कुमार, कृष्ण कुमार विश्वकर्मा, विमल कुमार, विनोद कुमार, शिव कुमार चौरसिया, आशीष चौरसिया, आशुतोष विश्वकर्मा सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

# यहां बीडीओ की छत्रछाया में मनरेगा योजना में फल-फूल रहा भ्रष्टाचार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- हरिचंदपुर,नारायणपुर माफी,लोनावा दरगाह निधिनगर, पचरन और बेलवा भान में फर्जी मस्टर रोल का आरोप
- मनरेगा योजना में लूट पर मूकदर्शक बने हुए है खंड विकास अधिकारी व ब्लाक प्रमुख

गोण्डा । जिले का रूपईडीह विकास खंड इन दि नों मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर व्याप्त भ्र ष्टाचार को लेकर सुर्खियों में है।यहां खंड विका स अधिकारी की मेहरबानी के चलते केंद्र सर कार की इस अतिमहत्वाकांक्षी योजना को फ र्जी मस्टर रोल के जरिए लूटने का गोरखधंधा बंद नहीं हो रहा है।ऐसे में न सिर्फ सरकार की मंशा पर पानी फिर रहा है, बल्कि सरकारी धन का भी वारा-न्यारा किया जा रहा है। जिले के रूपईडीह विकास खंड की ग्राम पंचायत हरि चंदपुर 84,नारायणपुर माफी 50,लोनावा दर गाह 30,निधिनगर 43,पचरन 50 में श्रमिक दिखाए गए, लेकिन जो फोटो अपलोड की गई है,उसमें बड़ा खेल हुआ है।ऐसे में यह खुलासा हो रहा है कि फर्जी फोटो का खेल रुपईडीह

ब्लॉक में बेखौफ जारी है। रूपईडीह विकास खंड की ग्राम पंचायतों में जिस तरह से मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार चल रहा है, वह सिस्टम पर सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों का आरोप है कि शिकायतों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है,बल्कि जांच के नाम पर खानापूर्ति कर जिम्मेदारियों से मुंह मोड़ लिया जाता है। दर असल,सूत्र बताते हैं कि रूपईडीह ब्लॉक में खंड विकास अधिकारी की छत्रछाया में मनरेगा योजना में भ्रष्टाचार फल फूल रहा है।शिकायत होने या मीडिया में खबरें छपने के बाद बीडीओ की सख्ती दिखाई देती है,लेकिन सिर्फ हवा-ह वाई वास्तविकता तो यह है कि इसके बाद ग्राम प्रधानों की क्लास ली जाती है और फिर धमका कर भ्रष्टाचार में भी भ्रष्टाचार का खेल खेला जा ता है।इन ग्राम पंचायतों में श्रमिकों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है, जिससे मनरेगा योजना में चल रही लूट पर किसी को शक न हो।बीडी ओ से लेकर एपीओ तथा अन्य जिम्मेदार अधि कारियों व कर्मचारियों की संलिप्तता के कारण ही मनरेगा योजना में बड़े पैमाने पर चल रहे भ्र ष्टाचार के खेल पर न तो रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है और न ही जांच कराकर दोषि यों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### क्या कहते हैं डीसी मनरेगा जनार्दन यादव

रूपईडीह विकास खंड में मनरेगा योजना में किए जा रहे भ्रष्टाचार के बाबत डीसी मनरेगा जनार्दन यादव का कहना है कि मनरेगा में पार दर्शिता का हरसंभव प्रयास किया जाता है।इस संबंध में सख्त हिदायत भी दी जाती रहती है और समय-समय पर कार्यों की निगरानी भी कराई जाती है।उन्होंने कहा कि मामले की जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रभात फ़ेरी से होगा गणतन्त्र दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों का श्रीगणेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । गणतन्त्र दिवस के शुभ अवसर पर 26 जनवरी 2026 को जनपद में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों का श्रीगणेश प्रातः 08:00 बजे राजकीय बालिका इण्टर कालेज से नगर पालिका तक निकाली जाने वाली प्रभात फ़ेरी से होगा। प्रातः 08:30 बजे समस्त सरकारी भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तत्समय राष्ट्रगान का गायन होगा और संविधान में उल्लिखित संकल्प का स्मरण किया जायेगा। प्रातः 08:45 बजे ही कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित त्रिमूर्तियों तथा शहीद पार्क में स्थापित महापुरूषों की मूर्तियों पर माल्यार्पण होगा तथा इन्दिरा स्टेडियम से पानी टंकी चौराहा-चर्च-जेल रोड, अस्पताल चौराहा होते हुए इन्दिरा स्टेडियम तक बाल बालिकाओं की क्रासकंट्री दौड़ आयोजित होगी। गणतन्त्र दिवस के अवसर पर प्रातः 09:00 बजे पुलिस लाईन में भव्य पुलिस परेड व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। पूर्वान्ह 10:00 बजे समस्त शैक्षिक संस्थाओं में राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा तत्समय राष्ट्रगान का गायन होगा तत्पश्चात वाद-विवाद प्रतियोगिता, विचार गोष्ठी, निबन्ध लेखन, खेलकूद एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जायेगा। पूर्वान्ह 11:00 बजे स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी विश्राम कक्ष में विचार गोष्ठी आयोजित की जायेगी। अपरान्ह 02:00 बजे पुलिस लाईन बहराइच से डिगिहा तिराहा, छावनी, घण्टाघर होते हुए नगर पालिका परिषद तक पुलिस, होमगार्ड्स, पीआरडी, एनसीसी तथा स्काउटगाइड का सम्मिलित रूटमार्च एवं साक्षरता मार्च का आयोजन होगा। इसी प्रकार सांय 05:00 बजे नगर पालिका परिषद हाल में सार्वजनिक सभा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया जायेगा। जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी द्वारा जारी आदेश में उप जिलाधिकारी, तहसीलदार एवं खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि गणतन्त्र दिवस के अवसर पर तहसीलों एवं ब्लाक मुख्यालयों पर उपरोक्तानुसार कार्यक्रम आयोजित कराना सुनिश्चित करें।

# संभाषण प्रतियोगिता में विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नानपारा, बहराइच। हिंदी साहित्य सुरभि संस्थान, नानपारा द्वारा श्री शंकर इंटर कॉलेज के सभागार में एक अंतर-स्कूल संभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के आठ विद्यालयों से कुल 30 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतियोगिता को दो वर्गों में आयोजित किया गया। अवर वर्ग के प्रतिभागियों के लिए भारतीय संस्कृति में हिंदी साहित्य की भूमिका विषय निर्धारित किया गया, जबकि प्रवर वर्ग के लिए सोशल मीडिया का दैनिक जीवन पर प्रभाव विषय रखा गया। दोनों ही वर्गों में छात्र-छात्राओं ने विषय की गहन समझ के साथ प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसे निर्णायकों ने सराहा। प्रतियोगिता के समापन के पश्चात दोनों वर्गों के विजेता प्रतिभागियों को शील्ड एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। अवर वर्ग में श्री शंकर इंटर कॉलेज, नानपारा के छात्र प्रखर कुमार वर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान अवध बिहारी मेमोरियल इंटर कॉलेज की छात्रा दिव्या तथा तृतीय स्थान वैद्य भगवान दीन बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा सलमा को मिला। वहीं चतुर्थ स्थान पर कोमल सोनी रहीं। प्रवर वर्ग में सआदत इंटर कॉलेज की छात्रा निधि यादव प्रथम, श्री शंकर इंटर कॉलेज की छात्रा विमला देवी द्वितीय तथा सआदत इंटर कॉलेज के छात्र आदित्य चौहान तृतीय स्थान पर रहे। चतुर्थ




स्थान प्राप्त करने पर छात्रा कहकशा को भी पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर संस्थान के अध्यक्ष धर्मेंद्र श्रीवास्तव एवं अनुराग श्रीवास्तव ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम का संचालन संस्थान के महामंत्री उमेश चंद्र शाह द्वारा किया गया। इस अवसर पर रजनीकांत मिश्रा, ओमप्रकाश पोद्दार, कोषाध्यक्ष प्रेमनाथ मिश्रा, डॉ. दिनेश चंद्र, डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, श्वेता सिंह, खुशबू शर्मा, राजेंद्र मित्तल, अजय अग्रवाल, वीरांगना कांत, सुरेश चंद्र शाह, मनोज तिवारी, शिवकुमार वैश्य सहित विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकगण उपस्थित रहे।

## नाबालिग से सामूहिक दुराचार के दो दोषी को आजीवन कारावास, 60 हजार का जुर्माना

गोंडा कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना नवाबगंज क्षेत्रांतर्गत निवासी वादि नी द्वारा थाना वजीरगंज में लिखित तहरीर दी गयी कि विपक्षी दुर्गेश व राम आसरे द्वारा उन की नाबालिग पुत्री के साथ दुराचार किया गया है।वादिनी की लिखित तहरीर पर थाना वजीर गंज में सुसंगत धाराओं मे अभियोग पंजीकृत हुआ था।विवेचना के दौरान दोषी पाए गए आ रोपी दुर्गेश व राम आसरे को थाना वजीरगंज पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। थाना स्थानीय पर तत्कालीन विवेचक क्षेत्राधि कारी संसार सिंह राठी द्वारा साक्ष्य संकलन व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त के विरूद्ध दो दिसम्बर 2023 को माननीय न्या यालय में प्रेषित किया गया,पुलिस महानिदेशक लखनऊ के आदेश के क्रम एवं पुलिस अधीक्ष क के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चि मी राधेश्याम राय के नेतृत्व में ''आपरेशन कन्वि क्शन'' के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभि युक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम त्व रित दंडात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।जिस के क्रम में थाना वजीरगंज में पंजीकृत नाबालि ग से दुराचार सम्बन्धी अपराध में अभियोजक सुनील मिश्र व अशोक सिंह,थाना वजीरगंज के पैरोकार कांस्टेबल राहुल यादव व कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी प्रवीन चन्द्र आर्या व महिला आरक्षी वन्दना के द्वारा की गयी प्रभावी पैरवी के फल स्वरूप अपर सत्र न्यायाधीश,एफटीसी (पॉक्सो एक्ट) निर्भय प्रकाश द्वारा अभियुक्त दुर्गेश व राम आसरे को दोषसिद्ध करते हुए सश्रम अजी वन कारावास व साठ-साठ हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## दिव्यांगजन के सर्वांगीण विकास एवं पुनर्वासन योजना हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं से मांगे गये आवेदन

बहराइच कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी मंजरी भारद्वाज ने बताया कि ''दिव्यांगजन के सर्वांगीण पुनर्वासन हेतु स्वैच्छिक संस्थाओं को सहायता'' योजनान्तर्गत अर्ली इण्टरवेंशन सेन्टर, डे केयर सेन्टर/प्री-प्राइमरी, प्राइमरी, जूनियर, हाईस्कूल स्तर तक के विशेष विद्यालयों के संचालन, कौशल विकास (अधिकतम 04 ट्रेड तथा न्यूनतम 02 टेड्रड), पाठ्य सामग्री विकास एवं पुस्तकालयों का संचालन हेतु स्वैच्छिक संगठनों को सहायता अनुदान प्रदान किए जाने की व्यवस्था प्रदेश सरकार द्वारा की गयी है। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के अन्तर्गत पंजीकृत प्रदेश के स्वैच्छिक संगठन जो सम्बन्धित क्षेत्र में अनुभव तथा उक्त योजना हेतु पात्रता रखते हों विभाग की वेबसाइट यूपीएचडब्लूडी डाट जीओवी डाट इन योजना से सम्बन्धित कार्यकारी आदेश/दिशा निर्देश व आवेदन पत्र डाउनलोड भरे हुए आवेदन पत्र 30 जनवरी 2026 तक 02 प्रतियों में जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, बहराइच के कार्यालय में जमा कर सकते हैं तथा योजना के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## प्यार मे बनी चोरनी प्रेमी के साथ मिलकर अपने ही घर में रची चोरी की साजिश, चोरी की वारदात का सनसनीखेज पर्दाफाश

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। पूरनपुर थाने के गांव शेरपुर कलां में 21 जनवरी की रात हुई गहने और रुपये की चोरी की वारदात का पुलिस ने सनसनीखेज पर्दाफाश किया है पीड़ित व्यक्ति की पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर अपने ही घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था जिसका पूरनपुर क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया के कुशल निर्देशन पर प्रभारी निरीक्षक पवन पाण्डेय के नेतृत्व मे चोरी की घटना का खुलासा कर दिया पुलिस की गहन पूछताछ मे सामने आया कि उसने पति को नशा देकर गहरी नींद में सुला दिया फिर रात में प्रेमी को बुलाकर घर से नकदी और आभूषण चोरी करा दिए पुलिस ने जांच के बाद महिला और उसके प्रेमी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया पुलिस ने सब्जी के बीज विक्रेता की पत्नी और उसके प्रेमी गांव निवासी अकरम को गिरफ्तार कर लिया आरोपियों के कब्जे से 88 हजार रुपये, गले का हार और मांग टीका बरामद हुआ है पुलिस ने दोनों आरोपियों का चालान कर दिया गांव शेरपुरकलां निवासी फ़ेरी लगाकर बीज बिक्री करने वाले गुड्डू बुधवार रात पत्नी और दो पुत्री, पुत्र के साथ बरामदा में सोया था उसी रात उसके घर के कमरे का ताला तोड़कर संदूक और बेड में रखे सोने-चांदी के आभूषण और 1.60 लाख रुपये चोरी कर लिए गए थे बृहस्पतिवार सुबह बड़ी पुत्री ने पहले उसे जगाने की कोशिश की नशे की हालत के चलते शुरुआत में उठ नहीं सका जब नशा कम हुआ तो उसने घर में हुई चोरी की जानकारी आसपास के लोगो को दी घर से इंजेक्शन की खाली सिरिंज, रूमाल चारपाई पर रखा मिला उसका आरोप था कि नशा सुंघाकर उसके घर चोरी की गई है बीज व्यापारी की पत्नी अचेत होने का हाई बोल्टेज ड्रामा करती रही उसको सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया एएसपी विक्रम दहिया, सीओ प्रतीक दहिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया था ।

## सीएसजेएमयू 'एक्सप्लोर 75 डिस्ट्रिक्ट' के तहत पत्रकारिता के छात्रों ने बनाई डॉक्यूमेंट्री फिल्म

कानपुर । उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में कल्याणपुर स्थित छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय (सीएसजेएमयू) के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के छात्रों ने राज्य के 75 जिलों के बारे में 75 वीडियो बनाकर उत्तर प्रदेश के स्थापना दिवस पर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया है। इन सभी वीडियो के जरिए उत्तर प्रदेश पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई गई जो इतिहास, भूगोल, आर्थिक पृष्ठभूमि, धार्मिक व सांस्कृतिक धरोहरों को प्रदर्शित किया गया है। यह जानकारी शनिवार को विभागध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी ने दी। विभागध्यक्ष डॉ दिवाकर अवस्थी ने बताया कि वीडियो के माध्यम से छात्रों ने उत्तर प्रदेश के सभी जिलों के ऐतिहासिक, राजनीतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक गाथाओं का वर्णन किया है। उन्होंने कहा कि सभी वीडियो एक मिनट की बनाई गई है, इसी प्रकार 75 जिलों का कुल 75 वीडियो 75 मिनट का तैयार किया गया है।

# आयुक्त व डीएम ने दिलाई निष्पक्ष मतदान की शपथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा । 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर जनपद गोण्डा में लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से कमिश्न रेट एवं कलेक्ट्रेट परिसर में मतदाता शपथ का र्यक्रम का आयोजन किया गया।इस दौरान आ युक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशी ल ने कमिश्नरेट सभागार में तथा जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने कलेक्ट्रेट परिसर में अधिकारियों एवं कर्मचारि यों को निष्पक्ष,निर्भीक एवं प्रलोभन-मुक्त मतदा न की शपथ दिलाई।कार्यक्रम को संबोधित कर ते हुए आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती स्वतंत्र एवं निष्पक्ष नि र्वाचन प्रक्रिया पर निर्भर करती है।उन्होंने प्रत्ये क नागरिक से बिना किसी भय, दबाव अथवा प्रलोभन के अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आह्वान किया। आयुक्त ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा वर्तमान में चल रहे पुनरी क्षण कार्यक्रमों का नागरिकों को पूरा लाभ उठा ना चाहिए आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी मतदाता का नाम मतदाता सूची से कट गया हो,किसी प्रकार की त्रुटि हो अथवा नाम, पता या अन्य विवरण में संशोधन कराना हो, तो संबंधित मतदाता समय रहते आवश्यक कार्य वाही अवश्य करा लें, ताकि निर्वाचन के समय किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस संबंध में आमजन को व्यापक स्तर पर जागरूक करें,वही जिलाधिकारी जि ला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस का प्रमुख उद्देश्य वि शेष रूप से युवाओं को मतदान के महत्व से अ वगत कराना,उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ ना तथा मतदाता सहभागिता को बढ़ावा देना है उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही मजबूत लोकतंत्र की आधारशिला होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने लोक तंत्र की गरिमा बनाए रखने, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर रैली एवं गोष्ठी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से अधोहस्ताक्षरी द्वारा झंडी दिखाकर एक रैली का आयोजन किया गया जिसमें राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय, पीलीभीत की छात्राओं के साथ नगरीय आशा बहुओं ने भी प्रतिभाग किया। रैली में छात्राओं द्वारा बालिका दिवस से सम्बन्धित स्लोगन के साथ नारे लगाते हुये बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया गया।रैली की समाप्ति के पश्चात अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के सभागार में छा़त्राओं के साथ गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय बालिका दिवस, लिंगभेद एवं गर्भावस्था में भ्रूण हत्या के विषय पर रोचक गीतों के साथ अपने विचार रखे गये। गोष्ठी में डॉ0 आशा गंगवार के द्वारा छात्राओं को स्तन सम्बन्धी कैंसर, सरवाइकल कैंसल के लक्षण एवं पहचान और उपचार के बारे में उपयागी जानकारी प्रदान की गई। मातृ स्वास्थ्य परामार्शदाता नितिन गंगवार द्वारा टेलीमानस के विषय में बताया गया, साथ ही छात्राओं को स्वास्थ्य के क्षेत्र सम्भावित कैरियर क बारे में जानकारी प्रदान की गई। परिवार नियोजन प्रबन्धक अमित शर्मा द्वारा भ्रूण हत्या एवं लिंग की पहचान को रोकने हेतु बनाये गये कानून पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट 1994 के प्रावधानों के विषय में अवगत कराया गया। आर0के0एस0के0 कन्सलटेंट अवसार अहमद द्वारा छात्राओं को आगामी एन0डी0डी0 कार्यक्रम एवं एनीमिया से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। गोष्ठी में राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय, पीलीभीत की शक्षिका डॉ0 बरखा द्वारा सोशल मीडिया के दुस्प्रभाव, भ्रामक विज्ञापनों के प्रति सचेत रहने एवं छात्राओं की सुरक्षा के विषय में बताया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग से आये अधिकारियों द्वारा सभी छात्राओं को बाल विवाह न करने के प्रति जागरूक करते हुये बाल विवाह को रोकने हेतु शपथ दिलाई गई। गोष्ठी के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा नारी सशक्तीकरण एवं मासिक धर्म के दिनों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान रखने पर बल दिया। गोष्ठी के अन्त में मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों का गोष्ठी में प्रतिभाग करने के लिये आभार जताया गया एवं गोष्ठी में प्रतिभाग करने वाली समस्त छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किये एवं गोष्ठी में अपने उत्कृष्ट विचार रखने वाली एवं पोस्टर स्लोगन बनाने वाली छात्राओं को विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आलोक कुमार, नोडल अधिकारी नगर क्षेत्र डॉ0 लेखराज गंगवार, राम लुभाई साहनी राजकीय महिला महाविद्यालय की अध्यापिका डॉ0 बरखा, जिला चिकित्सालय से डॉ0 आशा गंगवार, ए0आर0ओ0 पीयूष कुमार सिंह, डी0सी0पी0एम0 उत्तम कुमार, परिवार नियोजन प्रबन्धक अमित शर्मा, मातृ स्वास्थ्य परामार्शदाता नितिन गंगवार, आर0के0एस0के0 सलाहकार अवसार अहमद, स्टॉफ नर्स राधा रानी, काउन्सलर नीलिमा सक्सेना, फार्मासिस्ट अमरेश सहित नगरीय क्षेत्र की आशायें तथा अन्य स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रभारी मंत्री ने सचिव राजेश गौतम एवं प्रधान विवेकानंद सरकार को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




पीलीभीत। उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 के उपलक्ष्य पर पीलीभीत जिले के हर विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया हैं।इस मौके पर पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के प्रधान विवेकानंद सरकार एवं ग्राम पंचायत नगरिया खुर्द कला के ग्राम विकास अधिकारी राजेश गौतम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रधान विवेकानंद ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही हर जन कल्याणकारी योजनाओं को गरीबों तक पहुंचाने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। वह गांव के हर गरीब वंचित लोगों को हमेशा के लिए मदद करते है। और हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं। चाहे गांव का विकास हो जिस तरह विवेकानंद सरकार ने गांव में चौमुखी विकास कराए हैं। इससे पहले ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार को दिल्ली में बुलाकर भी सम्मानित किया गया था। विवेकानंद सरकार प्रधान द्वारा गांव में स्टेडियम , लाइब्रेरी ,लैब ,बाउंड्री, पुलिया,इंटरलॉक,खड़ंजा, मिट्टी कार्य आदि तमाम कार्य कराए हैं। इसलिए 720 प्रधानों में से मात्र विवेकानन्द प्रधान और ग्राम विकास अधिकारी राजेश कुमार गौतम को सम्मानित किया है।

## वीबी जी रामजी योजना अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल : सतीश चंद्र शर्मा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जिला भाजपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस वार्ता में प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत अब केवल योजनाओं का लाभार्थी नही बल्कि विकास का भागीदार बन रहा है।विकसित भारत गारंटी फार रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अर्थव्यवस्था को आत्मनिर्भर बनाने की ठोस पहल है।उन्होंने कहा कि भाजपा का ग्रामीण विकास माडल जरूरत केंद्रित सोच से आगे बढ़कर उत्पादकता, परिवर्तन और भविष्य उन्मुख विकास पर आधारित है जो सीधे विकसित भारत के लक्ष्य से जुड़ा हुआ है।प्रभारी मंत्री ने बताया कि वी बी जी राम जी विकसित भारत गारंटी का रोजगार और आजीविका मिशन ग्रामीणअधिनियम के तहत रोजगार सृजन और ग्रामीण विकास को एकीकृत दृष्टि से आगे बढ़ाया जा रहा है।इसके अंतर्गत हर ग्रामीण परिवार को एक सौ पच्चीस दिन का सुनिश्चित रोजगार,बेहतर और अनुमानित आजीविका सुरक्षा,उच्च गुणवत्ता की स्थायी ग्रामीण परिसंपत्तियों का निर्माण,तकनीक आधारित पारदर्शिता से भ्रष्टाचार पर अंकुश,केंद्र राज्य की जवाबदेह साझेदारी,

ग्राम स्तरीय योजनाओं का राष्ट्रीय इंफ्रास्ट्रक्चर प्राथमिकताओं से समन्वय किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार से जोड़कर आर्थिक रूप से सशक्त किया गया है वहीं युवाओं को कौशल विकास और स्थानीय रोजगार से जोड़कर पलायन रोकने का प्रभावी कार्य किया जा रहा है।भाजपा के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की मजबूत नींव सशक्त और आत्मनिर्भर ग्रामीण भारत है और भाजपा उसी दिशा में निरंतर कार्य कर रही है।इस अवसर पर भाजपा के प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह सहित कार्यालय पर कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## क़ानून के खिलाफ परशुराम युवा वाहिनी संगठन उतरी सड़को पर

सुल्तानपुर। केंद्र सरकार द्वारा पारित नए क़ानून ठळब्ए जिसमे कालेजों मे पढ़ाई कर रहे छात्रों के प्रति भेदभाव का क़ानून पारित किया और सवर्णो बच्चो को भविष्य मे इसका बेवजह जेल जाना पड़ेगा पदपए एक्ट की तरह झूठे,जिसका परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक रजि संगठन ने खुल्ला बिरोध कर राष्ट्रपति को पत्र सौपा कहाँ कि इस काले क़ानून को सरकार जल्द से जल्द वापस ले अन्यथा इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा ये क़ानून गृह युद्ध की तरफ ले जा रहा है देश को अगर सरकार न मानी तो आगे हम सब कई जिलों मे बिरोध पर्दशन करेंगे ये कार्यक्रम राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. अमित कुमार तिवारी के सयोजन मे हुआ इसका नेतृत्व नगर अध्यक्ष पं. अरविन्द राय ने किया और इस अवसर पे संजय शुक्ला, शिव कुमार तिवारी, रिंकू पाण्डेय, बिजय शंकर मिश्रा, नितिन मिश्रा, विपिन पाण्डेय,आकांश मिश्रा, घनश्याम तिवारी, जायमुकुंद मिश्रा,अंकित पाण्डेय, संतोष मिश्रा,जयप्रकाश पाण्डेय, हर्ष पाण्डेय एडवोकेट, सत्य प्रकाश तिवारी, डॉ राकेश तिवारी, वेदांग तिवारी एडवोकेट,मनोज कुमार दुबे, अशोक सिँह बिसेन, गौरव मिश्रा, जयशंकर मिश्रा, शनि मिश्रा,व कई बंधु मौजूद रहे।

# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया यूपी स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। जनपद पीलीभीत में प्रभारी राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख की अध्यक्षता में उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम राज्यमंत्री द्वारा सभी विभागों से सम्बंधित स्टॉलो का निरीक्षण किया गया ततपश्चात जिलाधिकारी द्वारा मंत्री का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। इसी क्रम में दीप प्रज्वलन किया गया एवं कार्यक्रम की शुरुआत की गई। बालिक दिवस के अवसर पर 05 बच्चीयों का कन्या जन्मोत्सव मनाया गया एवं हिमालया किट वितरित किये गए। ततपश्चात स्कूली छात्राओं द्वारा सरस्वती वन्दना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री द्वारा एवं सभी अधिकारियों द्वारा उद्भबोधन कर कहा गया कि हमे सभी बालिकाओं को स्वयं की बेटी का द़र्जा देना चाहिये किसी बेटी को किसी भी समस्या में यदि देखें तो उसकी सहायता करें उसे शिक्षा के क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रोत्साहित करें, इसी क्रम में मा0 मंत्री जी द्वारा बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत खेल के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाली 10 एवं शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे अंक प्राप्त करने वाली 26 बालिकाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्कूल बैग देकर प्रोत्साहित किया गया साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम करने वाली 30 बालिकाओं को एजुकेशन किट वितरीत की गई।

मुख्यमंत्री बाल सेवा योजनान्तर्गत 02 बच्चों को लैपटॉप वितरित किये। जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने कहा गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष 2026 में उत्तर प्रदेश दिवस एवं राष्ट्रीय बालिका का आयोजन एक साथ किया जा रहा है। साथ ही उनके द्वारा जनपद पीलीभीत की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी गई। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह द्वारा कहा गया कि उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस के साथ ही बालिका दिवस भी महत्वपूर्ण है हमें बालिकाओं की अधिक से अधिक शिक्षित करना होगा जनपद पीलीभीत की बालिकाओं खेल के क्षेत्र, शिक्षा के क्षेत्र एवं नौकरी में क्षेत्र और आगे लाने का प्रयास करना होगा। जिलाधिकारी ने बताया कि महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी-बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत निरन्तर जागरूकता कार्यक्रम किये जाते हैं इसी प्रकार से बालिकाओं के जन्म होने पर कन्या जन्मोत्सव का आयोजन भी किया जाता है। उत्तर प्रदेश स्थपना दिवस के अवसर पर कृषि विभाग, मनरेगा, एन0आर0एल0एम0 एवं परियोजना कार्यालय के पाँच-पांच लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरीत किये गए। कार्यक्रम के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी मुख्य विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी एवं अन्य सभी जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं महिला कल्याण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की मुख्य भूमिका रही हैं।




## यूपी दिवस पर चांदूपुर संकुल क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय में सजी शिक्षा की चौपाल

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्राथमिक विद्यालय कलीनगर नंबर 1 में संकुल चांदूपुर के अंतर्गत शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का उद्देश्य छात्र-छात्राओं अभिभावकों जनसमुदाय एवं शिक्षकों के बीच संवाद बढ़ाकर शिक्षा के गुणवत्ता में सुधार लाने का था। कार्यक्रम में संकुल शिक्षकों द्वारा निपुण भारत मिशन,मिशन कायाकल्प, डीबीटी सहित अन्य कार्यक्रमो के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।कार्यक्रम में ऐसे विद्यालयो के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।जिन छात्र-छात्राओं ने राष्ट्रीय आविष्कार योजना, अटल आवासीय योजना सहित अन्य जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं में सराहनीय कार्य किया है।शिक्षा चौपाल में कलीनगर नगर पंचायत के सभासद,पूर्व प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय कलीनगर,संकुल चांदूपुर के समस्त विद्यालयों से शिक्षक एवं शिक्षिकाएं तथा विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों, अभिभावकों ने प्रतिभाग किया है।

## बाल श्रम के खिलाफ सघन छापेमारी सात नाबालिग कराये गये मुक्त

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन के निर्देशानुसार बच्चों के दुर्व्यापार एवं बाल श्रम से संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु आपरेशन रक्षा अभियान जनपद अमेठी में तीस जनवरी तक संचालित किया जा रहा है।शनिवार को जिलाधिकारी संजय चौहान के निर्देशानुसार तथा उपजिलाधिकारी प्रभारी जिला प्रोबेशन अधिकारी सात्विक श्रीवास्तव के नेतृत्व में पुलिस विभाग, बाल कल्याण समिति एवं चाइल्ड हेल्पलाइन की संयुक्त टीम द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं निरीक्षण किया गया।संयुक्त टीम द्वारा जायस, मोहनगंज एवं तिलोई बाजार के साथ ही कस्बा क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान कुछ प्रतिष्ठानों एवं दुकानों पर नाबालिग बालक एवं बालिकाओं से कार्य कराये जाने का मामला सामने आया। इस कार्यवाही के दौरान तीन बालिकाएं एवं चार बालक, कुल सात नाबालिग, बाल श्रम में लिप्त पाये गये जिन्हें तत्काल बाल श्रम से मुक्त कराया गया।मौके पर उपस्थित नाबालिगों के माता पिता को बाल श्रम न कराने के संबंध में समझाया गया। अभिभावकों द्वारा भविष्य में बाल श्रम न कराने का संकल्प लिया गया तथा बच्चों को उचित शिक्षा दिलाने हेतु प्रेरित किया गया। साथ ही संबंधित प्रतिष्ठान स्वामियों को सख्त चेतावनी दी गई कि भविष्य में बाल मजदूरी कराते पाये जाने पर उनके विरुद्ध बाल श्रम अधिनियम के अंतर्गत कठोर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।उक्त अभियान में बाल कल्याण समिति अमेठी के अध्यक्ष सदस्य, संबंधित थानों की पुलिस टीम, मानव तस्करी रोधक इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन अमेठी की टीम उपस्थित रही।

## व्यापारी नेता ने वीके कंस्ट्रक्शन सोलर पैनल का फीता काटकर किया उद्घाटन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदीप शुक्ला नगर अध्यक्ष उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने वीके कंस्ट्रक्शन सोलर पैनल प्रतिष्ठान का फीता काटकर किया उद्घाटन किया है।नगर अध्यक्ष ने कहा है कि यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है। कि हमारे नगर पूरनपुर में सौर ऊर्ज़ा जैसे आधुनिक और पर्यावरण हितैषी क्षेत्र में यह नया प्रयास प्रारंभ हुआ है।साथ ही यह संस्थान क्षेत्र में रोजगार,विकास और स्वच्छ ऊर्ज़ा को बढ़ावा देगा इस मौके पर नगर मंत्री रवि जायसवाल, जफर अली, आसिफ अंसारी,सिकंदर , बृजेश शुक्ला,शान मोहम्मद, आसिफ खान, पुष्पेंद्र शर्मा सहित दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे हैं।

## जामो पुलिस ने तीन गोवंशों के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना जामो पुलिस द्वारा गौकशी करने वाले दो कारोबारियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है जिनके कब्जे से तीन अदद गोवंश व घटना में प्रयुक्त पिकअप वाहन बरामद किया गया है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जामो पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग महिन्द्रा पिकअप पर गोवंशों को लादकर बेंचने ले जाने वाले हैं। उक्त सूचना पर कार्यवाही करते हुये वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक महिन्द्रा बोलेरो मैक्स पिकअप व उसके आगे एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते दिखाई दिये जिन्हें रुकने का इशारा करने पर मुड़कर भागने का प्रयास करने लगे जिससे असंतुलित होकर मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा व्यक्ति गिर गया जिसे पकड़ लिया गया तथा दूसरा व्यक्ति मौके से भाग गया। पिकअप चालक द्वारा पिकअप मोड़कर भागने का प्रयास किया गया जिससे अनियंत्रित होकर पिकअप खेत में पलट गई जिससे निकल कर दो व्यक्ति भागने लगे जिनमें से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया तथा दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पिकअप से निकलकर भागने वाले व्यक्ति का नाम व पता संतोष राजभर पुत्र राम आशीष राजभर निवासी ग्राम व थाना करीमुददीनपुर जनपद गाजीपुर है तथा मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति का नाम व पता धर्मराज पुत्र स्व. सत्य नारायण निवासी ग्राम राजा का पुरवा मजरे गौरा थाना जामो जनपद अमेठी है।

## परिषदीय विद्यालय में मनाया मनाई गई शिक्षा की चौपाल एव उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस

पूरनपुर।बेसिक स्कूल में शासन आदेश अनुसार शिक्षक चौपाल और उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस पूरे प्रदेश मे बड़ी धूम धाम से मनाया गया इस उपलक्ष्य में न्याय पंचायत स्तर पर संकुल जगतपुर के स्कूल में कम्पोजित स्कूल गढा कला में आज संकुल जगतपुर के समस्त शिक्षक,संकुल शिक्षक शिक्षिकाओं और एस एम सी अध्यक्ष और ग्राम सदस्यों ने हिस्सा लिया जिसमें उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस और शिक्षक चौपाल के बारे मे विस्तार से चर्चा की गई. नोडल संकुल शिक्षक हुकूम सिंह ने बताया कि आज की ही तारीख को उत्तर प्रदेश की स्थापना हुई थी। वास्तव मे उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा प्रदेश है तमाम ऐतिहासिक धरोहर उत्तर प्रदेश मे स्थित है और शिक्षक चौपाल मे बताया कि बहुत जल्द ही निपुण आकलन सभी विधालय मे होगा आप अपने बच्चों को रोजाना स्कूल भेजे जिससे शत प्रतिशत बच्चों का आंकलन हो सके. इस अवसर पर इको क्लब के बच्चों को पुरस्कृत किया गया और उन्हें प्रमाण पत्र दिए गए. इस अवसर पर ग्राम प्रधान राम मूर्ति एसएमसी अध्यक्ष दिनेश कुमार अध्यक्ष सोहन ,पंकज, मनोज कुमार,मनोज वर्मा, सुशील कुमार, परमनिंदर सिंह संजय सिंह, विकास मिश्र मंजू रानी सुनीता देवी और डिम्पल एएनएम आदि लोग उपस्थित रहे।

# मनरेगा बचाव चौपाल का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। आज 191 कादीपुर विधानसभा के कादीपुर ब्लॉक के पंचायत में एक मनरेगा बचाव चौपाल का आयोजन किया गया इसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह ने की मुख्य अतिथि के रूप में विधानसभा प्रभारी विजयपाल पूर्व ब्लाक प्रमुख मोतिगरपुर में उपस्थित रहे। जिला सचिव इश्तियाक अहमद न्याय पंचायत अध्यक्ष गंगा दिन जी भी रहे विजयपाल प्रभारी ने कहा कि मनरेगा एक ऐसी स्कीम थी जिसमें मजदूरों को रोजगार देने के लिए बात किया गया था यदि रोजगार नहीं देते तो उनको बेरोजगारी भत्ता देना था वर्तमान सरकार मजदूरों के हित में न्याय नहीं कर रही है और इस स्कीम में तमाम तरह के बदलाव करके उनको रोजगार देने से वंचित करना चाह रही है अब इसमें 40 परसेंट का प्रावधान प्रदेश सरकार को करना है जबकि पहले मनरेगा में हंड्रेड परसेंट पैसा केंद्र सरकार से ही आता था और उसे पर भी लगभग छह महीने मजदूरों को मजदूरी नहीं मिल पाती थी तो वर्तमान समय में प्रदेश और केंद्र दोनों मिलकर मजदूरों को कैसे मजदूरी देते देंगे जैसा कि आप लोग जान ही रहे हैं की प्रदेश सरकार के पास इतना कम बजट है कि तमाम उसकी योजनाएं बंद होने के कगार पर हैं आने वाले समय में गांव में जो लोग काम करते थे वह लोग भी बेरोजगार हो जाएंगे इसलिए इसको जागरूक करना बहुत जरूरी है जिस मनरेगा मजदूरों के हितों की रक्षा हो सके कांग्रेस के लोग गांव जाकर के मनरेगा मजदूरों को जागरूक करेंगे इश्तियाक अहमद जी ने कहा मनरेगा स्कीम से गांव में विकास होता था लेकिन यह सरकार गांव का विकास नहीं चाहती है गरीब लोगों को बेरोजगार करना चाहती है जिससे लोगों का रोजगार छिन जाए कैसे की पढ़े-लिखे लोग बेरोजगार वैसे मजदूर लोग भी अब बेरोजगार होकर शहर शहर की तरफ पलायन करेंगे ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद सिंह ने आए हुए सभी लोगों को आभार व्यक्त किया और कहा कि हम लोग मजदूर के साथ इस लड़ाई को लड़ने के लिए तैयार हैं और गांव-गांव जाकर के लोगों को जागरूक करेंगे और उनकी रक्षा करने के लिए कांग्रेस पार्टी हर तरह से तैयार है इस अवसर पर निम्न लोग उपस्थित रहे घनश्याम अग्रहरि अनुज अग्रहरि गुलाब शीतला प्रसाद कमरुद्दीन अहमद गंगा दिन मखदूम मोहम्मद सिराज खान राम्पटन अमित कुमार उबेद खान अभिनव सिंह संतोष कुमार रामप्यारे यादव असद खान अब्दुल अहमद खान फारुक खान संतोष कुमार नन्हे आबिद अली इश्तियाक अहमद शिव पूजन अंकित यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

## सीएचसी की स्टाफ नर्स पर प्रसूता के परिजनों ने लगाया अवैध बसूली का आरोप

पूरनपुर।पूरनपुर सीएचसी मे प्रसूता के परिजनों से डिलीवरी के नाम पर अवैध बसूली का आरोप लगाया है एक गरीब परिवार की महिला से रूपये की मांग की गई पूरनपुर के मोहल्ला नूरी नगर निवासी नौशाद ने रविवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र देकर यह आरोप लगाया कि शनिवार दोपहर नौशाद की पत्नी अफशाना को प्रसव पीड़ा होने पर महिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था शाम करीब चार बजे अफशाना ने एक पुत्री को जन्म दिया नौशाद का आरोप है कि प्रसव के दौरान मौजूद स्टाफ नर्स ने 'नार कटाई' के नाम पर 500 रुपये और 'मिठाई' के लिए 500 रुपये की मांग की इसके अतिरिक्त परिजनों से बाहर के मेडिकल स्टोर से कुछ दवाइयां भी मंगवाई गईं नौशाद ने बताया कि जब अस्पताल से छुट्टी (डिस्चार्ज) की बात आई, तो स्टाफ नर्स ने 2100 रुपये देने पर ही महिला को डिस्चार्ज करने की शर्त रखी इस पर नौशाद ने आपत्ति जताते हुए उच्च अधिकारियों से शिकायत की नौशाद ने अपने शिकायती पत्र में मांग की है कि उनसे वसूली गई रकम वापस कराई जाए और अवैध वसूली में शामिल स्टाफ नर्स के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में सातवां दीक्षांत समारोह संपन्न, मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।विकासखंड क्षेत्र के गांव गुलाबटांडा स्थित राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज में शनिवार दोपहर 12 बजे को सातवां दीक्षांत समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा विधायक बाबूराम पासवान के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इसके बाद कॉलेज परिसर में छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी तकनीकी दक्षता और नवाचार का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने विज्ञान प्रदर्शनी में लगाए गए विभिन्न मॉडलों और उपकरणों का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं की सराहना करते हुए उनके प्रयासों को प्रेरणादायक बताया। प्रदर्शनी में यांत्रिक, विद्युत और अन्य तकनीकी विषयों से जुड़े कई उपयोगी उपकरण प्रस्तुत किए गए, जो विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मक सोच को दर्शा रहे थे।दीक्षांत समारोह के दौरान कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं को डिप्लोमा वितरित किए गए। इसके साथ ही ल्लब्रांड अंबेडसरङ्क बनाए जाने पर नीरज कुमार, रजत चौहान, अजय, राज मिश्रा, नितिन कुमार और प्रीतम वर्मा को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने सभी विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि तकनीकी शिक्षा के माध्यम से युवा आत्मनिर्भर बनकर देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस अवसर पर कॉलेज के प्रधानाचार्य यज्ञ प्रकाश आर्य ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कॉलेज की उपलब्धियों और शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी दी। प्रबंध निदेशक नावेद खान ने विद्यार्थियों को अनुशासन और निरंतर मेहनत का महत्व बताया। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष यांत्रिक विल्सन, विद्युत व्याख्याता डॉ. नितिन कुमार पाल, राकेश मिश्रा सहित कॉलेज के अन्य शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।समारोह के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कार्यक्रम का समापन उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ है।

# शाखा परिषद की बैठक में सम्मानित हुए खिलाड़ी




कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। आज दिन शनिवार को उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन के सुलतानपुर शाखा परिषद की बैठक सुलतानपुर जंक्शन स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठन की क्रिकेट टीम के सदस्यों को सम्मानित किया गया। बता दें कि बीते दिसंबर माह में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन लखनऊ मंडल द्वारा तीन दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रेलवे स्टेडियम चारबाग में किया गया था जिसमें लखनऊ मंडल की रायबरेली, वाराणसी, अयोध्या, सुल्तानपुर, ब्रिज वर्कशॉप, रनिंग, मेडिकल, इलेक्ट्रिकल, कैरिज एवं वैगन सहित 16 टीमों ने भाग लिया था। सुल्तानपुर की टीम ने फाइनल में ब्रिज वर्कशॉप लखनऊ की टीम को 6 विकेट से हराकर मंडल चैंपियन बनी थी। बैठक में शाखा के संरक्षक सुरेश चंद्र तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी की गरिमामई उपस्थिति रही। मुन्ना तिवारी ने सभी खिलाड़ियों को पुष्पहार एवं अंगवस्त्र से सम्मानित किया। क्रिकेट टीम की जीत पर उन्होंने सभी खिलाड़ियों को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप लोगों ने सुलतानपुर का नाम पुरे लखनऊ मंडल में गौरवान्वित किया है। शाखामंत्री एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी पंकज दुबे ने बताया कि खेल एक ऐसा माध्यम है जिससे विभिन्न क्षेत्र, भाषा, जाती, धर्म के लोगो को एक साथ जोड़ता है। तीन नए कर्मचारियों ने मजदूर यूनियन से प्रभावित होकर संगठन की सदस्यता ग्रहण किया।

बैठक में शाखा उपाध्यक्ष रईश अहमद, मीडिया प्रभारी मिथिलेश पाण्डेय, संगठन मंत्री इन्द्रजीत कुमार, रामलखन यादव, सुभाषचन्द्र मौर्य, मुकेश कुमार, मुख्य लोकों निरीक्षक महेंद्र कुमार, रविकांत वर्मा, क्रिकेट टीम के सदस्यअर्जुन यादव, अजीत सिंह, अभिषेक, नवनीत, निशांत सहित अन्य कर्मचारी एवं यूनियन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# संघीय ढांचे पर आंच

भारतीय लोकतंत्र के केंद्र में सत्ता किसी भी राजनीतिक दल की रही हो, राज्यों में विरोधी दलों की सरकारों व राज्यपालों में टकराव की खबरें दशकों से अखबारों की सुर्खियां बनती रही हैं। जनसरोकारों की रक्षा व राज्य सरकारों की बेलगाम नीतियों पर संतुलन के लिये सृजित यह संवैधानिक पद गाहे-बगाहे विवादों की चपेट में आता रहा है। बहुमत की सरकारों को गिराने के खेल पिछली सदी में भी सुर्खियों में रहे हैं। इस कड़ी में कर्नाटक विधानसभा में घटा ताजा अप्रिय घटनाक्रम भी जुड़ गया। ऐसे में राजभवनों को लोकभवन बनाने को यथार्थ में बदलने की जरूरत भी महसूस की जा रही है। निस्संदेह, कर्नाटक विधानसभा में जो भी कुछ घटा वह राजभवन व निर्वाचित सरकारों के बीच जारी टकराव का एक निचला स्तर ही कहा जा सकता है। खासकर उन राज्यों में जहां राजग की सरकारें नहीं हैं। दरअसल, विधानसभा में मंत्रिपरिषद द्वारा तैयार किए गए पाठ को छोड़कर पारंपरिक संबोधन को केवल कुछ पंक्तियों में सीमित करने के निर्णय के बाद कर्नाटक में एक नया विवाद खड़ा हो गया। जिसका प्रभाव कांग्रेस शासित दक्षिणी राज्य के अलावा भी बहुत दूर तक महसूस किया गया। निर्विवाद रूप से नये साल के पहले सदन की शुरुआत में राज्यपाल का संबोधन एक संवैधानिक परंपरा रही है। यह राज्यपाल के व्यक्तिगत बयान के बजाय राज्य सरकार की नीतियों और प्राथमिकताओं का औपचारिक विवरण होता है। लेकिन सत्र की शुरुआत में राज्यपाल थावरचंद गहलोत अपने द्वारा तैयार किया गया संक्षिप्त भाषण देकर सदन से बाहर चले गए। राज्य की कांग्रेस सरकार ने उन पर केंद्र सरकार की मंशा के अनुरूप कार्य करने का आरोप लगाया। उल्लेखनीय है यहां यह तल्ख टकराव हाल में तमिलनाडु और केरल विधानसभा में हुए अप्रिय घटनाओं के बाद सामने आया है। विडंबना है कि ऐसी ही असहमतियां, हाल के वर्षों में आम हो चली हैं। जिसे भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये शुभ संकेत कदापि नहीं कहा जा सकता है। दरअसल, विभिन्न राज्यों में विपक्षी दलों वाली सरकारों के मुखिया आरोप लगाते रहे हैं कि अधिकतर राज्यों में राज्यपाल का उपयोग केंद्र सरकार के राजनीतिक लक्ष्यों को हासिल करने वाले साधन के रूप में ही किया जा रहा है। निस्संदेह, राज्यों में राज्यपालों से उम्मीद की जाती है कि वे केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच एक निष्पक्ष पुल का दायित्व निभाएं। इसमें दो राय नहीं कि किसी भी राज्यपाल को मसविदा संबोधन पर आपत्ति उठाने का अधिकार तो होता है, लेकिन इसके प्रत्युत्तर में संवैधानिक नैतिकता भी अपरिहार्य है। निश्चित रूप से ऐसी किसी भी असहमति को संवाद के माध्यम से हल करने की जरूरत होती है। राज्यपाल और राज्य सरकारों को सदन के भीतर आमने -सामने की भिड़ंत से हर हाल में बचने का प्रयास करना चाहिए। निर्विवाद रूप से किसी भी राज्यपाल और राज्य सरकार का अंतिम लक्ष्य जनता के हितों की रक्षा करना ही होता है। लेकिन किसी भी स्थिति में जब राज्यपाल और राज्य सरकारें विपरीत उद्देश्यों के लिये काम करने लगते हैं, तो शासन की गुणवत्ता का प्रभावित होना स्वाभाविक ही है। निर्विवाद रूप से यह केवल अहम का टकराव मात्र नहीं है। यह सरोकारों के संघवाद की भी एक परीक्षा है। उल्लेखनीय है कि आजकल केंद्र सरकार राजभवनों का नाम बदलकर लोकभवन बनाने की मुहिम चला रही है। केंद्र सरकार का कहना है कि राजभवन का संबोधन औपनिवेशिक मानसिकता को दर्शाता है। निस्संदेह लोकतंत्र में राजभवन राजतंत्र का पर्याय होने का आभास देता है। लोकतंत्र में लोकभवन सही मायनों में लोक का ही प्रतिनिधित्व करता है। लेकिन यह लोकभवन शब्द तब ही सार्थक हो सकता है जब जनता के हितों को राजनीतिक टकराव से ऊपर रखा जाएगा। निश्चित रूप से सत्ता के दोनों ही केंद्रों को जनादेश का सम्मान ईमानदारी से करना ही चाहिए। यह भारत जैसे संघीय लोकतंत्र के लिये अपरिहार्य शर्त भी है जिसका पालन राज्यपाल व राज्य सरकारों को पूरा करना ही चाहिए।

# नई नौकरियां, मजबूत अर्थव्यवस्था: 2026 में भारत में पीएमआई 59.5

**एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई इंडेक्स जनवरी में 59.5 पर पहुंच गया, जो दिसंबर के 57.8 से काफी ऊपर है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित यह डेटा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज दोनों क्षेत्रों में सुधार को रेखांकित करता है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी के अनुसार, वृद्धि की गति दोनों क्षेत्रों में तेज हुई, हालांकि मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2025 के औसत से नीचे रहा। दिसंबर में थोड़ी गिरावट के बाद नए ऑर्डर्स में तेज उछाल आया, जो मांग में सुधार का संकेत है। देश में आज इनपुट लागतों में बढ़ोतरी के बावजूद महंगाई मध्यम स्तर पर दिखती है। मैन्युफैक्चरर्स पर इसका दबाव अधिक था, लेकिन सेवा प्रदाताओं ने बेहतर तरीके से प्रबंधन किया। निजी क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी का मुख्य कारण नए व्यवसायों की बढ़ोतरी थी। सर्वे में शामिल लोगों ने बढ़ती मांग और आक्रामक विपणन को जिम्मेदार ठहराया। मैन्युफैक्चरिंग ने सर्विसेज से अधिक तेजी दिखाई, जो निर्यात-केंद्रित नीतियों का परिणाम है। इसके साथ ही हमारे लिए खुशी की बात यह भी है कि अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स में पिछले चार महीनों की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और मध्य पूर्व प्रमुख बाजार बने। यह भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति को प्रमाणित करता है। दिसंबर में स्थिर रहने के बाद जनवरी में निजी क्षेत्र में भर्तियां फिर शुरू हुईं। कंपनियां व्यावसायिक गतिविधियों के 12 महीने के दृष्टिकोण पर आशावादी हैं। ये संकेत आर्थिक विकास को रोजगार से जोड़ते हैं, जहां जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर बनी रहने की उम्मीद पैदा करते है। इसके साथ ही नौकरीडॉटकॉम के द्विवार्षिक सर्वेक्षण से और सकारात्मक खबरें आई हैं। 1,250 से अधिक रोजगार प्रदाताओं के इनपुट के आधार पर कहें तो आंकड़े बता रहे हैं कि 76 प्रतिशत नियोक्ता 2026 की पहली छमाही में नई नौकरियां पैदा करेंगे।**

भारत की अर्थव्यवस्था ने हाल के वर्षों में अभूतपूर्व गति पकड़ी है। जनवरी 2026 के एचएसबीसी फ्लैश पीएमआई डेटा (परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स) ने इसकी पुष्टि की है, जहां मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज सेक्टरों में तेजी दर्ज की गई। यह न केवल आर्थिक विकास की मजबूती को दर्शाता है, बल्कि रोजगार सृजन के व्यापक अवसरों की नींव भी रखता है। ये आंकड़े बताते हैं कि भारत वैश्विक आर्थिक मंदी के बीच भी लचीलापन दिखा रहा है। सरकारी नीतियां जैसे 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' ने उत्पादन और सेवा क्षेत्रों को गति दी है, जिसका असर रोजगार पर स्पष्ट दिख रहा है। एचएसबीसी फ्लैश इंडिया कंपोजिट पीएमआई इंडेक्स जनवरी में 59.5 पर पहुंच गया, जो दिसंबर के 57.8 से काफी ऊपर है। एसएंडपी ग्लोबल द्वारा संकलित यह डेटा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज दोनों क्षेत्रों में सुधार को रेखांकित करता है। एचएसबीसी की चीफ इंडिया इकोनॉमिस्ट प्रांजुल भंडारी के अनुसार, वृद्धि की गति दोनों क्षेत्रों में तेज हुई, हालांकि मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई 2025 के औसत से नीचे रहा। दिसंबर में थोड़ी गिरावट के बाद नए ऑर्डर्स में तेज उछाल आया, जो मांग में सुधार का संकेत है। देश में आज इनपुट लागतों में बढ़ोतरी के बावजूद महंगाई मध्यम स्तर पर दिखती है। मैन्युफैक्चरर्स पर इसका दबाव अधिक था, लेकिन सेवा प्रदाताओं ने बेहतर तरीके से प्रबंधन किया। निजी क्षेत्र की गतिविधियों में तेजी का मुख्य कारण नए व्यवसायों की बढ़ोतरी थी। सर्वे में शामिल लोगों ने बढ़ती मांग और आक्रामक विपणन को जिम्मेदार ठहराया। मैन्युफैक्चरिंग ने सर्विसेज से अधिक तेजी दिखाई, जो निर्यात-केंद्रित नीतियों का परिणाम है। इसके साथ ही हमारे लिए खुशी की बात यह भी है कि अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स में पिछले चार महीनों की सबसे मजबूत वृद्धि दर्ज हुई है, जिसमें एशिया, ऑस्ट्रेलिया, यूरोप, लैटिन अमेरिका और मध्य पूर्व प्रमुख बाजार बने। यह भारत की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में मजबूत स्थिति को प्रमाणित करता है। दिसंबर में स्थिर रहने के बाद जनवरी में निजी क्षेत्र में भर्तियां फिर शुरू हुईं। कंपनियां व्यावसायिक गतिविधियों के 12 महीने के दृष्टिकोण पर आशावादी हैं। ये संकेत आर्थिक विकास को रोजगार से जोड़ते हैं, जहां जीडीपी वृद्धि दर सात प्रतिशत से ऊपर बनी रहने की उम्मीद पैदा करते है। इसके साथ ही नौकरीडॉटकॉम के द्विवार्षिक सर्वेक्षण से और सकारात्मक खबरें आई हैं। 1,250 से अधिक रोजगार प्रदाताओं के इनपुट के आधार पर कहें तो आंकड़े बता रहे हैं कि 76 प्रतिशत नियोक्ता 2026 की पहली छमाही में नई नौकरियां पैदा करेंगे। स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र 88 प्रतिशत नई भूमिकाओं के साथ अग्रणी है, जो उम्रदराज आबादी और स्वास्थ्य बीमा योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत का परिणाम है। मैन्युफैक्चरिंग में 79 प्रतिशत, बीएफएसआई में 70 प्रतिशत और आईटी में 76 प्रतिशत नई नौकरियां होंगी। निश?चित ही यह आंकड़ा भारत की युवा आबादी (65 प्रतिशत से अधिक 35 वर्ष से कम आयु ) के लिए वरदान है। एक तरह से देखें तो आर्थिक सुधार रोजगार-सघन विकास की ओर बढ़ रहे हैं। प्लेटफॉर्म अर्थव्यवस्था और डिजिटल इंडिया ने सेवा क्षेत्र को मजबूत किया है, जबकि पीएलआई योजना (उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना)ने मैन्युफैक्चरिंग को प्रोत्साहित किया है। एक तथ?य यह भी सामने आया है कि 87 प्रतिशत नियोक्ताओं ने माना है कि एआई से नौकरियों पर कोई खास असर नहीं पड़ेगा। इसके विपरीत, 18 प्रतिशत का कहना है कि एआई नई भूमिकाएं सृजित कर रहा है, खासकर आईटी, एनालिटिक्स और मार्केटिंग में। ये निरंतर कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर देता है। उदाहरणस्वरूप, चैटजीपीटी जैसे टूल्स ने कोडिंग और डेटा एनालिसिस में मांग बढ़ाई है। भर्ती में मध्य स्तर (4-7 वर्ष अनुभव) के पेशेवरों की मांग बढ़ेगी, जहां आईटी के 69 प्रतिशत प्रदाता इन्हें प्राथमिकता देंगे। स्वास्थ्य सेवा में 65 प्रतिशत नियोक्ता शुरुआती स्तर (0-3 वर्ष) को लक्षित करेंगे, जो नए स्नातकों के लिए राहत है। मैन्युफैक्चरिंग और आईटी मध्य स्तर में अग्रणी होंगे। आज देश में स्वास्थ्य सेवा में 88 प्रतिशत नई नौकरियां पैदा हुई हैं। महामारी के बाद निवेश बढ़ा है। टेलीमेडिसिन और डायग्नोस्टिक्स में विस्तार लगातार इस सेक्टर में होता हुआ दिख रहा है। मैन्युफैक्चरिंग में 79 प्रतिशत का उछाल है-इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑटोमोबाइल और टेक्सटाइल में निर्यात बढ़ा। पीएमआई में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर्स की मजबूती इसका प्रमाण है। आईटी और बीएफएसआई में भी पिछली तुलना में 76-70 प्रतिशत बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। डिजिटल बैंकिंग और क्लाउड कंप्यूटिंग ड्राइवर में भारी उत्साह नजर आ रहा है। इसके साथ ही अन्य में विशेष तौर पर रिन्यूएबल एनर्जी और ई-कॉमर्स में अप्रत्यक्ष वृद्धि दिखती है। देश में निश्चित ही ये आंकड़े बताते हैं कि विविधीकरण हो रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में मैन्युफैक्चरिंग इकाइयां रोजगार फैला रही हैं, जो असमानता कम करेंगी। इस तरह यदि देखे तो भारत आर्थिक क्षेत्र में वैश्विक रूप से नेतृत्व करने को आज तैयार दिखता है। - रवि रंजन सिंह



# UGC के नए नियमों पर संवैधानिक दृष्टिकोण से असहमति



भरत चौबे




भारत का संविधान प्रत्येक नागरिक को समानता, समान अवसर तथा गरिमापूर्ण जीवन का अधिकार प्रदान करता है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 यह सुनिश्चित करते हैं कि राज्य की नीतियाँ किसी भी वर्ग के प्रति भेदभावपूर्ण न हों और योग्यता, परिश्रम एवं न्याय के सिद्धांतों पर आधारित हों।

UGC के नए नियमों के संदर्भ में यह आवश्यक प्रतीत होता है कि यदि कोई शैक्षणिक नीति समाज के किसी वर्ग में असमानता, असंतोष या वंचना की भावना उत्पन्न करती है, तो उसका संवैधानिक दृष्टि से पुनर्विचार किया जाना चाहिए।

स्वर्ण समाज ने ऐतिहासिक रूप से शिक्षा, संस्कृति, ज्ञान परंपरा और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ऐसे में उसके सम्मान, अवसरों और भागीदारी की अनदेखी करना संविधान की समता की मूल भावना के अनुरूप नहीं कहा जा सकता। यह असहमति किसी समुदाय या वर्ग के विरुद्ध नहीं, बल्कि उन नीतियों के प्रति है जो समान अवसर, मेरिट और निष्पक्षता के सिद्धांतों को प्रभावित करती प्रतीत होती हैं।

लोकतांत्रिक व्यवस्था में प्रत्येक नागरिक को यह संवैधानिक अधिकार प्राप्त है कि वह नीतिगत निर्णयों पर शांतिपूर्ण, वैचारिक और लोकतांत्रिक ढंग से अपनी असहमति प्रकट करे। मेरा आग्रह है कि शिक्षा संबंधी सभी नीतियाँ संविधान की मूल भावना—न्याय, समानता और गरिमा—के अनुरूप बनाई जाएँ, जिससे सामाजिक संतुलन और विश्वास बना रहे।

**लेखक शिक्षाविद् हैं।**

## सेहत मंत्र

# जल्दी वजन घटाना है तो आज से ही पीना शुरू करें ये सूप, हफ्तेभर में चर्बी होगी गायब

वजन घटाना आज के टाइम में किसी चैलेंज से कम नहीं रह गया है। अगर आप थोड़े वजनी हैं तो लोगों की तिरछी नजरों और भद्दे कमेंट्स का सामना आपको जरूर करना पड़ता होगा। हालांकि वजन घटाना सिर्फ स्लिम दिखने के लिए ही जरूरी नहीं है बल्कि इससे आप कई बीमारियों से बचते हैं। अगर तमाम तरीके के तरीके और नियम अपनाने के बाद भी आपका वजन कम नहीं हो रहा है तो आज से ही सूप पीना शुरू कर दें। आज हम आपको कुछ ऐसे सूप के बारे में बता रहे हैं जिनके सेवन ने वाकई वजन बहुत तेजी से कम होता है। सबसे बड़ी बात यह है कि अगर आप बिजी रहते हैं और वजन कम करने के लिए समय नहीं है तो ये सूप आपके लिए बहुत फायदेमंद विकल्प साबित हो सकते हैं। इनके सेवन से न आपका सिर्फ समय बचेगा, बल्कि अपके शरीर को पर्याप्त पोषण भी मिलेगा। तो चलिये जानें वजन कम करने वाले कुछ सूपों के बारे में। वाइट बीन सूप वजन कम करने वाले डाइट का अहम हिस्सा है। इसमें सुगर, फैट और सोडियम काफी कम मात्रा में पाया जाता है और यह काफी पौष्टिक होता है। साथ ही यह बेहद स्वादिष्ट होता है। इसे तैयार करना भी बहुत आसान है और इसमें बड़ी मात्रा में प्रोटीन भी पाया जाता है। हो सकता है कि आपको ब्रोकली पसंद न हो पर यह तेजी से वजन कम करने का प्रभावी सूप है। 100 ग्राम ब्रोकली सूप में करीब 1.2 ग्राम फैट पाया जाता है। साथ ही यह फाइबर और जरूरी पौष्टिक तत्वों से भरपूर होता है। लौकी का सूप लेकर आप गैरजरूरी फैट को जल्दी और आसानी से कम कर सकते हैं। इसमें फैट और सूगर कम होता है और यह प्रोटीन व फाइबर का बेहतरीन स्रोत है। वजन तेजी से कम करने वाले सूप में ब्राउन राइस के साथ मिक्स चिकन सूप न सिर्फ स्वादिष्ट होता है बल्कि इसमें सोडियम कम और प्रोटीन ज्यादा मात्रा में पाया जाता है। चिकन के साथ 100 ग्राम ब्राउन राइस सूप में सिर्फ 0.7 ग्राम फैट पाया जाता है। वजन कम करने के लिए आप हरे प्याज व आलू के सूप को अपना कर शरीर को जरूरी पौष्टिक तत्व भी उपलब्ध करा पाएंगे।

## धर्म मंत्र

# हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए करना चाहिए हनुमान बाहुक का पाठ

हनुमानजी को प्रसन्न करने के लिए अनेक मंत्रों, स्तुतियों और आरती आदि की रचना की गई है। उन्हीं में से एक है हनुमान बाहुक। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के अनुसार, हनुमान बाहुक का पाठ रोज विधि-विधान से किया जाए तो किसी की भी इच्छा पूरी हो सकती है और उस पर हनुमानजी की कृपा भी हमेशा बनी रहती है। रोज सुबह स्नान आदि करने के बाद साफ कपड़े पहनकर एक लाल कपड़े पर हनुमान की मूर्ति या चित्र स्थापित करें। हनुमानजी को अबीर, गुलाल आदि चढ़ाएं और लाल फूल अर्पित करें। गाय के शुद्ध घी का दीपक जलाएं तो पाठ के अंत तक जलता रहे। घर में बने शुद्ध घी के चूरमे का भोग लगाएं। अगर संभव न हो तो गुड़-चने का भोग भी लगा सकते हैं। इसके बाद हनुमान बाहुक का पाठ करना शुरू करें। पाठ समाप्त होने पर हनुमानजी के कष्टों का निवारण करने के लिए प्रार्थना करें। अगर रोज पाठ करना संभव न हो तो सिर्फ मंगलवार को भी हनुमान बाहुक का पाठ कर सकते हैं। हनुमान बाहुक का पाठ करने से इच्छा शक्ति बढ़ती है, जिससे आप हर मुश्किल का सामना कर सकते हैं। जिस घर में हनुमान बाहुक का पाठ होता है, वहां नेगेटिव एनर्जी नहीं टिक पाती। धन, संतान, नौकरी, बीमारी आदि सभी समस्याओं का समाधान हनुमान बाहुक का पाठ करने से हो सकता है। हनुमान बाहुक का पाठ करने से जीवन के सभी सुख मिल सकते हैं।

## पर्यटन



# भारतीयों के साथ ही विदेशियों की भी पसंदीदा सैरगाह बना लेह

जम्मू-कश्मीर का लेह भारत के ही नहीं विदेशी सैलानियों के भी फ़ेवरेट डेस्टिनेशंस में से एक है। क्योंकि पिछले साल यहां आने वाले टूरिस्टों की संख्या में तकरीबन 50 हजार बाहर से आने वाले टूरिस्ट शामिल थे। साल 2018 में 11562 फीट की ऊंचाई वाले लेह जिला में पहली बार तीन लाख पर्यटक पहुंचे जो एक रिकार्ड है। साल 2018 में लेह में 327366 पर्यटक लेह आए जिसमें से 49477 विदेशी पर्यटक शामिल थे। साल 2017 के मुकाबले में पिछले साल पचास हजार अधिक पर्यटक लेह पहुंचे। साल 2011 में 179491 पर्यटक आए थे जिसमें से 36662 विदेशी पर्यटक थे। इस साल ही लेह में बादल फटने से भारी तबाही हुई थी। साल 2014 में 1.21 लाख घरेलू पर्यटकों ने लेह की सैर की। साल 2015 में 1.46 लाख और साल 2016 में 2.33 लाख पर्यटक लेह पहुंचे थे। लद्दाख एक ठंडा रेगिस्तान है जो सर्दियों में देश के शेष भागों से कटा रहता है। श्रीनगर से लेह मार्ग की लम्बाई 434 किलोमीटर है। पिछले साल केंद्र सरकार ने एशिया की सबसे लम्बी टनल के निर्माण को मंजूरी दी है। जोजिला पास टनल पर 6089 करोड़ रूपये की लागत का अनुमान है। इसके बन जाने से श्रीनगर से लेह पूरा साल जुड़ा रहेगा। पिछले साल लेह में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक अगस्त में 13033 आए। जुलाई में 12226, सिंतबर में 7355 और सबसे कम दिसंबर में 262 विदेशी पर्यटक लेह पहुंचे थे। पर्यटन में हो रहे लगातार बढ़ोत्तरी को देखते हुए यहां के लिए डायरेक्ट ट्रेनों की आवाजाही भी शुरू होने वाली हैं। लेह में तकरीबन 3300 मीटर ऊंचाई पर दुनिया के सबसे ऊंचे रेल लाइन पर ट्रेन चलाने की तैयारियां की जा रही हैं। पहले जहां लेह का सफर तय करने में 40 घंटे का समय लगता था वहीं इस नई रेल लाइन के बन जाने से ये सफर 20 घंटे का रह जाएगा। मौसम कैसा भी हो इससे ट्रेन का सफर बाधित नहीं होगा। दिल्ली से चलने वाली ये ट्रेन सुंदरनगर, मंडी, मनाली, कोक्सर, उपशी, दरचा और केरू एन रूट जैसी कई खूबसूरत जगहों से होकर गुजरेगी। 20 रेलवे स्टेशनों से साथ इस सफर में 396 छोटे ब्रिज, 124 बड़े ब्रिज और 74 टनल्स देखने को मिलेंगे।

# शिक्षा चौपाल आयोजित प्रतिभावान छात्र सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। विकास खंड सिरौलीगौसपुर अंतर्गत प्रत्येक न्याय पंचायत में शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया। इसी क्रम में न्याय पंचायत मरकामऊ के कंपोजिट विद्यालय मरकामऊ में आयोजित शिक्षा चौपाल का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान रेखा गुप्ता ने प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का संयोजन नोडल शिक्षक संकुल अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से न्याय पंचायत में अवस्थित समस्त विद्यालयों के एक-एक प्रतिभावान छात्र को एवं अभिभावकों को सम्मानित किया गया। शिक्षा चौपाल में शिक्षकों द्वारा विभिन्न टीएलएम से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई, जिसका समस्त अभिभावकों ने एवं उपस्थित अतिथि गण ने अवलोकन किया। नोडल शिक्षक संकुल अभिषेक ?तिवारी ने अपने विचार रखें। शिक्षक नेता अभिषेक सिंह ने कहा कि आयोजनों से छात्र एवं अभिभावकों की रुचि बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों का निरंतर बढ़ रही है।इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, एआरपी श्याम जी, दिलीप तिवारी, सोने लाल विश्वकर्मा, शिक्षक संकुल राम कृपाल, राज नारायन तिवारी, रविंद्र गुप्ता, मो0आरिफ, अंकित शुक्ला, रीना देवी, अमित वर्मा सहित अनेक शिक्षक अभिभावक उपस्थित रहे।

# भागवत कथा श्रवण मात्र से होता पापों का नाश

कैनविज टाइम्स संवाददाता




रामनगर बाराबंकी। तहसील क्षेत्र के गणेशपुर कस्बे में शुक्ला परिवार द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के दूसरे दिवस भक्तिमय माहौल देखने को मिला।दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक चले आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर कथा श्रवण का पुण्य लाभ लिया।लोधेश्वर महादेव की पावन धरती से पधारे कथा व्यास पंडित अश्वनी त्रिपाठी जी ने भावपूर्ण शैली में श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराया जिससे पूरा पंडाल भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया।कथा के दौरान राजा परीक्षित के चरित्र का वर्णन करते हुए भगवान श्रीकृष्ण द्वारा उत्तरा के गर्भ की रक्षा का प्रसंग सुनाया।जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।पंडित जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के श्रवण से पापों का नाश होता है और मोक्ष की प्राप्ति होती है।यजमान श्सुरेश कुमार शुक्ला एवं श्रीमती लक्ष्मी शुक्ला के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में महिला पुरुष व बच्चों की भारी भीड़ रही।इस अवसर पर चिंतामणि त्रिपाठी शिवराम जी गुप्ता मोहित अवस्थी चंद्रोदय अवस्थी शिक्षक उमेश कुमार त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि ने बांटे डिप्लोमा, अंक प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निंदूरा बाराबंकी। कुर्सी रोड स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक में शनिवार को आयोजित दीक्षांत समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।

प्रधानाचार्य अशोक कुमार सिंह की उपस्थिति में सिविल, विद्युत एवं मैकेनिकल प्रोडक्शन अभियंत्रण के छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा डिप्लोमा प्रमाण पत्र एवं अंक तालिकाएं वितरित की गईं।

श्रीमती रावत ने कहा मैकेनिकल प्रोडक्शन अभियंत्रण के छात्र उद्योगों में उत्पादन, रखरखाव और तकनीकी नवाचार के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा श्रीश रावत, क्षेत्रीय कार्यकारिणी समिति सदस्य भाजपा सुजीत रावत, मंच संचालक लीना चौधरी, प्रवक्ता (कंप्यूटर) पंखुड़ी किशोर, प्रवक्ता (विद्युत) सतीश कुमार चौरसिया सहित अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

# समर्थ स्वामी का जन्मोत्सव की पूर्व संध्या पर जगमगाया तीर्थ कोटवाधाम

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौली गौसपुर बाराबंकी।कोटवाधाम में बड़े बाबा के जन्मोत्सव के पूर्व संध्या पर हुए कई कार्यक्रम।एमएलसी अंगद सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। समर्थ जगजीवन साहब का विक्रमी संवत 1727 ईस्वी शुक्ल पक्ष सप्तमी तिथि को ग्राम सरदहा की पवित्र माटी में ठाकुर गंगाराम के यहां हुआ था इनकी मां का नाम केवला देवी था जो चंदेल वशी क्षत्रिय कहलाते थे।आपने जीवन पर्यंत सांप्रदायिक सद्भावना का संदेश दिया आपके बताए गए रास्ते पर चलकर मानव परम पद को प्राप्त कर सकता है। अभरण सरोवर पर 21 हजार जलाए गए दीपक

समर्थ जगजीवन साहब के जन्मोत्सव समारोह की पूर्व संध्या पर यहां के अघहरण सरोवर पर दीप उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 21 हजार दीपक जलाए गए। कार्यक्रम का आयोजन दुर्गेश दीक्षित महन्त शैलेन्द्र बक्श दास खुटपुट बाबा अमरेन्द्र सिंह बब्लू ने किया। कार्यक्रम में सदस्य विधान परिषद अंगद सिंह महन्त कमलेश दास,प्रेम नरायन वर्मा, सुरेश शर्मा चकबंदी अधिकारी मनोज कुमार प्रभारी निरीक्षक कोतवाली टिकैत नगर संदीप सिंह प्रहलाद कनौजिया, नेता भाजपा,सेवा निवृत्त जज समेत बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने पवित्र अभरन सरोवर के चतुर्दिक 21 हजार दीप प्रज्वलित किया।बड़ी गद्दी के महंत नीरज दास ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जन्मोत्सव समारोह 25 जनवरी को समर्थ जगजीवन साहब के जन्मोत्सव समारोह में गोंडा बहराइच लखीमपुर खीरी सीतापुर सहारनपुर मुजफ्फरनगर छपरा बिहार नेपाल देश जैसे विभिन्न जनपदों व प्रान्तों से लाखों की श्रद्धा में संख्या में श्रद्धालु स्वामी जी की चौखट पर माथा टेककर अपने जीवन को सार्थक करेंगे।

## मिशन पहचान परीक्षा निंदूरा की छात्रा ने बढ़ाया जनपद का मान



निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिला विद्यालय निरीक्षक ओपी त्रिपाठी के निर्देशन में आयोजित बच्चों का ज्ञान गुरु जी की पहचान (मिशन पहचान) जनपद स्तरीय परीक्षा में विकासखंड निंदूरा के राजकीय हाईस्कूल समरदा, कक्षा नौ की छात्रा 'छोटी' पुत्री बंशीलाल ने गृहविज्ञान ग्रुप में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय, विकासखंड और जनपद का नाम रोशन किया है।
इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर आयोजित सम्मान समारोह में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा छात्रा को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया, वही जिला विद्यालय निरीक्षक ने साइकिल देकर उत्साह बढ़ाया।
छात्रा की इस सफलता से विद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है। सभी ने छात्रा के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उसके परिश्रम और लगन की सराहना की।

## किराना दुकान में आग, पांच लाख का नुकसान

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती देर रात अटहरा कस्बे में स्थित एक किराना की दुकान में आग लग गई। देखते-देखते ही।ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। घुंघटेर के अटहरा गांव निवासी शिवम् शाहू चौराहे पर किराने की थोक दुकान हैं।शिवम् ने बताया कि प्रतिदिन की तरह शाम को दुकान में दीपक जलाया था। ससुराल में जन्म दिन का कार्यक्रम था इसलिए जल्दी दुकान बंद कर परिवार के साथ चला गया।देर रात दुकान में आग लगी।शिवम् के मुताबिक दुकान रखी करीब पचास हजार नकदी व चीनी ,पानी मसाला,घी ,तेल रिफाइंड आदि सामान सहति करीब पांच लाख का नुक़सान हुआ है। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुंचे हल्का लेखपाल ने नुकसान का आकलन कर रिपोर्ट तहसील प्रशासन को भेज दी है।

# रवायती चार शाबान का कदीमी जुलूस, जगह-जगह स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



जैदपुर बाराबंकी। छोटी बाजार स्थित शिया जामा मस्जिद से निकलने वाला 4 शाबान को सफरे इमामे हुसैन का कदीमी जुलूस मौलाना द्वारा मजलिस के पश्चात अपने रिवायती अंदाज से छोटी बाजार शिया जमा मस्जिद से प्रारंभ होकर अपने निर्धारित रास्तों, गढ़ी जदीद मुख्किन, बांध चौराहा , पचदरी काला फाटक, छोटा इमामबाड़ा,बड़ी बाजार थाना चौराहा होता हुआ थाना चौराहा भानमऊ रोड स्थित शबीहे कर्बला में पहुंच कर मौलाना द्वारा मजलिस खिताब किया गया । समाजसेवियों प्रतिनिधियों द्वारा जगह जगह जायरीनों के स्टाल लगाकर जलपान की व्यवस्था की गई थी।

जुलूस में ऊंट घोड़े डंका, अमारी, झूला , ज़ुलजनाह, के साथ अंजुमन द्वारा जंजीरी मातम भी किया गया। शिया मस्जिद में मौलाना अली रिजवान जैदपुर ने खिताब फ़रमाया ,जबकि अल विदायी मजलिस मौलाना इब्ने अब्बास खिताब के पश्चात अकीकत मंदो में तबारूक का वितरण किया गया । थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिंह, दरोगा हलीम बाबू, जयचन्द सिंह,दीवान मनोज कुमार पांडेय पंकज राठौर दीवान विक्रम सिह जयनारायण पूरे समय मुस्तैद रहे।

## एस आई आर, उत्कृष्ट योगदान के लिए बीएलओ सम्मानित

फतेहपुर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी विधानसभा क्षेत्र से एक बूथ लेवल ऑफिसर और बीएलओ सुपरवाइजर को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में उत्कृष्ट योगदान हेतु सम्मानित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा सम्मान प्रदेशभर में प्रभावी कार्य करने वाले कार्मिकों को दिया जा रहा है। क्षेत्र के ग्राम शेखनपुर निवासी बीएलओ सिद्धार्थ श्रीवास्तव और साढ़ेमऊ में अध्यापक पद पर कार्यरत बीएलओ सुपरवाइजर महेंद्र कुमार वर्मा का चयन सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए किया गया है। उन्हें आगामी 25 जनवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में आमंत्रित किया है। सम्मान उन्हें एसआईआर अभियान दौरान मतदातासूची की शुद्धता पारद शिताऔर समयबद्धता सुनिश्चित करने में उनके समर्पित और सराहनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया जा रहा है। उनके कार्य ने मतदाता सूची को त्रुटिरहित बनाने में अहम भूमिका निभाई।दोनों ने घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया, नए मतदाताओं का पंजीकरण कराया,सूची में मौजूद त्रुटियो को सुधारा और मतदाता जागरूकता बढ़ाने जैसे महत्वपूर्ण कार्यों को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया।उनके अनुकरणीय कार्य के कारण क्षेत्र को जनपद स्तर पर विशेष पहचान मिली है। इस उपलब्धि पर जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिकअधिकारियों क्षेत्र वासियों ने दोनों को बधाई दी हैं।

## तहसीलदार ने सुनी जन समस्याएं

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली रामनगर में तहसीलदार विपुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित थाना समाधान दिवस में पाँच शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए।जिनमें पुलिस एक तथा चार मामले राजस्व विभाग से संबंधित थे।तहसीलदार ने सभी शिकायतों को सुनकर संबंधित अधिकारियों को निस्तारण के निर्देश दिए। थाना प्रभारी अनिल कुमार पांडेय व राजस्व विभाग के अधिकारी कर्मचारी तथा फरियादी मौजूद रहे।

## कम्पोजिट स्कूल बसौली में शिक्षक चौपाल का भव्य आयोजन

बेलहरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। शासन एवं बेसिक शिक्षा विभाग की मंशा अनुरूप और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक के निर्देश व खंड शिक्षा अधिकारी सूरतगंज संजय कुमार के मार्ग दर्शन में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत कंपोजिट विद्यालय बसौली शिक्षा क्षेत्र सूरतगंज ब्लॉक के समस्त न्याय पंचायतों में न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन किया गया जिसमें न्याय पंचायत के समस्त विद्यालयों ने हिस्सा लिया। इसी क्रम में न्याय पंचायत बसौली में आयोजित शिक्षा चौपाल कार्यक्रम में सभी विद्यालयों के मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया। न्याय पंचायत के सभी स्कूलों के मेधावी बच्चे प्रधानाध्यापक व शिक्षक मौजूद रहे जिन में मुख्य रूप से न्याय पंचायत नोडल शिक्षक दिलीप कुमार,वरिष्ठ शिक्षक कृष्ण कुमार शुक्ला , अमित मिश्रा,टीचर मोहम्मद इसराइल(नादिम)अमिता शुक्ला,आलोक कुमार वर्मा, अखिलेश कुमार,संतोष कुमार , मोइनुद्दीन संकुल शिक्षक,भूपेंद्र कुमार वर्मा संकुल शिक्षक,के.के वर्मा राम मंडई,देशराज सिंह बरैया,प्रदीप कुमार पर्वतपुर, विनीत कुमार,संजू शुक्ला,स्वाति श्रीवास्तव,विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षगण अभिभावकगण आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।इस अवसर पर समस्त विद्यालय के उत्कृष्ट दो-दो बच्चों को उत्साह वर्धन हेतु टिफिन दे कर पुरस्कृत किया गया जिसे पाकर बच्चों के चेहरे ख़ुशी से खिल उठे। वरिष्ठ शिक्षक के के शुक्ल की अध्यक्षता में सम्पन्न होने वाले कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दिलीप कुमार ने किया।

## आकाशीय बिजली गिरी, भारी नुकसान

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। बीती देर रात अचानक खराब हुए मौसम के बीच तेज धमाके के साथ नगर क्षेत्र के मोहल्ला शिवाजी पुरम मे एक पेड़ पर आकाशीय विजली गिर गई, उक्त घटना मे पेड़ तो क्षति ग्रस्त हुआ ही मोहल्ले मे कई लोगों का इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भी जल कर नष्ट हो गया,

## लोगों की माने तोआसमान मे बादलो की गर्जना नेदिल दहला दिया

### संगीत मय श्री राम कथा का शुभारंभ

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर के सत्य प्रेमी नगर स्थित श्री भुईहारे बाबा मंदिर परिसर में विधि- विधान पूर्वक पूजा अर्चना करके नौ दिवसीय संगीत मय श्री राम कथा का शुभारंभ किया गया ।कथा वाचक पंडित सर्वेश तिवारी (मधुकर) द्वारा भगवान श्री राम के 14 वर्षीय वनवास से पूर्व उन कथाओं का वर्णन किया जिसे सैकड़ो की संख्या में उपस्थित भक्तगण भाव-वीहोर हो गए। कथा प्रत्येक 9 दिन अपराह्न 3:00 बजे से शाम 7:00 बजे तक चलेगी। श्री राम भक्त पहुंचकर कथा का आनंद प्राप्त कर सकेंगे। आयोजक मंडल में मुख्य रूप से अनुराग त्रिवेदी, मनीष निगम, गौरव शुक्ला, मदन शुक्ला व सभासद देवेंद्र प्रताप सिंह (ज्ञानू) उपस्थित रहे।

# उत्तर प्रदेश दिवस भव्य आयोजन, गरीबों को मिले आवास





कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर बाराबंकी।उत्तर प्रदेश स्थापना दिवस 2026 के मौके पर एक कार्यक्रम नगर पंचायत द्वारा राम नगर रोड स्थित बाबा मैरिज लॉन में विधायक साकेंद्र वर्मा के मुख्य अतिथित्व मे आयोजित हुआ। इस दौरान उप जिलाधिकारी कार्तिकेय सिंह उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में नगर पंचायत क्षेत्र के 322 गरीब परिवारों को पक्के आवास आवंटित किए गए। आवंटन उत्तर प्रदेश विकास 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया।

विधायक श्री वर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि उ0प्र0 ने वीते कुछ वर्षों में जो विकास किया है। उन्होंने मख्यमंत्री योगी के नेतत्व में कानून-व्यवस्था, सड़क, बिजली, आवास,शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्रों में हुए कार्यों का उल्लेख किया और उत्तर प्रदेश दिवस केवल एक उत्सव नहीं,बल्कि प्रदेश की उपलब्धियों और भविष्य की दिशा को समझने का अवसर है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा लाखों लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे सहायता राशि भेजी गई है, जिससे गरीब और जरूरतमंद वर्ग को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। विधायक साकेंद्र वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केविकसित भारत के संकल्प का जिक्र करते हुए कहा कि विकसित उत्तर प्रदेश, विकसित भारत की मजबूत नींव है।

इस अवसर पर न.पं. अधिशासी अधिकारी संध्या मिश्रा,अन्य अधिकारी, कर्मचारी जनप्रतिनिधिसमाज सेवी और तमाम नागरिक मौजूद रहे। ईओ ने बताया कि ऐसे आयोजनों का उद्देश्य जनता को सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना तथा उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। कार्यक्रम में बाबा हेमन्त दास, शीलरत्न मिहिर,अधिवक्ता हरिनाम सिंह,राजीवनयन तिवारी हंसराज वर्मा,करूणाशंकर, अशोक वर्मा,साई कॉन्वेंट कॉलेज, सरस्वती विद्या मंदिर, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, लेफ्टिनेंट अनिरुद्ध शुक्ल पीजी कॉलेज और युगांतर इंटर कॉलेज, जैसे विद्यालयों ने प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया।

# रिहर्सल परेड का कप्तान ने किया अवलोकन, दिशा-निर्देश



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकीम् शनिवार को रिजर्व पुलिस लाइन्स परेड ग्राउण्ड में आगामी गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी) के दष्टिगत ग्रांड रिहर्सल परेड का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा फुल ड्रेस रिहर्सल परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। परेड का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक रितेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी फतेहपुर जगतराम कन्नौजिया, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार एवं अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# भारत की निगाह श्रृंखला जीतने पर किशन ने बढ़ाया संजू पर दबाव

एजेंसी





गुवाहाटी। पहले दोनों मैच आसानी से जीतने के बाद भारत रविवार को यहां होने वाले तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में जीत हासिल करके पांच मैच की श्रृंखला में अजेय बढ़त हासिल करने की कोशिश करेगा जिसमें संजू सैमसन के प्रदर्शन पर सभी की निगाह टिकी रहेंगी क्योंकि ईशान किशन ने पिछले मैच में शानदार वापसी करके उन पर दबाव बढ़ा दिया है। किशन की शानदार पारी से इस बात पर बहस फिर से शुरू हो जाएगी कि अभिषेक शर्मा का पसंदीदा सलामी जोड़ीदार कौन होना चाहिए, क्योंकि सैमसन अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने के लिए जूझ रहे हैं।

टी20 विश्व कप के शुरू होने में अब केवल दो सप्ताह का समय बचा है और इससे पहले भारत को न्यूजीलैंड के खिलाफ बाकी बचे तीन मैच खेलने हैं। ऐसे में भारत की टीम संयोजन काफी हद तक तय लग रहा है। भारत बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। केवल कुछ स्थान को लेकर ही टीम चिंतित होगी जिनमें से एक स्थान फिलहाल सैमसन के पास है। किशन की 32 गेंदों पर खेली गई शानदार 76 रनों की पारी ने संजू पर दबाव बढ़ा दिया है। टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल की जगह अभिषेक के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में बहाल किए गए सैमसन मौकों का पूरा फायदा उठाने में नाकाम रहे हैं, जबकि उन्हें काफी मैच खेलने का मौका मिला है। गिल तकनीकी रूप से मजबूत होने के बावजूद टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में कोई खास प्रभाव नहीं डाल पाए थे और इसलिए संजू को अंतिम एकादश में शामिल करने के साहसिक फैसले के तहत उन्हें बाहर कर दिया गया। लेकिन अपने पसंदीदा बल्लेबाजी क्रम में वापसी करने पर केरल का यह विकेटकीपर बल्लेबाज अभी तक उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा है। ऐसे में यह श्रृंखला उनके लिए निर्णायक साबित हो सकती है। तेज गेंदबाजों के सामने उनकी कमजोरी एक बार फिर उजागर हो गई है। इस साल की शुरुआत में इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला के दौरान वह तेज गेंदबाजों के हाथों पांच बार सस्ते में आउट हो गए। इसमें जोफ्रा आर्चर के हाथों लगातार तीन बार आउट होना भी शामिल है। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो मैच में वह केवल 10 और छह रन ही बना सके और उन्हें क्रमशः काइल जैमीसन और मैट हेनरी ने आउट किया। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज डब्ल्यूवी रमन ने रायपुर में आउट होने के बाद सोशल मीडिया पर इसका सटीक वर्णन किया।

# सूर्या ने दिखा दिया कि वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज हैं: शिवम दुबे

एजेंसी





रायपुर। भारतीय ऑलराउंडर शिवम दुबे ने कप्तान सूर्यकुमार यादव की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में इस स्टार बल्लेबाज ने धमाकेदार पारी खेलकर दिखा दिया कि वह खेल के सबसे छोटे प्रारूप में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार ने 23 पारियों के बाद पहली बार 50 से अधिक का स्कोर बनाया, जिससे अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप से पहले उनके आलोचकों का मुंह बंद हो गया। भारतीय कप्तान ने दुबे के साथ मिलकर 81 रन की अटूट साझेदारी की और भारत ने न्यूजीलैंड के 209 रन के लक्ष्य को आसानी से हासिल कर लिया। बाएं-दाएं बल्लेबाज के संयोजन को ध्यान में रखते हुए हार्दिक पंड्या से पहले बल्लेबाजी करते हुए दुबे ने 18 गेंदों में 36 रन बनाए। दुबे ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा , ''कुछ समय पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुझसे सूर्यकुमार यादव की फॉर्म के बारे में पूछा गया था। तब मैंने कहा था कि वह उस तरह का खिलाड़ी है कि जब वह अपनी फॉर्म दिखाएगा तो तब दुनिया को पता चलेगा कि वह किस तरह का खिलाड़ी है। आज सूर्यकुमार यादव ने दिखा दिया कि वह टी20 में नंबर एक बल्लेबाज क्यों है। उन्होंने कहा, ''मैंने उसके साथ बल्लेबाजी का पूरा आनंद लिया। उसे इस तरह से बल्लेबाजी करते हुए देखना बहुत अच्छा लगा। सूर्यकुमार और दुबे के बीच साझेदारी से पहले इशान किशन ने 32 गेंद पर 76 रन की तूफानी पारी खेली। दुबे ने उनकी भी जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''इशान बाएं हाथ से खेलने वाले उन बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक है जिन्हें मैंने देखा है। ड्रेसिंग रूम में उसे 'छोटा पॉकेट ब्लास्ट' कहा जाता है। मुझे लगता है कि उसकी बल्लेबाजी बहुत दमदार है। वह जानता है कि वह क्या कर सकता है और आज के मैच में उसने इसे साबित कर दिया। दुबे को गेंदबाजी में भी नियमित रूप से इस्तेमाल किया जा रहा है।

# नाओमी ओसाका तीसरे दौर के मैच से पहले ऑस्ट्रेलियाई ओपन से हटीं

एजेंसी



मेलबर्न (ऑस्ट्रेलिया)। जापानी खिलाड़ी नाओमी ओसाका ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर से मैच से पहले हटने का फैसला किया। चार बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन ओसाका को तीसरे दौर में ऑस्ट्रेलियाई क्वालिफायर मैडिसन इंग्लिस के खिलाफ खेलना था। इस तरह उनके फैशन और विवादों भरे अभियान का अंत हो गया। दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ने सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की, लेकिन अपनी चोट के बारे में नहीं बताया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया कि अपने पिछले मैच के बाद उन्हें 'अपने शरीर की एक ऐसी समस्या पर ध्यान देना है, जिसे इलाज की जरूरत है। ओसाका ने पोस्ट किया, ''मैं आगे बढ़ने के लिए बहुत उत्साहित थी और यह सफर मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखता था इसलिए यहां रुकना मेरे दिल तोड़ने वाला है। लेकिन मैं और नुकसान का जोखिम नहीं उठा सकती ताकि मैं कोर्ट पर वापस आ सकूं। एक साल पहले मेलबर्न पार्क में ओसाका पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण बेलिंडा बेनसिक के खिलाफ अपने तीसरे दौर के मैच से रिटायर हो गई थीं। ऑस्ट्रेलियाई ओपन के अधिकारियों ने शनिवार को ओसाका के हटने पर कोई टिप्पणी नहीं की है। टूर्नामेंट की शुरुआत में ओसाका की शानदार एंट्री वायरल हो गई थी क्योंकि वह अपने पहले दौर के मैच के लिए एक चौड़ी-किनारे वाली टोपी, घूंघट पहने और एक सफ़ेद छाता पकड़े हुए कोर्ट पर आईं थीं। यह एक ऐसा डिजाइन था जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि उनके कपड़ों के प्रायोजक नाइकी ने उन्हें बनाने दिया था। दूसरे दौर में ओसाका ने सोराना क्रिस्टिया को एक तनावपूर्ण मुकाबले में 6-3, 4-6, 6-2 से हराया। यह मुकाबला कड़वाहट के साथ खत्म हुआ। क्रिस्टिया मैच के दौरान ओसाका के खुद को उत्साहित करने के प्रयासों से नाराज थीं। ओसाका ने 2019 और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीता था। उन्होंने अमेरिकी ओपन में दो ग्रैंड स्लैम खिताब जीते। उन्होंने 2018 के फाइनल में सेरेना विलियम्स को हराया था। वह 2020 में फिर से अमेरिकी ओपन जीती थीं।

# ऑस्ट्रेलिया दौरा: भारतीय महिला टेस्ट टीम घोषित, हरमनप्रीत कौर कप्तान

**प्रतिका रावल, वैष्णवी शर्मा और क्रांति गौड़ भारत की टेस्ट टीम में शामिल**

एजेंसी



नयी दिल्ली। पिछले साल महिला वनडे विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली सलामी बल्लेबाज प्रतिका रावल के अलावा बाएं हाथ की स्पिनर वैष्णवी शर्मा और तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ को छह से नौ मार्च तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पर्थ में होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। भारत की 15 सदस्यीय टीम की कप्तानी हरमनप्रीत कौर करेंगी। यह टेस्ट मैच 15 फरवरी से शुरू होने वाले सीमित ओवरों के मैचों (तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और तीन वनडे) के बाद खेला जाएगा। प्रतिका का वनडे में शानदार प्रदर्शन रहा है। उन्होंने इस प्रारूप में 24 मैचों में 50.45 के औसत से 1110 रन बनाए, जिसमें दो शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। इसका यह भी मतलब था कि यह सलामी बल्लेबाज टखने की चोट से काफी हद तक उबर चुकी थीं, जिसके कारण उन्हें पिछले साल के महिला वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल और फाइनल से बाहर बैठना पड़ा था। हालांकि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम का हिस्सा नहीं है। वैष्णवी ने 2025 की शुरुआत में भारत की अंडर-19 विश्व कप जीत के दौरान अपनी छाप छोड़ी थी। उन्होंने दिसंबर में श्रीलंका के खिलाफ घरेलू टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के दौरान सीनियर टीम की तरफ से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस 20 वर्षीय स्पिनर ने अब तक पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। तेज गेंदबाज क्रांति ने भी पिछले साल भारत के लिए पदार्पण किया था और वह अब तक 15 वनडे और चार टी20 मैच खेल चुकी हैं। 50 ओवर के प्रारूप में उनका प्रदर्शन विशेष रूप से प्रभावशाली रहा है, जिसमें उन्होंने 23 विकेट लिए हैं। मुंबई की 25 वर्षीय तेज गेंदबाज सयाली सतघरे को भी टीम में लिया गया है जिसके कारण अनुभवी अरुंधति रेड्डी को मौका नहीं मिला। इस बीच युवा विकेटकीपर जी कमलिनी चोट के कारण भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर हो गई हैं और चयनकर्ताओं ने उनकी जगह उमा छेत्री को टी20 और वनडे टीमों में शामिल किया है। चयनकर्ताओं ने एसीसी राइजिंग स्टार एशिया कप के लिए भारत ए टीम का चयन भी कर लिया है, जिसकी कप्तानी बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव करेंगी।

# सिनर, कीज़ और पेगुला ऑस्ट्रेलियाई ओपन के चौथे दौर में

एजेंसी

मेलबर्न। पिछले दो बार के चैंपियन यानिक सिनर ने भीषण गर्मी से जूझने के बावजूद शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में प्रवेश करके खिताबी हैट्रिक बनाने की अपनी कवायद जारी रखी। सिनर जब हाथ पैरों में ऐंठन को दूर करने के लिए जूझ रहे थे और तीसरे सेट में 1-3 से पिछड़ रहे थे तब भीषण गर्मी के नियमों ने उन्हें बचा लिया। शनिवार दोपहर को रॉड लेवर एरिना में खेल कुछ मिनटों के लिए रोक दिया गया और छत बंद कर दी गई। इसके बाद सिनर ने नई ऊर्जा के साथ कोर्ट पर कदम रखा। उन्होंने अगले छह गेम में से पांच जीतकर 85वीं रैंकिंग के खिलाड़ी इलियट स्पिजिर्री को 4-6, 6-3, 6-4, 6-4 से पराजित किया। सिनर ने बाद में कहा, ''आज मुझे शारीरिक रूप से काफी परेशानी हुई। गर्मी के नियम की वजह से मुझे राहत मिली। जैसे-जैसे समय बीतता गया, मैं बेहतर महसूस करने लगा। सिनर अगले दौर में इटली के हमवतन खिलाड़ी लुसियानो डार्डेरी का सामना करेंगे, जिन्होंने नंबर 15 करेन खाचानोव को 7-6 (5), 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। इटली के तीन खिलाड़ी अंतिम 16 में पहुंच गए हैं। इनमें तीसरे खिलाड़ी पांचवीं वरीयता प्राप्त लोरेंजो मुसेटी हैं जिन्होंने जॉन केन एरिना में खेले गए मैच में टॉमस माचक को 5-7, 6-4, 6-2, 5-7, 6-2 से हराया। इस मैच को भी पांचवें सेट में छत बंद करने के लिए थोड़ी देर के लिए रोकना पड़ा था। विश्व में आठवें नंबर के खिलाड़ी बेन शेल्टन भी आगे बढ़ गए हैं। उन्होंने मार्गरेट कोर्ट एरिना पर मोनाको के वैलेंटीन वाचेरोट को 6-4, 6-4, 7-6 (5) से पराजित किया। इस बीच महिला वर्ग में मौजूदा चैंपियन मैडिसन कीज और उनकी हमवतन अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने भी सीधे सेटों में जीत दर्ज करके चौथे दौर में प्रवेश किया जहां उनका आमना सामना होगा। नौवीं वरीयता प्राप्त कीज़ ने रोड लेवर एरिना में खेले गए पहले मैच में कैरोलिना प्लिस्कोवा को 6-3, 6-3 से हराया, जबकि छठी वरीयता प्राप्त पेगुला ने मार्गरेट कोर्ट एरिना में खेले गए पहले मैच में ओक्साना सेलेखमेतेवा को 6-3, 6-2 से पराजित किया। अमेरिका की एक अन्य खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा ने हमवतन पेटन स्टर्न्स को 6-1, 6-4 से हराकर अंतिम 16 में जगह बनाई। सातवें दिन खेल निर्धारित समय से एक घंटा पहले शुरू हुआ, क्योंकि पूर्वानुमान में 40 डिग्री सेल्सियस (104 फ़ारेनहाइट) तक के तापमान की आशंका थी। शुरुआती मैचों के दौरान तापमान उस स्तर तक नहीं पहुंचा। इस दौरान तापमान 32 डिग्री सेल्सियस (89 फ़ारेनहाइट) रहा। कीज़ ने कहा कि उन्हें चौथे दौर में पेगुला के खिलाफ कड़े मुकाबले की उम्मीद है।

## मैं मानसिक रूप से शांत और मौजूदा क्षण में थी: बंसारी सोलंकी

**नयी दिल्ली।** एसजी पाइपर्स की महिला हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) की पहली खिताबी जीत में निर्णायक भूमिका निभाने वाली गोलकीपर बंसारी सोलंकी ने कहा कि वह खिताबी मुकाबले के अहम मौके पर 'मानसिक रूप से शांत थी और पूरी तरह वर्तमान में मौजूद थी'। महिला एचआईएल का फाइनल निर्धारित समय में 1–1 की बराबरी पर समाप्त हुआ था। इसके बाद एसजी पाइपर्स ने शूटआउट में श्राची बंगाल टाइगर्स को 3S2 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विशेष रूप से शूटआउट के लिए मैदान में उतारी गईं 24 वर्षीय गोलकीपर ने एक पेनल्टी स्ट्रोक के साथ तीन अहम बचाव कर अपनी टीम को जीत दिला दी। बंसारी को फाइनल में शानदार प्रदर्शन के लिए शुक्रवार को 'टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर' के पुरस्कार से भी नवाज़ा गया। उन्होंने कहा कि दबाव का डटकर सामना करने से उन्हें सफलता मिली। दबाव जरूर था, लेकिन मैं नतीजे के बारे में नहीं सोच रही थी। मेरा पूरा ध्यान अपना सर्वश्रेष्ठ देने और उसी पल में बने रहने पर था।

# गणतंत्र दिवस के लंबे सप्ताहांत पर पर्यटन, होटलों की बुकिंग में भारी उछाल

एजेंसी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस के अवसर पर शनिवार से शुरू हो रहे तीन दिनों के लंबे सप्ताहांत के कारण देश में पर्यटन और होटल बुकिंग में भारी उछाल देखा जा रहा है। उद्योग जगत के विशेषज्ञों के अनुसार, यह रुझान यात्रियों के व्यवहार में बदलाव और छोटी यात्राओं के प्रति बढ़ते आकर्षण को दर्शाता है। यात्रा बुकिंग मंचों के मुताबिक, गोवा, थाईलैंड और वियतनाम जैसे गंतव्यों के लिए सबसे अधिक मांग देखी जा रही है, जहां कई शहरों से सीधी उड़ान सेवा उपलब्ध है। होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और रेडिसन होटल ग्रुप (दक्षिण एशिया) के चेयरमैन के बी काचरू ने बताया कि इस लंबे सप्ताहांत में आतिथ्य क्षेत्र में जबरदस्त मांग है। उन्होंने कहा कि शहरी यात्री कम समय वाली लेकिन गुणवत्तापूर्ण यात्राओं को प्राथमिकता दे रहे हैं। स्थापित पर्यटन केंद्रों के साथ-साथ अब नए और छोटे गंतव्यों में भी होटल के कमरों की मांग बढ़ी है। यहां न केवल होटलों में कमरों की उपलब्धता कम हुई है, बल्कि आखिरी समय में होने वाली बुकिंग में भी जोरदार बढ़ोतरी देखी जा रही है। 'मेकमायट्रिप' के सह-संस्थापक और समूह मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश मागो ने कहा कि गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर मेट्रो शहरों के पास स्थित पर्यटन स्थलों के लिए लोगों की रुचि बनी हुई है। उन्होंने बताया कि घरेलू स्तर पर गोवा पसंदीदा स्थान बना हुआ है, जबकि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर थाईलैंड और वियतनाम जैसे देशों के लिए मांग अधिक है, जहां वीजा प्रक्रिया सरल है। रेडिसन होटल ग्रुप (दक्षिण एशिया) के प्रबंध निदेशक और मुख्य परिचालन अधिकारी (सीओओ) निखिल शर्मा ने कहा कि 2026 के इस पहले लंबे सप्ताहांत में छोटी और अनुभव-आधारित छुट्टियों का चलन बढ़ रहा है। द लीला पैलेस, होटल्स एंड रिसॉर्ट्स के वरिष्ठ उपाध्यक्ष माधव सहगल ने भी माना कि लोग ऐसी जगहों को चुन रहे हैं जहां यात्रा आसान हो और स्थानीय संस्कृति से जुड़ाव महसूस हो।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बहादुरपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज जनपद बाराबंकी

पत्रांक : दिनांक : 24–12–2026

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बहादुरपुर विकास खंड त्रिवेदीगंज में मनरेगा ( VB - G Ram G ) योजनान्तर्गत एवं ICDS, ग्राम निधि से आंगनबाड़ी केंद्र (भवन) निर्माण कार्य कराये जाने हेतु, बालू, मौरंग, सीमेंट, इंट, गिट्टी, पाइप फिटिंग, सेनेटरी सामग्री, पत्थर की गिट्टी, सरिया, दरवाजा, बिन्डो, टाइल्स, पेंट, प्राइमर, बिजली का सामान अन्य भवन निर्माण सामग्री आदि की आपूर्ति हेतु वित्तीय वर्ष 2026 के लिए अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 27.01.2026 से 07.02.2026 तक ग्राम पंचायत बहादुरपुर कार्यालय से अपनी निविदा प्राप्त कर सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 08.02.2026 को समय 02 बजे तक निर्धारित है। इसके पश्चात प्राप्त होने वाली निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा।

| क्र. स. | कार्य का विवरण | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंगनबाड़ी भवन निर्माण कार्य | अवल ईंट, इंट गिट्टी, सीमेंट, बालू, मौरंग, पत्थर की मिट्टी, सरिया, दरवाजा, बिन्डो, टाइल्स, पेंट, प्राइमर, बिजली का सामान अन्य भवन निर्माण सामग्री | 11,99,328 रुपए | 100/– |

आवश्यक नियम व शर्ते निम्नवत हैं

प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम तीन निविदाएं आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की समाप्ति समय सीमा दो माह है। आपूर्ति करने वाली फर्म क्ब्द्द पंजीकृत होनी चाहिए, जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छाया प्रति संलग्न होनी चाहिए। जिस फर्म की निविदा स्वीकृत होगी, उसको आपूर्ति आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जायेगा तथा आपूर्ति समय पर एवं गुणवत्तायुक्त होनी चाहिए। आपूर्ति की गयी सामग्री प्रमाणित होने के पश्चात ही भुगतान किया जायेगा। समस्त सामग्री PWD द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

**ग्राम प्रधान**
ग्राम पंचायत बहादुरपुर
विकास खंड त्रिवेदीगंज बाराबंकी

**सचिव**
ग्राम पंचायत बहादुरपुर
विकास खंड त्रिवेदीगंज बाराबंकी


# इंडिगो ने डीजीसीए की सख्ती के बाद घरेलू हवाई अड्डों पर खाली किए 717 स्लॉट

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने घरेलू एयरपोर्ट पर 717 स्लॉट खाली कर दिए हैं। एयरलाइन ने नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के इंडिगो की शीतकालीन उड़ानों में 10 फीसदी कटौती के जारी निर्देश के बाद यह कदम उठाया है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इंडिगो ने कुल 717 स्लॉट छोड़े हैं। कंपनी ने यह कदम विमानन नियामक की सख्ती के बाद उठाया है। डीजीसीए ने दिसंबर में बड़े पैमाने पर उड़ानें रद्द और विलंब के बाद एयरलाइन की उड़ानों में 10 फीसदी कटौती की गई थी। इंडिगो की खाली किए गए स्लॉट जनवरी से मार्च के बीच हैं, जिनमें सबसे अधिक प्रमुख महानगरों के हैं। इंडिगो एयरलाइन ने देश के कुल 16 एयरपोर्ट्स पर अपने स्लॉट्स छोड़े हैं। इसमें सबसे ज्यादा 236 स्लॉट्स मुंबई एयरपोर्ट पर कम हुए हैं। इसके बाद दिल्ली का नंबर आता है, जहां 150 स्लॉट्स सरेंडर किए गए हैं। बेंगलुरु में 84, हैदराबाद में 68 और पुणे में 48 स्लॉट्स छोड़े गए हैं। एयरलाइन ने इनमें से 364 स्लॉट देश के छह प्रमुख महानगरों, दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू और हैदराबाद के लिए छोड़े हैं। इनमें सबसे अधिक स्लॉट हैदराबाद और बंगलूरू से खाली किए गए हैं। छोड़े गए स्लॉट जनवरी से मार्च के बीच फैले हुए हैं, जिनमें मार्च में सबसे अधिक 361 स्लॉट शामिल हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने अन्य एयरलाइनों से इन खाली स्लॉट पर उड़ान संचालन के लिए आवेदन मांगे हैं। मंत्रालय के अनुसार इंडिगो ने यह स्लॉट उस समय छोड़े जब दिसंबर की शुरुआत में उसकी घरेलू उड़ानों में 10 फीसदी की कटौती की गई थी। मंत्रालय के मुताबिक स्लॉट के पुनर्वितरण को लेकर गठित समिति की पहली बैठक 13 जनवरी को हुई थी। इसके बाद एयरलाइनों से उनकी प्राथमिकताओं और अनुरोधों को भेजने को कहा गया है। शर्तों के तहत, एयरलाइनों को अपने मौजूदा रूट बंद किए बिना ही खाली स्लॉट का उपयोग करना होगा। इंडिगो आम तौर पर रोजाना 2,200 से अधिक उड़ानें संचालित करती है लेकिन डीजीसीए के निर्देश के बाद उसकी घरेलू उड़ानों की संख्या अब घटकर लगभग 1,930 प्रतिदिन रह गई है। इससे पहले शीतकालीन कार्यक्रम में इंडिगो को प्रति सप्ताह 15,014 उड़ानों की अनुमति थी, जो औसतन 2,144 उड़ानें प्रतिदिन होती थीं। दिसंबर की शुरुआत में इंडिगो को भारी परिचालन संकट का सामना करना पड़ा था। तीन से पांच दिसंबर के बीच एयरलाइन ने 2,507 उड़ानें रद्द कीं, जबकि 1,852 उड़ानें विलंबित हुईं, जिससे देशभर में तीन लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए। इसके बाद डीजीसीए ने उड़ानों में कटौती का फैसला लिया। डीजीसीए ने 17 जनवरी को दिसंबर में हुई उड़ान बाधाओं को लेकर इंडिगो पर कुल 22.20 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया। साथ ही, एयरलाइन को 50 करोड़ रुपये की बैंक गारंटी जमा करने का निर्देश दिया था। डीजीसीए के मुताबिक उड़ानों में भारी व्यवधान का मुख्य कारण पर्याप्त फ्लाइट क्रू-मेंबर की कमी, नियामकीय तैयारी में कमजोरी, सॉफ्टवेयर सिस्टम की खामियां, प्रबंधन संरचना की कमजोरियां और संचालन नियंत्रण में कमी रही। उड्डयन उद्योग के विशेषज्ञों का कहना है कि इंडिगो एयरलाइन के द्वारा छोड़े गए स्लॉट को अन्य एयरलाइनों द्वारा अस्थायी रूप से ही इस्तेमाल किया जा सकता है, क्योंकि मार्च के बाद ये स्लॉट वापस इंडिगो को मिल सकते हैं। कम समय के लिए नए रूट शुरू करना एयरलाइनों के लिए व्यावहारिक नहीं है। वहीं, कई स्लॉट देर रात या सुबह तड़के के हैं, इसलिए अन्य एयरलाइनों की रुचि सीमित रह सकती है।

# कर्तव्य पथ पर पहली बार दिखाई देगी सेना की 'रणभूमि व्यूह रचना' की दुर्लभ झलक

एजेंसी

नयी दिल्ली। गणतंत्र दिवस परेड में इस बार ऐतिहासिक कर्तव्य पथ पर पहली बार सेना की रणभूमि व्यूह रचना यानी 'बैटल एरे' की दुर्लभ झलक दिखाई देगी जिसमें सेना अपने सशक्त और भविष्य के किसी भी तरह के युद्ध के लिए अपनी तैयारी का प्रदर्शन करेगी।

यह ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को श्रद्धांजलि होगी। इसके अंतर्गत सेना के जवान पहली बार एक विशिष्ट और अनोखी रणभूमि व्यूह रचना ''बैटल एरे'' फार्मेशन में दिखाई देंगे। इसमें दर्शकों को आधुनिक युद्धक्षेत्र में एकीकृत,नेटवर्क-सक्षम और अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी से लैस बल के रूप में सेना की तैनाती और युद्ध प्रणाली की दुर्लभ झलक देखने को मिलेगी। सेना की झांकी में एक एकीकृत संचालन केंद्र को



प्रदर्शित किया जाएगा, जो ''सुदर्शन चक्र'' के सुरक्षा कवच के अंतर्गत संयुक्त योजना, सटीक लक्ष्य निर्धारण और वायु रक्षा को दर्शाएगा, तथा यह बताएगा कि आधुनिक युद्धों की योजना और उस पर उसी समय कैसे अमल किया जाता है। परेड के इतिहास में पहली बार भारतीय सेना के मार्चिंग और यांत्रिक कॉलम को युद्ध-केंद्रित आक्रामक फार्मेशन में दिखाया जाएगा जिसमें यह पता चलेगा कि सैन्य अभियानों के दौरान बलों का उपयोग किस क्रम में किया जाता है। 'बैटल एरे' एक तैयार, सक्षम और त्वरित जवाबी कार्रवाई करने वाली भारतीय सेना को प्रतिबिंबित करता है, जिसमें खुफिया, निगरानी और टोही तत्व, यांत्रिक बल, विमानन संसाधन, स्पेशल फोर्स, तोपखाना, वायु रक्षा और लॉजिस्टिक्स को एक सुसंगठित संचालन ढांचे में एकीकृत किया गया है। यह व्यूह रचना डेटा-केंद्रित अभियानों, लंबी दूरी की सटीक मारक प्रणालियों और स्वदेशी प्लेटफार्मों के माध्यम से शत्रु क्षेत्र में गहराई तक निगरानी, निर्णय लेने और प्रहार करने की भारतीय सेना की क्षमता को दर्शाती है। साथ ही बहुस्तरीय वायु रक्षा कवच द्वारा पूर्ण सुरक्षा भी सुनिश्चित करती है। ' बैटल एरे' ऑपरेशन सिंदूर की उल्लेखनीय सफलता को भी श्रद्धांजलि है जो भारतीय सेना की युद्ध तत्परता, सहयोगी सेवाओं के साथ संयुक्तता तथा आत्मनिर्भर भारत के तहत विकसित स्वदेशी प्रणालियों पर बढ़ती निर्भरता को रेखांकित करता है। रणभूमि व्यूह रचना में टी-90 भीष्म और अर्जुन मुख्य युद्धक टैंक, बीएमपी-क्रकसाथ और नामिस-ट्रैक मिसाइल सिस्टम, एएलएच ध्रुव, रुद्र, अपाचे एएच-64ई और एलसीएच प्रचंड सहित विमानन संसाधन, एटैग्स, धनुष, सूर्यास्त्र, ब्रह्मोस सहित लंबी दूरी का तोपखाना तथा मिसाइल प्रणालियां और आकाश तथा मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एम आर सैम) वायु रक्षा प्रणालियां शामिल होंगी। इसके अलावा कई प्लेटफॉर्म और इकाइयां पहली बार गणतंत्र दिवस परेड में हिस्सा लेंगी जो सेना के तेजी से हो रहे आधुनिकीकरण और तकनीकी परिवर्तन को प्रदर्शित करेंगी।

## यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष चार दिन की यात्रा पर आईं, गणतंत्र दिवस समारोह में होंगी शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन चार दिन की भारत यात्रा पर शनिवार को यहां पहुंचीं और वाणिज्य तथा उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उनका हवाई अड्डे पर स्वागत किया। सुश्री डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो लुईस सैंटोस दा कोस्टा इस वर्ष गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि होंगे। श्री कोस्टा का रविवार को यहां पहुंचने का कार्यक्रम है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में दोनों नेताओं की भारत यात्रा को भारत-यूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के अगले चरण की रूपरेखा करार दिया है। उन्होंने कहा,'' भारतयूरोपीय संघ रणनीतिक साझेदारी के अगले चरण की रूपरेखा। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का भारत में उनके राजकीय दौरे पर हार्दिक स्वागत। उनका स्वागत वाणिज्य एवं उद्योग तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री श्री जितिन प्रसाद ने किया। विश्व के दो सबसे बड़े लोकतंत्र होने के नाते, भारत और यूरोपीय संघ आपसी विश्वास और साझा मूल्यों पर आधारित साझेदारी साझा करते हैं।'' विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर रविवार शाम दोनों यूरोपीय नेताओं से मुलाकात करेंगे। सोमवार को दोनों नेता सुबह कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बाद में शाम को वह राष्ट्रपति भवन में एट होम कार्यक्रम में रहेंगे। दोनों नेता मंगलवार को सुबह राजघाट जाकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। इसके बाद वे हैदराबाद हाऊस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ 16वें भारतईयू शिखर सम्मेलन की सह अध्यक्षता करेंगे। श्री कोस्टा उसी दिन अपराह्न भारत मंडपम में एक व्यापार बैठक में हिस्सा लेंगे। इसके बाद दोनों नेता पहले उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से मिलेंगे और बाद में राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। सुश्री डेर लेयेन उसी दिन रात स्वदेश रवाना हो जायेंगी।

## चुनाव आयोग रविवार को मनाएगा 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस

नयी दिल्ली। चुनाव आयोग 25 मई को यहाँ 16वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस (एनवीडी-2026) मनाएगा जिसका थीम ''माय इंडिया, माय वोट'' और ''सिटीजन एट द हर्ट ऑफ़ इंडियन डेमोक्रेसी' टैगलाइन है। चुनाव आयोग ने आज बताया कि राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगी। केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) अर्जुन राम मेघवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार करेंगे। राष्ट्रपति अपने संबोधन के बाद नव-पंजीकृत युवा मतदाताओं को मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) प्रदान करेंगी। इसके साथ ही विभिन्न श्रेणियों के पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। इनमें प्रौद्योगिकी का प्रभावी उपयोग, चुनाव प्रबंधन एवं लॉजिस्टिक्स, नवाचारी मतदाता जागरूकता, आदर्श आचार संहिता का कार्यान्वयन व प्रवर्तन, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण सहित मीडिया से जुड़े विशेष पुरस्कार शामिल हैं।

## कश्मीर घाटी में हर मौसम में कर रहे हैं कनेक्टिविटी सुनिश्चित : रेलवे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रेलवे ने कहा है कि खाद्यान्न (चावल) से भरी पहली पूरी मालगाड़ी (रैक) 22 जनवरी को अनंतनाग पहुंची, जो कश्मीर घाटी में माल परिवहन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और इस क्षेत्र में हर मौसम में चलने वाली रेल संपर्क सेवा की मजबूती को दर्शाती है।

रेलवे ने कहा ''अपनी तरह की इस पहली उपलब्धि में भारतीय खाद्य निगम के साथ निरंतर समन्वय के बाद रसद लागत को कम करते हुए 2,768 टन चावल से भरी 42 वैगन वाली एक पूरी मालगाड़ी को अनंतनाग माल गोदाम तक पहुंचाया गया। मंत्रालय ने कहा है कि उसकी सेवाएं कश्मीर घाटी में प्रतिकूल मौसम के बावजूद हर मौसम में संपर्क सुविधा, विश्वसनीय खाद्यान्न आपूर्ति सुनिश्चित करती है और माल परिवहन लागत को कम करती है। रेलवे ने कहा है कि पहले उसके द्वारा केवल 21 वैगन वाली छोटी मालगाड़ियां ही चलाई जाती थीं जिनमें 1,384 टन अनाज होता था लेकिन इस बार पूरी मालगाड़ी को 21 जनवरी को पंजाब के संगरूर रेलवे टर्मिनल से सफलतापूर्वक लोड किया गया जो 24 घंटे के भीतर अनंतनाग पहुंची।

एक दिन पहले खराब मौसम के कारण माल उतारने में बाधा आने के बावजूद मालगाड़ी को सफलतापूर्वक लोड किया गया जिससे घाटी में अनाज की आपूर्ति और वितरण नेटवर्क को काफी मजबूती मिली। मंत्रालय ने इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह कश्मीर घाटी में खाद्यान्न वितरण नेटवर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण शुरुआत है और इससे छोटी मालगाड़ियों और सड़क परिवहन से पूरी क्षमता वाली मालगाड़ियों में परिवर्तन से समग्र रसद और माल ढुलाई लागत में उल्लेखनीय कमी आने की उम्मीद है।

## संभल के सीजेएम का तबादला न्यायिक स्वतंत्रता पर हमला, उच्चतम और उच्च न्यायालय संज्ञान लें: कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट (सीजेएम) विभांशु सुधीर के तबादले को शनिवार को न्यायिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला करार दिया और कहा कि उच्चतम न्यायालय तथा इलाहाबाद उच्च न्यायालय को इस मामले का स्वतः संज्ञान लेना चाहिए।

पार्टी के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने यह आरोप भी लगाया कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए ''न्यायिक प्रणाली का अपहरण कर लिया है। सीजेएम विभांशु सुधीर ने संभल हिंसा मामले में नौ जनवरी को तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) अनुज चौधरी सहित 15-20 पुलिसकर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। इसके कुछ दिन बाद ही उनका तबादला कर दिया गया था। खेड़ा ने



संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा सरकार ने एक बार फिर इस देश की लोकतांत्रिक संस्थाओं को खुलेआम कमजोर करके अपना सबसे घातक, जन-विरोधी, संविधान-विरोधी, सत्तावादी और क्रूर तानाशाही चरित्र उजागर कर दिया है। संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर का अचानक तबादला कोई प्रशासनिक कार्रवाई नहीं है, यह न्यायिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उन्होंने दावा किया, ''भाजपा ने एक खतरनाक और निंदनीय राजनीतिक फॉर्मूला ईजाद किया है कि सांप्रदायिक तनाव पैदा करो, हिंसा फैलाओ, अपराधियों को बचाओ और फिर किसी भी संस्था को कुचल दो जो जवाबदेही की मांग करने की हिम्मत करे। खेड़ा ने कहा कि संभल कोई अपवाद नहीं है, बल्कि यह जानबूझकर और गहरी खतरनाक रणनीति के तहत किया गया है। उन्होंने दावा किया, ''संभल में सांप्रदायिक हिंसा अचानक नहीं हुई थी। यह भाजपा सरकार की नफरत, ध्रुवीकरण और दंडमुक्ति की राजनीति का सीधा नतीजा था। कानून से बंधी संवैधानिक सरकार की तरह काम करने के बजाय, भाजपा ने सक्रिय रूप से सांप्रदायिक विभाजन को बढ़ावा दिया, नफरत फैलाने वालों को बचाया, और भेदभावपूर्ण, असंवेदनशील और हिंसक दमन के साथ जवाब दिया, जिससे हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच दरारें और गहरी हो गईं। खेड़ा ने कहा कि तथाकथित ''डबल-इंजन'' भाजपा सरकार और भी आगे बढ़ गई है, जिसने न्यायपालिका को डराने, पालतू बनाने और आखिरकार उस पर कब्जा करने की कोशिश की है। कांग्रेस नेता ने कहा, ''विभांशु सुधीर का तबादला इस बात का एक सटीक उदाहरण है कि कैसे सत्ताधारी पार्टी ने अपने राजनीतिक हितों को साधने के लिए न्यायिक प्रणाली का अपहरण कर लिया है। खेड़ा ने कहा, ''हम उच्चतम न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय से आग्रह करते हैं कि वे संभल के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विभांशु सुधीर के मनमाने और बेहद परेशान करने वाले तबादले का स्वतः संज्ञान लें। यह मुद्दा सिर्फ़ एक न्यायिक अधिकारी के तबादले से कहीं ज़्यादा है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कानून के शासन को बनाए रखने, संस्थागत स्वायत्तता की रक्षा करने तथा देश में लोकतांत्रिक शासन के और क्षरण को रोकने के लिए समय पर न्यायिक हस्तक्षेप आवश्यक है।

# पेज एक का शेष

### बंगलादेश टी-20...

अपने रुख पर विचार करने का समय दिया था और मुख्य कार्यकारी गुप्ता लगातार बीसीबी सदस्यों के साथ बातचीत कर रहे थे। आईसीसी नहीं चाहता था कि ऐसा कोई खतरनाक उदाहरण बने जहां कोई सदस्य मैचों को दूसरी जगह कराने की मांग करे। आईसीसी ने स्पष्ट कर दिया था कि वह विश्व कप प्रतियोगिता की पवित्रता की रक्षा करना चाहता है। स्कॉटलैंड अपने प्रदर्शन के आधार पर मौजूदा रैंकिंग में 14वें नंबर है और इसी लिये उसे विश्वकप में जगह मिली है। स्कॉटलैंड अब टूर्नामेंट के शुरुआती स्टेज में ग्रुप सी में होगा और कोलकाता में वेस्टइंडीज (सात फरवरी), इटली (नौ फरवरी) और इंग्लैंड (14 फरवरी) के खिलाफ खेलेगा, जिसके बाद वह मुंबई जाकर 17 फरवरी को नेपाल से भिड़ेगा।

### नसीमुद्दीन सिद्दीकी...

संबंध में अभी तक सिद्दीकी या आज़ाद समाज पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि ऐसा होता है तो यह दलित-मुस्लिम समीकरण के लिहाज से एक नया राजनीतिक प्रयोग माना जा सकता है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सिद्दीकी का यह कदम चुनावी समीकरणों पर असर डाल सकता है, खासकर उन सीटों पर जहां मुस्लिम वोट निर्णायक भूमिका निभाते हैं। कांग्रेस के लिए यह झटका ऐसे समय आया है जब पार्टी पहले से ही प्रदेश में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिशों में जुटी है। दूसरी ओर, बसपा और समाजवादी पार्टी की रणनीतियों पर भी इस घटनाक्रम का प्रभाव पड़ सकता है। मायावती पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि बसपा आगामी चुनाव अपने दम पर लड़ेगी। ऐसे में सिद्दीकी की संभावित नई राजनीतिक पारी उत्तर प्रदेश की बहुकोणीय राजनीति को और दिलचस्प बना सकती है। फिलहाल, सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि नसीमुद्दीन सिद्दीकी अगला कदम क्या उठाते हैं—क्या वे किसी नई पार्टी के साथ हाथ मिलाएंगे या कोई अलग राजनीतिक राह चुनेंगे। इतना तय है कि उनके इस फैसले ने चुनावी माहौल में हलचल जरूर बढ़ा दी है।

### 2027 में फिर...

डा. सुधांशु सिंह, गुरुकूल की संचालक रश्मि आर्य और प्रख्यात कवि डा. हरिओम पंवार शामिल हैं। यूपी भारत की आत्मा और विकसित भारत का ग्रोथ इंजन केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2047 तक भारत को विकसित करने का मंत्र दिया है। यूपी में योगी के नेतृत्व में विकसित उत्तर प्रदेश का संकल्प लिया गया है। 15 अगस्त 2047 को देश की आजादी का शताब्दी वर्ष होगा। यूपी विकसित उत्तर प्रदेश बनेगा। यूपी भारत की धड़कन और आत्मा है। यह भारत के विकास का इंजन है और विकसित भारत का ग्रोथ इंजन भी बनेगा। यह श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिव, बुद्ध की धरती है। राष्ट्र प्रेरणा स्थल पर पहली बार आया हूं। यहां तीन महान विभूतियों की मूर्ति लगी है। यह स्थल राष्ट्र की जागृत का स्थल बनेगा। यह दशकों तक देश को दिशा देगा। 65 एकड़ में यहां पहले कूड़े का पहाड़ था। भाजपा सरकार ने कूड़े को कंचन में बदला है। सीएम युवा योजना में पांच डीएम को किया सम्मानित शाह ने सीएम युवा योजना में उत्कृष्ट काम करने वाले पांच जिलों के डीएम को सम्मानित किया। ये जौनपुर के डीएम दिनेश चंद्र, आजमगढ़ के रविंद्र कुमार, हरदोई के अनुनय झा, अंबेडकर नगर के अनुपम शुक्ला और झांसी के डीएम मृदुल चौधरी हैं। जौनपुर में योजना की प्रगति 134 फीसदी रही। गृहमंत्री ने कहा कि सीएम युवा योजना से युवाओं को ऋण देने की व्यवस्था है। अब तक 1.30 लाख युवाओं को करोड़ों रुपये का ऋण दिया गया। दुनिया चखेगी यूपी के विश्व प्रसिद्ध व्यंजनों का स्वाद उन्होंने विधानसभा चुनाव की बात करते हुए कहा कि मैं 2017 को याद करता हूं। यूपी के चुनावी संकल्प पत्र में ओडीओपी को शामिल किया गया। तब कई लोग चौंक रहे थे। डबल इंजन सरकार का काम यूपी ही नहीं पूरे देश में फैल गया है। रोजगार का साधन बना है। आज यहां ओडीओसी (वन डिस्ट्रिक्ट-वन कुजीन) का मेला लगा है। विश्व प्रसिद्ध स्वादिष्ट व्यंजन पूरी दुनिया को मिलेगा। यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा गृहमंत्री ने सरदार पटेल योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह यूपी को वन ट्रिलियन अर्थव्यवस्था बनाने में काफी उपयोगी होगा। अलग-अलग चरण में इसका काम होगा। यूपी का हर जिला रोजगारयुक्त होगा। देशभर में जाने वाले प्रदेश के युवाओं के लिए यूपी में ही रोजगार की व्यवस्था होगी। अपने माता-पिता की सेवा करते हुए काम कर सकेंगे। 15 लाख करोड़ की योजनाएं जमीन पर उतरी शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने योजनाओं को जमीन पर उतारा। कांग्रेस, सपा, बसपा काल के बीमारू राज्य को ब्रेक थ्रू राज्य बनाया है। कृषि विकास दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान है। यूपी फूड बास्केट बना है। लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में श्रीराम का मंदिर बनाने का काम हुआ। महाकुंभ के आयोजन ने सनातन धर्म की ख्याति को शिखर पर पहुंचाया। यूपी इलेक्ट्रानिक निर्यात कर रहा है। कोई 2017 के पहले कल्पना नहीं कर सकता था। आज ग्रीन डेस्टिनेशन बन गया है। 15 लाख करोड़ की योजनाएं जमीन पर उतारने का काम किया है। डकैती, लूट के आंकड़ों में भारी कमी आई है। यूपी विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ा है। देशभक्ति की लौ जागृत हो चुकी है।

### यूपी की ताकत बनेगा...

दुनिया में जहां कहीं भी उत्तर प्रदेशवासी हैं, वह इस आयोजन से जुड़ रहे हैं। 2018 में उत्तर प्रदेश ने जब पहली बार अपने स्थापना दिवस कार्यक्रम को आयोजित किया था, उस समय राज्यपाल राम नाईक थे और अमित शाह भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष थे। इनकी प्रेरणा से हम लोगों ने परंपरागत उद्यमों को 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन प्रोडक्ट' (ओडीओपी) के रूप में आगे बढ़ाया। यह योजना आज आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की नई ताकत बनी है और आत्मनिर्भर भारत में अपना योगदान दे रही है। यूपी गौरव सम्मान सीएम योगी ने कहा कि जिन्होंने लीक से हटकर देश के लिए कुछ विशिष्ट किया है। ऐसी पांच विभूतियों को यूपी गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। इन विभूतियों ने विकसित भारत की प्रधानमंत्री की संकल्पना में अपने नवाचार, शोध, परिश्रम से योगदान दिया है। सीएम ने सम्मानित होने वाली विभूतियों को बधाई दी। स्केल को स्किल में बदलेगी उन्होंने कहा कि आज यूपी के युवाओं के लिए 'सरदार वल्लभभाई पटेल एम्प्लॉयमेंट एंड इंडस्ट्रियल जोन' योजना का भी शुभारंभ हुआ। हर जिले में 100 एकड़ क्षेत्रफल में इसका विकास होगा। जो भी युवा नौकरी व कारोबार प्रारंभ करने का इच्छुक है, उसकी योग्यता व क्षमता के अनुरूप उसके स्केल को स्किल डवपलमेंट में बदला जाएगा। यूपी में उसके लिए रोजगार की संभावनाओं को आगे बढ़ाने के लिए इस विशिष्ट योजना का प्रारंभ भी गृह मंत्री के कर कमलों से हो रहा है। इस दौरान केंद्रीय मंत्री व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, मंत्री जयवीर सिंह, राकेश सचान, लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल, सांसद संजय सेठ, ब्रजलाल, विधान परिषद सदस्य महेंद्र सिंह, मुकेश शर्मा, लालजी प्रसाद निर्मल, रामचंद्र प्रधान, विधायक नीरज बोरा, जय देवी, राजेश्वर सिंह, अमरेश कुमार, ओपी श्रीवास्तव तथा योगेश शुक्ल आदि मौजूद रहे।

### यूपी ने सदैव...

कहा कि यूपी की मिट्टी में कुछ खास है। उत्तर प्रदेश ने सदैव अपने सामर्थ्य से देश को नई दिशा दी है। प्रधानमंत्री ने लिखा कि अपने विशाल जन सामर्थ्य के साथ आज यूपी आत्मनिर्भर भारत अभियान को बल दे रहा है। उत्तर प्रदेश में लाखों की संख्या में एमएसएमई, लघु और कुटीर उद्योग भी हैं। बनारसी साड़ियां हों, भदोही के कालीन हों, कन्नौज के इत्र हों या मुरादाबाद के पीतल के बर्तन, यूपी के हर जिले की अपनी शक्ति है। 'एक जिला एक उत्पाद' अभियान ने यूपी के लाखों लघु उद्योगों को सशक्त किया है। इसके साथ ही सेमी कंडक्टर चिप, ब्रह्मोस मिसाइल का उत्पादन, डिफेंस कॉरिडोर के जरिए यूपी विकसित होते भारत का प्रतिबिंब बनकर उभर रहा है। मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में यूपी के नंबर वन होने पर हमें गर्व है। उत्तर प्रदेश आज मजबूत कानून व्यवस्था का भी एक उदाहरण बन चुका है। पिछड़ों को प्राथमिकता के मंत्र को किया आत्मसात पीएम ने अपने संदेश में कहा कि कई कीर्तिमान के साथ ही राज्य ने जनसेवा और लोक कल्याणकारी नीतियों को अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाकर भी उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। गरीबों के लिए रिकॉर्ड संख्या में बने नए घरों से लेकर बेहतर जीवन के लिए उन तक पहुंच रही विभिन्न सुविधाएं अंत्योदय के लिए भारतीय जनता पार्टी के समर्पण को दिखाता है। यूपी पिछड़ों को प्राथमिकता के मंत्र को भी आत्मसात करते हुए आगे बढ़ रहा है। मुझे याद है मैंने गरीब महिलाओं के जीवन में बड़ा परिवर्तन लाने वाली उज्ज्वला योजना को यूपी के बलिया से शुरू किया था। आज उज्ज्वला योजना गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण का पर्याय बन चुकी है।

### उच्च न्यायालय...

सुलभ समाधान मिल पाएगा। सीजेआई ने यह बातें एक न्यायिक कार्यक्रम में कहीं, जहाँ वरिष्ठ न्यायाधीशों तथा विधिवक्ताओं की प्रमुख उपस्थिति रही। उन्होंने कहा कि न्यायालय को केवल वाद-प्रतिवाद तक सीमित न रहकर सामाजिक और विधिक बदलावों के लिये अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। उनके विचार न्यायपालिका में सुधार और न्याय प्रणाली को और प्रभावी बनाने के लिये विचार विखायन का संकेत देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि न्यायपालिका का विश्वास बनाये रखना और समय पर न्याय सुनिश्चित करना लोकतांत्रिक व्यवस्था का अभिन्न हिस्सा है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत का यह संदेश उच्च न्यायालयों के लिये दिशानिर्देश की तरह है, ताकि वे कानून के शासन के प्रति अधिक सतर्क, संवेदनशील और सक्रिय भूमिका निभा सकें।

### युवाओं को शारीरिक और...

है। इसके अलावा, बच्चे कई जीवन कौशल सीखते हैं, जो आपदाओं के समय स्वयं और दूसरों की रक्षा करने में सहायक होते हैं। रक्षा मंत्री ने कहा कि एनसीसी कैडेट में अनुशासन और देशभक्ति की भावना का संचार करती है तथा 'एकाग्रता की कमी' की समस्या को दूर करने में मदद करती है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में, जब लोग सब कुछ तुरंत पाना चाहते हैं, एनसीसी धैर्य, निरंतरता और एकाग्रता सिखाती है, जो जीवन की बड़ी लड़ाइयों, राष्ट्र की महान जिम्मेदारियों और चरित्र निर्माण के लिए आवश्यक हैं। यह एकाग्रता उनके जीवन के हर पहलू में दिखाई देती है, चाहे वे सशस्त्र बलों में जाएँ या डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, प्रशासक, राजनेता आदि बनें। जीवन में केवल योजना-ए ही नहीं, बल्कि योजना-बी और आवश्यकता पड़ने पर योजना-सी बनाने के महत्व पर प्रकाश डालते हुए श्री सिंह ने कहा कि जब केवल योजना-ए होती है और वह काम नहीं करती, तो भय और निराशा पैदा होती है। लेकिन योजना-बी और योजना-सी होने से परिस्थितियां नियंत्रण में आ जाती हैं। उन्होंने कहा, ''आपको हमेशा योजना-बी के लिए तैयार रहना चाहिए और यह याद रखना चाहिए कि यदि आज बारिश होती है, तो कल सूर्य अवश्य निकलेगा। जीवन में सफलता पाने के लिए 'मेरा तरीका या कोई तरीका नहीं' के बजाय 'सैन्य सोच' अपनानी चाहिए। राष्ट्र निर्माण में एनसीसी की भूमिका को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि एनसीसी से प्रशिक्षित अनेक लोगों ने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने कहा, ''परम वीर चक्र विजेता कैप्टन मनोज पांडे और कैप्टन विक्रम बत्रा एनसीसी कैडेट थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मैं स्वयं भी एनसीसी कैडेट रहे हैं। अनेक अन्य लोग भी एनसीसी से निकलकर देश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रहे हैं। 1965 और 1971 के युद्धों के दौरान एनसीसी कैडेट को दूसरी रक्षा पंक्ति के रूप में तैनात किया गया था। यह हर क्षेत्र में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। रक्षा मंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस लोकतंत्र और संवैधानिक मूल्यों के प्रति देश के संकल्प को मजबूत करने की याद दिलाता है। उन्होंने कहा, ''संविधान केवल एक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह हमारे सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक तथा अन्य अधिकारों और कर्तव्यों को सुदृढ़ करने का माध्यम है। हमें वैसा नागरिक बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए जैसा हमारा संविधान चाहता है। हमें अपने संविधान को समझना चाहिए और उसमें निहित अधिकारों और कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। इस पूरे अभियान में एनसीसी कैडेट ध्वजवाहक की भूमिका निभा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान एक 'अलंकरण समारोह' का आयोजन किया गया, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए कैडेट को रक्षा मंत्री पदक और प्रशंसा पत्र प्रदान किए गए। इस वर्ष रक्षा मंत्री पदक जम्मू-कश्मीर एवं लद्दाख निदेशालय की कैडेट अर्पण दीप कौर तथा पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम निदेशालय के कैडेट पालदेन लेपचा को प्रदान किया गया। प्रशंसा पत्र कर्नाटक एवं गोवा निदेशालय की पेटी ऑफिसर लीशा देजप्पा सुवर्णा, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ निदेशालय के जूनियर अंडर ऑफिसर पवन भगेल, उत्तर पूर्व क्षेत्र निदेशालय की कॉर्पोरल राधा दोर्जी तथा उत्तराखंड निदेशालय के कैडेट प्रिंस सिंह राणा को प्रदान किए गए। रक्षा मंत्री ने एनसीसी के तीनों अंगों से आए कैडेट द्वारा प्रस्तुत प्रभावशाली 'गार्ड ऑफ ऑनर' का भी निरीक्षण किया।

### कनाडा को खा...

दो।'' उन्होंने यह भी कहा था कि कनाडा को अमेरिका से ''बहुत सारी मुफ्त चीज़ें'' मिलती हैं और उन्हें अमेरिकी सुरक्षा सुरक्षा के लिये ''शुक्रगुजार होना चाहिए। इसके जवाब में कनाडा की सरकार ने ''बंटी हुई और अनिश्चित दुनिया'' के बीच साझेदारी में विविधता लाने और आर्थिक मज़बूती स्थापित करने की ज़रूरत का हवाला देते हुए अपने व्यापार फैसलों का बचाव किया था।

### युवाशक्ति के लिए...

शक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक्स, फार्मास्यूटिकल , वैक्सीन, रक्षा और ऑटोमोबाइल जैसे क्षेत्रों में उत्पादन और निर्यात में अभूतपूर्व वृद्धि हो रही है। श्री मोदी ने कहा कि इसी कार्यक्रम में 8,000 से अधिक बेटियों को नियुक्ति पत्र मिले हैं और पिछले 11 वर्षों में कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी लगभग दोगुनी हो गई है। उन्होंने कहा कि मुद्रा और स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं से महिलाओं को काफी लाभ हुआ है और महिला स्वरोजगार में लगभग 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बड़ी संख्या में महिलाएं स्टार्टअप के साथ-साथ लघु एवं मध्यम उद्यमों में निदेशक और संस्थापक हैं, जबकि कई महिलाएं गांवों में सहकारी क्षेत्रों और स्वयं सहायता समूहों का नेतृत्व कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज देश ने जीवन और व्यापार दोनों को आसान बनाने के उद्देश्य से सुधार की रफ्तार पकड़ ली है।'' उन्होंने कहा कि जीएसटी में किए गए अगली पीढ़ी के सुधारों से युवा उद्यमियों और लघु एवं मध्यम उद्यमों को लाभ हुआ है, वहीं ऐतिहासिक श्रम सुधारों ने श्रमिकों और कर्मचारियों के लिए सामाजिक सुरक्षा को मजबूत किया है। श्री मोदी ने नव नियुक्त युवाओं से सरकारी कार्यालयों और प्रक्रियाओं के साथ अपने पिछले अनुभवों पर विचार करने, उन्हें जिन कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, उन्हें याद करने और यह संकल्प लेने का आग्रह किया कि वे अपने कार्यकाल के दौरान नागरिकों को ऐसी कठिनाइयों का सामना न करने दें। उन्होंने कहा कि सरकार के हिस्से के रूप में, उन्हें जन कल्याण को अधिकतम करने के लिए अपने स्तर पर छोटे-छोटे सुधार करने होंगे। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों के अलावा, सरकारी कर्मचारियों की ईमानदारी से जीवन और व्यापार में सुगमता बढ़ती है। उन्होंने कहा कि तेजी से बदलती प्रौद्योगिकी के इस युग में, राष्ट्र की आवश्यकताएं और प्राथमिकताएं भी तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में उन्हें निरंतर स्वयं को अद्यतन करना होगा। इस कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह भी उपस्थित थे।

# भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती पर राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती के अवसर पर बिहार विधान मंडल परिसर में शुक्रवार को राजकीय समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जननायक कर्पूरी ठाकुर की आदमकद प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस श्रद्धांजलि समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधायक श्याम रजक, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, पूर्व विधायक अरुण कुमार सिन्हा सहित अनेक जनप्रतिनिधियों और गणमान्य व्यक्तियों ने भी कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा आरती पूजन किया गया तथा बिहार गीत और जननायक कर्पूरी ठाकुर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर आधारित गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिससे समारोह का माहौल भावपूर्ण बन गया। बिहार विधान मंढल के बाद देशरत्न मार्ग स्थित जननायक कर्पूरी ठाकुर स्मृति संग्रहालय में कला, संस्कृति एवं युवा विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में भी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यहां मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सहित बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार, विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, ऊर्जा मंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, कृषि मंत्री रामकृपाल यादव, पर्यटन मंत्री अरुण शंकर प्रसाद, विधायक श्याम रजक और अन्य जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों ने कर्पूरी ठाकुर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। इसके बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के पार्टी कार्यालय में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, विधायक श्याम रजक, विधायक अरुण मांझी, पूर्व सांसद चंद्रेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पंजाब: फतेहगढ़ साहिब के पास रेलवे ट्रैक पर धमाका

## रेल की पटड़ी उड़ी, लोको पायलट घायल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में बीती रात हुए जोरदार धमाके में रेलवे ट्रैक उड़ गया। धमाके में एक मालगाड़ी का इंजन क्षतिग्रस्त हुआ है जबकि लोको पायलट घायल हुआ है। रेलवे तथा पंजाब पुलिस के अधिकारियों ने इस बारे में अधिकारिक रूप से कोई जानकारी नहीं दी है। इसके बावजूद रेलवे ट्रैक पर धमाके वाली जगह तथा आसपास के क्षेत्रों में शनिवार सुबह से सर्च की जा रही है। यह हादसा डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर हुआ है। यह योजना माल ढुलाई के लिए विशेष पटरियां बनाकर भारतीय रेलवे पर भीड़भाड़ कम करने और तेज गति से माल परिवहन के लिए तैयार की जा रही है। यह घटना शुक्रवार रात करीब 11.30 बजे उस समय हुई, जब एक मालगाड़ी नई बिछाई गई रेल लाइन से गुजर रही थी। यह नई रेलवे लाइन विशेष रूप से मालगाडि़यों के संचालन के लिए बनाई गई है, जिसे डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर कहा जाता है। मालगाड़ी का इंजन जैसे ही खानपुर फाटकों के पास पहुंचा, अचानक जोरदार धमाका हो गया। धमाके की तीव्रता इतनी अधिक थी कि रेलवे लाइन का लगभग 12 फीट हिस्सा पूरी तरह से उड़ गया। रेलवे ट्रैक और उसमें लगे स्लीपर के टुकड़े हो गए। धमाके में मालगाड़ी के इंजन चालक को चोटें आई हैं। उन्हें प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे के आला अधिकारी जीआरपी तथा पंजाब पुलिस के अधिकारी मौके पर पहुंचे। रातभर यहां जांच की गई। शनिवार सुबह भी आसपास के इलाकों में कई घंटे तक सर्च की गई। मौके पर मौजूद अधिकारियों ने केवल धमाका होने की पुष्टि की है। इसके अलावा कोई अतिरिक्त जानकारी नहीं दी जा रही है। घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस तथा एफएसएल व डॉग स्कवायड की टीमों ने जांच की है। इस बीच पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने सोशल मीडिया एक्स पर इस धमाके की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए लिखा कि यह पंजाब को अस्थिर करने और डर फैलाने की जानबूझकर की गई कोशिशें हैं। असली सवाल यह है कि अराजकता से किसे फायदा होता है और राज्य इसे रोकने में नाकाम क्यों हो रहा है।

# संक्षिप्त समाचार

## मुठभेड़ के बाद शातिर मोबाइल झपटमार गिरफ्तार पिस्टल समेत छह फोन बरामद

**नई दिल्ली।** दक्षिण-पूर्वी दिल्ली में लगातार मोबाइल झपटमारी की वारदातों को अंजाम देने वाले एक शातिर बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया है। संयुक्त कार्रवाई में जिले की एएटीएस और थाना पुल प्रह्लादपुर की टीम ने आरोपित के पास से छह मोबाइल फोन, वारदात में इस्तेमाल पल्सर बाइक और .32 बोर की पिस्टल के साथ एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। मुठभेड़ के दौरान चार खोखे भी मौके से मिले हैं। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवार ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 23 जनवरी की रात करीब 11 बजे सूचना मिली थी कि एक कुख्यात झपटमार एमबी रोड स्थित छठ घाट पार्क के पास आने वाला है। सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर महिंदर प्रताप और एएटीएस की संयुक्त टीम ने इलाके में घेराबंदी की। पुलिस को देखते ही संदिग्ध बाइक सवार भागने लगा, इसी दौरान उसकी बाइक फिसल गई। खुद को घिरा देख आरोपित ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने आत्मरक्षा में तीन राउंड फायर किए, जिसके बाद आरोपित को दबोच लिया गया। किसी पुलिसकर्मी के घायल होने की सूचना नहीं है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान पुल प्रह्लादपुर निवासी सतीश भाटी (22) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके कब्जे से एक पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और छह लूटे गए मोबाइल फोन बरामद किए हैं। आरोपित के बयान व उसकी निशानदेही पर उसके साथी अभिषेक (20) को दबोचा। दोनों के खिलाफ थाना पुल प्रह्लादपुर में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। जांच में सामने आया है कि सतिश भाटी पहले भी आर्म्स एक्ट के मामलों में शामिल रहा है और हाल के दिनों में दक्षिण-पूर्वी जिले के कई इलाकों में मोबाइल झपटमारी की घटनाओं में उसकी भूमिका रही है। बरामद मोबाइल फोन में से तीन को विभिन्न थानों में दर्ज मामलों से जोड़ा जा चुका है, जिनमें पुल प्रह्लादपुर, कालकाजी, अमर कॉलोनी और ओखला थाना क्षेत्र शामिल हैं। शेष मोबाइल फोन की जांच जारी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार दोनों आरोपित डराने-धमकाने की प्रवृत्ति के हैं और मिलकर वारदातों को अंजाम देते थे। आगे की जांच में इनके अन्य मामलों में शामिल होने की भी आशंका जताई जा रही है।

## पंजाब सखी शक्ति मेला में स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं द्वारा तैयार किये गये सामान के लगाए जायेंगे स्टॉल: डॉ अग्रवाल

**जालंधर।** स्वयं सहायता समूहों की सदस्यों को उनके द्वारा तैयार किये गये उत्पादों की बिक्री के लिए आवश्यक प्लेटफॉर्म मुहैया करवाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा 27 जनवरी से पंजाब सखी शक्ति मेला-2026 करवाया जा रहा है, जो कि 29 जनवरी 2026 तक जारी रहेगा। अतिरिक्त जिला उपायुक्त (ग्रामीण विकास) नवदीप कौर ने शनिवार को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा यह तीन दिनों का मेला आजीविका मिशन तहत जिला उद्योग केंद्र के सहयोग से करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यह मेला स्थानीय रेड क्रॉस भवन, लाजपत नगर में लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस मेले में स्वयं सहायता समूहों की सदस्य महिलाओं द्वारा तैयार किये गये सामान, जिनमें कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, आचार, मुरब्बे, चटनी, जूट का सामान, ऑर्गेनिक हल्दी, शहद, सरसों और नारियल का तेल आदि शामिल हैं, के स्टॉल लगाये जायेंगे।

## मनरेगा खत्म करने की साज़िश कभी सफल नहीं होने देंगे: बलबीर सिद्धू

**मोहाली।** पंजाब के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री बलबीर सिद्धू ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून (मनरेगा) योजना की धनराशि रोकी, ताकि इस जनकल्याणकारी योजना को धीरे-धीरे खत्म किया जा सके। इसका सीधा नुकसान ग्रामीण गरीब मजदूरों, दलितों, महिलाओं और आश्रित परिवारों को उठाना पड़ रहा है। पूर्व मंत्री ने 'मनरेगा बचाओ संग्राम' के तहत गांव कुरड़ा, मोटे माजरा, तंगोरी, कुरड़ी, शेखन माजरा, नागरी और गीगे माजरा में पंचायत सदस्यों और ग्रामीणों के साथ बैठकें कर एक व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया। उन्होंने कहा कि मनरेगा गरीबों और मजदूर वर्ग की जीवनरेखा है, लेकिन केंद्र की भाजपा सरकार कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए गरीबों के अधिकारों पर डाका डाल रही है। इसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी।

## पुरुषोत्तम अग्रवाल की नई पुस्तक 'मजबूती का नाम महात्मा गांधी' का लोकार्पण



**नई दिल्ली।** प्रख्यात विचारक और लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल की नई पुस्तक 'मजबूती का नाम महात्मा गांधी : अहिंसा, सत्य और धर्म' का लोकार्पण शनिवार को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी) में किया गया। राजकमल प्रकाशन से प्रकाशित यह पुस्तक गांधी को 'मजबूरी' नहीं, बल्कि नैतिक और वैचारिक 'मजबूती' के रूप में देखने का आग्रह करती है। कार्यक्रम की शुरुआत में राजकमल प्रकाशन समूह के अध्यक्ष अशोक महेश्वरी ने कहा कि राजकमल प्रकाशन निरंतर गांधी और उनके विचारों को नए संदर्भों में समझने वाली पुस्तकों का प्रकाशन करता रहा है और यह कृति उसी परंपरा की एक सशक्त कड़ी है। इसके पश्चात सुप्रसिद्ध हिन्दुस्तानी शास्त्रीय गायिका शिवांगिनी द्वारा भजन-गायन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के पौत्र और वरिष्ठ राजनीतिक विश्लेषक राजमोहन गांधी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कहा कि हमले, गालियां और गोलियां नेहरू को चोट नहीं पहुंचा सकतीं, लेकिन वे देश और उसकी एकता को अवश्य क्षति पहुंचा सकती हैं। इसके बाद कवि-चिंतक अशोक वाजपेयी ने लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल से संवाद किया। उन्होंने कहा कि यह पुस्तक हमारे समय की चुनौतियों को संबोधित करती है। संवाद के दौरान गांधी-विचार, अहिंसा की वैचारिक दृढ़ता तथा धर्म और करुणा के आपसी संबंधों पर विस्तार से चर्चा हुई। लेखक पुरुषोत्तम अग्रवाल ने कहा कि गांधी अपरिभाष्य नहीं, बल्कि तपस्वी हैं। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि समाज तपस्या का सम्मान करता है, लेकिन तपस्वी का मूल्यांकन उसके नैतिक आचरण और नैतिक कसौटी पर ही किया जाना चाहिए। पुस्तक समकालीन समय में एक महत्वपूर्ण बौद्धिक हस्तक्षेप के रूप में सामने आती है, जब देश और धर्म को हिंसा के माध्यम से परिभाषित किया जा रहा है। यह कृति गांधी की अहिंसा, सत्य और नैतिकता की प्रासंगिकता को नए सिरे से रेखांकित करती है।

# पटना में आयोजित रोजगार मेले में 447 अभ्यर्थियों को प्राप्त हुए नियुक्ति पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। पटना के शास्त्री नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में शुक्रवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें भारत सरकार के 11 विभिन्न विभागों में चयनित 447 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। यह रोजगार मेला देशभर में पटना सहित 45 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया, जिसका शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया। इस अवसर पर देश के युवाओं को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि वर्ष 2026 भारत के लिए एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि बसंत पंचमी के बाद का यह समय चयनित अभ्यर्थियों के जीवन में भी नए वसंत के आगमन का संकेत देता है। प्रधानमंत्री ने नियुक्ति पत्रों को केवल औपचारिक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की यात्रा का संकल्प पत्र बताया। उन्होंने कहा कि ये नियुक्ति पत्र युवाओं के आत्मविश्वास और देश के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं को कौशल से जोड़ना तथा उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी उद्देश्य से सरकारी भर्तियों को मिशन मोड में संचालित करने के लिए रोजगार मेले की शुरुआत की गई है, जिससे पारदर्शी, समयबद्ध और व्यापक भर्ती प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके। प्रधानमंत्री ने यह भी बताया कि केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे वैश्विक व्यापार समझौते भारत की युवा शक्ति को देश और दुनिया में नए अवसरों से जोड़ रहे हैं। साथ ही आधुनिक आधारभूत संरचना में किए जा रहे बड़े पैमाने के निवेश से निर्माण सहित अनेक क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित हो रहे हैं। अपने संबोधन के अंत में प्रधानमंत्री ने नागरिक देवो भवः मंत्र का उल्लेख करते हुए चयनित अभ्यर्थियों से ईमानदारी, निष्ठा और सेवा भावना के साथ कार्य करने का आह्वान किया तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। पटना में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय पंचायती राज तथा मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने चयनित अभ्यर्थियों को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र वितरण के पश्चात उन्होंने चयनित कार्मिकों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय एवं जिम्मेदार भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस रोजगार मेले में भारत सरकार के केंद्रीय सुरक्षा बलों सहित विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति पत्र ग्रहण किए। रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता के अनुरूप यह रोजगार मेला एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आया है। अबतक देशभर में आयोजित रोजगार मेलों के माध्यम से 11 लाख से अधिक नियुक्ति पत्र जारी किए जा चुके हैं।

# गणतंत्र दिवस पर कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल लहराएंगे राष्ट्रीय झंडा

जालंधर। पंजाब में जालंधर के जिला उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने शनिवार को बताया कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को जिला स्तरीय समागम के दौरान कैबिनेट मंत्री बरिंदर कुमार गोयल राष्ट्रीय झंडा लहराएंगे।

स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल की गयी, जिसमें जिला उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने राष्ट्रीय झंडा लहराया । उन्होंने परेड कमांडर अशोक मीणा के नेतृत्व वाले मार्च पास्ट से सलामी ली। परेड में आई.टी.बी.पी., पंजाब पुलिस (पुरुष और महिला), पंजाब होमगार्ड, एन.सी.सी. (लड़के और लड़कियां), लायलपुर खालसा स्कूल (लड़के), सरकारी कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल नेहरू गार्डन, डी.एस.एस.डी. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, लायलपुर खालसा स्कूल (लड़कियां) की टुकड़ियां और सी.आर.पी.एफ. का बैंड शामिल था।

# अंतरराज्यीय वाहन चोरी गिरोह का भंडाफोड़, 11 लग्जरी कारें बरामद

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण-पूर्वी जिला की एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड ने देशभर में सक्रिय वाहन चोरी गिरोह का पर्दाफाश करते हुए दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे और निशानदेही पर अलग-अलग राज्यों से 11 चोरी की लग्जरी गाड़ियां बरामद की हैं, जिनमें फॉर्च्यूनर, क्रेटा, ब्रेजा और अन्य महंगी कारें शामिल हैं। पुलिस के अनुसार यह गिरोह चोरी और लोन डिफॉल्ट वाहनों के चेसिस नंबर से छेड़छाड़ कर, टोटल लॉस वाहनों के चेसिस नंबर का दुरुपयोग करते हुए फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उनका पंजीकरण कराता था। इसके बाद इन गाड़ियों को सस्ते दामों पर भोले-भाले खरीदारों को बेच दिया जाता था। दक्षिण-पूर्वी जिले के पुलिस उपायुक्त डॉ. हेमंत तिवारी ने शनिवार को बताया कि मामले की शुरुआत 28 दिसंबर 2025 को थाना जामिया नगर में दर्ज एक ई-एफआईआर से हुई। जिसमें एक मारुति एस-प्रेसो कार चोरी होने की शिकायत मिली थी। जांच के दौरान पुलिस को संगठित गिरोह के सक्रिय होने की जानकारी मिली। जिसके बाद मामले की जांच एंटी ऑटो थेफ्ट स्क्वॉड को सौंपी गई। तकनीकी और गोपनीय सूचना के आधार पर मुंबई के बांद्रा निवासी कुनाल सुभाष जायसवाल (23) को गिरफ्तार किया गया, जो गिरोह का मास्टरमाइंड बताया जा रहा है। उसके पास से दिल्ली से चोरी की गई एक हुंडई क्रेटा बरामद की गई। पूछताछ में मिले सुरागों पर पुलिस टीम ने मुंबई के धारावी इलाके से मोहम्मद अमान (25) को दबोचा, जो सेकेंड हैंड कारों का कारोबार करता था।

# मुख्यमंत्री डीपीएस के वार्षिक खेल दिवस में हुईं शामिल




कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता शनिवार को मथुरा रोड स्थित डीपीएस के वार्षिक खेल दिवस में के साथ सम्मिलित हुईं। मुख्यमंत्री सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि खेल और शिक्षा साथ-साथ चलें तो ही व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास होता है। क्लासरूम ज्ञान, समझ, अनुशासन और सोचने की क्षमता देता है, जबकि खेल का मैदान आत्मविश्वास, नेतृत्व और संघर्ष की ताकत देता है। मुख्यमंत्री ने युवा चैंपियंस को उनका उज्ज्वल भविष्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि खेलिए, सीखिए और खूब आगे बढ़िए।

# ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म का अद्वितीय मेल है सनातन संस्कृति: धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भारतीय सनातन संस्कृति में ज्ञान, विज्ञान और अध्यात्म का अद्वितीय संगम देखने को मिलता है। सनातन संस्कृति केवल आस्था और विश्वास पर आधारित नहीं है बल्कि ये गहरे वैज्ञानिक दृष्टिकोण, चिंतन और शोध का परिणाम है। मुख्यमंत्री धामी ने शनिवार को देहरादून स्थित ग्राफिक एरा यूनिवर्सिटी में एक समाचार पत्र के 8वें ज्योतिष महाकुम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस दौरान पंडित पुरुषोत्तम गौड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ अन्य ज्योतिष आचार्यों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में धामी ने कहा कि यह प्राचीन और दिव्य ज्ञान में छिपे वैज्ञानिक रहस्यों को आम लोगों तक पहुंचाने का अद्भुत प्रयास है। इस पहल से निकलने वाला निष्कर्ष मानव जीवन और सामाजिक समस्याओं के निराकरण के साथ राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के लिए सार्थक मार्गदर्शन प्रदान होगा। उन्होंने कहा कि ज्योतिष भारत का अत्यंत समृद्ध, गूढ़ और वैज्ञानिक शास्त्र है। ऋषि-मुनि केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं थे, वे उच्च कोटि के वैज्ञानिक भी थे। आर्यभट्ट ने खगोल विज्ञान और गणित में क्रांतिकारी सिद्धांत स्थापित किए, महर्षि पराशर ने ज्योतिष शास्त्र को व्यवस्थित और वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया, वराहमिहिर ने खगोल, भृगु मुनि ने भविष्य कथन और कालगणना की परंपरा को समृद्ध किया। आधुनिक विज्ञान जिन खगोलीय घटनाओं को समझने के लिए विशाल यंत्रों का सहारा लेता है, उन्हीं घटनाओं के मूल सिद्धांत हमारे ऋषि-मुनियों ने सहस्रों वर्ष पूर्व ग्रह-नक्षत्रों की गति, समय-चक्र, मानव जीवन और प्रकृति के गहन अध्ययन कर प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि ज्योतिष शास्त्र भौतिक जीवन, आध्यात्मिक चेतना और दैविक व्यवस्था, इन तीनों के बीच संतुलन स्थापित करता है। ज्योतिष शास्त्र हमें ये सिखाता है कि मानव जीवन और ब्रह्मांड एक-दूसरे से गहराई से जुड़े हुए हैं। सूर्य, चंद्रमा और ग्रह केवल आकाशीय पिंड मात्र नहीं हैं बल्कि वे समय-चक्र, प्रकृति के संतुलन और मानव जीवन की प्रवृत्तियों को दिशा देने वाले महत्वपूर्ण कारक भी हैं। दुनिया भर में ज्योतिष और वास्तु शास्त्र का व्यापक अध्ययन किया जा रहा है।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063